www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

//-- सुविचार --//

असल में वही जीवन की चाल समझता है जो सफर में धूल को गुलाल समझता है।

आज बेबाक

कहते है न कि नादान की दोस्ती जी का जंजाल बन जाती है। यह भी कहा जाता है कि मूर्ख मित्र से बेहतर समझदार दुश्मन होता है। यह बात उद्धव ठाकरे समझने को तैयार नहीं है। अभी भी वे अपने बड़बोले प्रवक्ता संजय राउत की जुबान पर लगाम नहीं लगा रहे है। जो लगातार बेतूकि बयानबाजी कर उद्धव ठाकरे की मुश्किलें बढ़ा रहे है। संजय राउत के विवादास्पद बयानों की वजह से ही शिवसेना दो फाड़ हुई। उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री पद से हाथ धोना पड़ा अब पार्टी की बागडोर भी हाथों से निकलने का खतरा पैदा हो गया है।

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | देश-विदेश

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, बुधवार 13 जुलाई 2022, शुक्ल पक्ष चतुर्दशी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-08 अंक-91 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

सीएम भूपेश हिमाचल के सीनियर तो टीएस गुजरात के बनाए गए ऑब्जर्वर

■ **राजस्थान के सीएम अशोक गुजरात में सीनियर ऑब्जर्वर बनाए गए, सचिन हिमाचल में ऑब्जर्वर नियुक्त**

रायपुर/नवप्रदेश। आगामी गुजरात और हिमाचल प्रदेश चुनाव को लेकर कांग्रेस ने अभी से तैयारी करनी शुरू कर दी है। कांग्रेस ने दोनों राज्यों के लिए पर्यवेक्षक के नामों की घोषणा की है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मंगलवार को बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पार्टी ने हिमाचल प्रदेश का सीनियर आब्जर्वर नियुक्त किया है। सचिन पायलट और प्रताप सिंह को हिमाचल प्रदेश का आब्जर्वर बनाया गया है। वहीं राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को गुजरात के लिए कांग्रेस का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस को मिली थी 19 सीटें

हिमाचल प्रदेश में 68 सीटों पर चुनाव होना है। पिछले चुनाव में यहां से भाजपा ने 44 सीट जीतकर सत्ता पर कब्जा किया था। कांग्रेस को केवल 19 सीटें मिलीं। वहीं एक सीट कम्यूनिट पार्टी ऑफइंडिया के पास है। यहां 1985 के बाद से हर बार सत्ता कांग्रेस-भाजपा के बीच बंटती रही है। इस बार आम ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शपथ लेने के अगले ही दिन बंद होगा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग : सिन्हा

नई दिल्ली (ए.)। प्रचार अभियान में जुटे राष्ट्रपति उम्मीदवार यशवंत सिन्हा का केंद्र सरकार पर हमला जारी है। राजस्थान पहुंचे सिन्हा ने सोमवार को कहा कि देश में सांप्रदायिक तनाव है और राज्यों में चुनी हुई सरकारों को गिराने की कोशिशें की जा रही हैं। साथ ही उन्होंने केंद्रीय एजेंसियों की

भूमिका पर भी सवाल उठाए। विपक्ष की तरफ से मैदान में उतरे सिन्हा के सामने NDA की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू हैं।

उन्होंने कहा कि अगर वह राष्ट्रपति बनते हैं, तो शपथ लेने के अगले ही दिन केंद्रीय एजेंसियों का गलत इस्तेमाल बंद हो जाएगा। जयपुर में पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 18 जुलाई को होने वाला राष्ट्रपति चुनाव केंद्रीय एजेंसियों के खिलाफ है, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सूर्योदय

उदय : 5:32 प्रात:

अस्त : 7:21 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,960,083,980

भारत: 1,408,034,800

बाजार

संसेक्स : 53886.61

निफ्टी: 16058.30

गोल्ड : 51,054 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 56,500 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 5.06 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	33.4	25.5
बिलासपुर	33.8	25.8
जगदलपुर	24.1	22.0
अंबिकापुर	31.2	24.4

आज का दिवस

राष्ट्रीय फ्रेंच फ्राई दिवस

यह पूरे देश में मेनू में मुख्य भोजन को पहचानने के लिए 13 जुलाई को मनाया जाता है। अद्भुत भोजन पकवान का जश्न मनाने के लिए दिन उत्पन्न होता है। फ्रेंच फ्राइ कई तरह के कट और स्टाइल में आते हैं। फ्रेंच फ्राईज जिसे चिप्स, फ्राइज़, फिंगर चिप्स या फ्रेंच-फ्राइड आलू के रूप में भी जाना जाता है, गहरे तले हुए आलू के बैटन हैं। कोई फर्क नहीं पड़ता कि हम उन्हें क्या कहते हैं, वे फास्ट-फूड रेस्तरां में सामान्य जुड़नार हैं और सभी उम्र के लोगों द्वारा पसंद किए जाते हैं। मसालों के अलावा, रसोइये और घर के रसोइये अपने फ्राइज में स्वाद और मसाला जोडने के लिए सीज़निंग छिड़कते हैं। चाहे आप थोड़ा लहसुन और प्याज पाउडर डालें या इसे काजुन शैली में मसाला दें, एक आलू एकदम सही कुरकुरा स्वाद के संयोजन को संतुष्ट करेगा। हम उन्हें मिर्च या नाचो पनीर और जलापेनोस के साथ भी ऊपर रखते हैं। फ्राइज़ के प्रकार के आधार पर, हम उन्हें और भी अधिक सामग्री के साथ टॉप कर सकते हैं और उन्हें सभी प्रकार की चीजें कह सकते हैं।

पीएम मोदी ने किया विपक्ष पर तंज

शॉर्टकट की राजनीति से शॉर्ट सर्किट हो जाता है

देवघर/वार्ता। पीएम मोदी आज झारखंड और बिहार के दौरे पर हैं. फिलहाल मोदी झारखंड के देवघर पहुंच चुके हैं. यहां उन्होंने देवघर एयरपोर्ट का उद्घाटन किया. इसके अलावा उन्होंने 16 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ किया. इसके बाद वह बाबा बैद्यनाथ मंदिर में दर्शन और पूजा की. फिर शाम को मोदी बिहार पहुंचेंगे. यहां पीएम बिहार विधानसभा के शताब्दी समारोह के समापन कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे.

शॉर्टकट वाले विकास नहीं करवाएंगे

पीएम मोदी ने बिना नाम लिए विपक्ष पर हमला किया. उन्होंने कहा कि मैं देशवासियों को शॉर्ट-कट की राजनीति से बचकर रहने का आग्रह कर रहा हूं. शॉर्टकट की राजनीति करने वाले कभी नए एयरपोर्ट नहीं बनवाएंगे, कभी नए, आधुनिक हाईवेज नहीं बनवाएंगे. शॉर्टकट की राजनीति करने वाले कभी एम्स नहीं बनवाएंगे, हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज के लिए मेहनत नहीं करेंगे.

देश को तबाह कर देती है शॉर्टकट की राजनीति: मोदी ने कहा कि शॉर्टकट वालों को ना मेहनत करनी पड़ती है और ना ही उन्हें दूरगामी परिणामों के बारे में सोचना पड़ता है. लेकिन ये बहुत बड़ी सच्चाई है कि जिस देश की राजनीति शॉर्टकट पर आधारित हो जाती है, उसका एक ना एक दिन शॉट सर्किट भी हो ही जाता है. शॉर्टकट की राजनीति देश को तबाह कर देती है. भारत में हमें ऐसी शॉर्टकट अपनाने वाली राजनीति से दूर रहना है.

शॉर्टकट की राजनीति करने वालों से बचें: पीएम ने कहा कि आज ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरीब आदिवासी हमारी प्राथमिकता में हैं: मोदी

पीएम ने कहा कि बीते 8 वर्षों में हमने उनको सशक्त किया है, जिनको पहले सिर्फ़राजनीतिक नारों में समेट दिया गया था. वो गरीब, वो आदिवासी, वो दलित, वो पिछड़ा, वो बहनें-बेटियां जिनका नंबर हमेशा सबसे अंत में आता था, वो आज हमारी प्राथमिकताओं में पहली पायदान पर हैं. मुझे विश्वास है कि जो परियोजनाएं आज हमने शुरू की हैं, वो झारखंड के विकास को नई गति देने जा रही हैं. हमारे लिए सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास ये सिर्फ नारा नहीं है.

विरासत को संरक्षित करने की जरूरत

मोदी ने कहा कि आज ये समय की मांग है कि भारत अपनी विरासत को ज्यादा से ज्यादा और तेजी के साथ संरक्षित करे, वहां आधुनिक सुविधाएं बढ़ाए. हम ये पूरे देश में देख रहे हैं कि बीते वर्षों में जिन भी तीर्थ स्थलों को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ा गया, वहां यात्रियों, पर्यटकों की संख्या अनेक गुना बढ़ गई है. इसका सीधा लाभ वहां रहने वाले, आस-पास के लोग, आस-पास के जिलों के लोगों को हो रहा है. आज पर्यटन दुनिया के अनेक देशों में एक आकर्षक उद्योग के रूप में रोजगार का बहुत बड़ा माध्यम बना हुआ है.

यूरोप के लिए रवाना हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी

पार्टी की अहम बैठक में नहीं होंगे शामिल

नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी एक बार फि र विदेश यात्रा पर रवाना हो गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राहुल गांधी एक व्यक्तिगत यात्रा पर यूरोप गए हैं। हालांकि उनके राष्ट्रपति चुनाव और संसद के मानसून सत्र से पहले 17 जुलाई (रविवार) को लौटने की उम्मीद है। इसके अगले ही दिन यानी 18 जुलाई को संसद का मानसून सत्र शुरू होगा और ये 6 अगस्त को खत्म होगा। संसद के इसी सत्र में राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति का चुनाव होगा। राष्ट्रपति चुनाव 18 जुलाई और उपराष्ट्रपति चुनाव 6 अगस्त को होगा।

राहुल गांधी का यह विदेश दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब कांग्रेस की गोवा इकाई पर संकट मंडरा रहा है। राहुल की विदेश यात्रा पर पार्टी की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। इस बीच कांग्रेस पार्टी खुद के अध्यक्ष के चुनाव को लेकर भी गुरुवार को एक बैठक करने वाली है। राहुल गांधी इस बैठक में शामिल नहीं हो पाएंगे। 2019 के लोकसभा चुनाव में हार के बाद राहुल गांधी ने कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। कांग्रेस अध्यक्ष का पद वर्तमान में सोनिया गांधी के पास है।

यूएन सुरक्षा परिषद में भारत का दावा हो सकता है मजबूत

■ **सबसे ज्यादा आबादी होने का फायदा**

नई दिल्ली। भारत अगर 2023 में चीन को पछाड़कर दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बन जाता है तो इससे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता की उसकी दावेदारी को बल मिल सकता है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या विभाग के सीनियर अधिकारी ने यह बात कही है। 'विश्व जनसंख्या संभावना 2022' रिपोर्ट में कहा गया कि भारत के सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश के रूप में अगले साल चीन को पीछे छोड़ देने की उम्मीद है। यह रिपोर्ट सोमवार को जारी की गई। इसके मुताबिक 2022 में भारत की जनसंख्या 1.412 अरब है जबकि चीन की आबादी 1.426 अरब है। भारत 2023 तक दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश के रूप में चीन को पछाड़ देगा और उसकी आबादी अनुमान के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राघव को सलाहकार बनाने पर रार, हाईकोर्ट में दी गई चुनौती

चंडीगढ़ (ए.)। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को राज्य की अंतरम सलाहकार समिति का अध्यक्ष नियुक्ति किया गया है। हालांकि भगवंत मान सरकार के इस फैसले पर रार छिड़ गई है। मंगलवार को इस फैसले के खिलाफहाई कोर्ट में एक पीआईएल फाइल की गई। इस नियुक्ति को चुनौती देने की 20 वजहें बताते हुए वकील जगमोहन सिंह भट्टी ने कोर्ट में फाइल याचिका में कहा कि यह राज्य और केंद्र दोनों के कानूनों का उल्लंघन है।

भट्टी ने कहा कि चड्ढा को पंजाब से राज्य सभा भेजना भी असंवैधानिक था क्योंकि वह राज्य की विधानसभा के सदस्य नहीं थे। उन्होंने कहा कि इस तरह ऐड हॉक बेसिस पर बहुत सारे लोग सलाह देने वाले हो सकते हैं। पंजाब सरकार के मामलों में दखल बढ़ सकती है। सरकार के अंदर एक और समानांतर सरकार नहीं चल सकती।

उन्होंने कहा, इसका मतलब यह हुआ कि मुख्यमंत्री केवल देखने के लिए हैं और वह अस्थायी हैं। उन्हें जनहित के लिए भी किसी और की सलाह की जरूरत है जो कि विधानसभा का सदस्य भी नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार में जो मंत्री हैं सबको शपथ लेनी पड़ती है लेकिन चड्ढा ने कोई शपथ भी नहीं ली है।

बता दें कि विपक्षी दल भी आम आदमी पार्टी सरकार के इस फैसले को लेकर उसे घेर रहे हैं और नियुक्ति का विरोध कर रहे हैं।

अग्निपथ योजना के खिलाफ याचिकाओं पर 20 जुलाई को सुनवाई करेगा दिल्ली हाईकोर्ट

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह सेना में भर्ती की अग्निपथ योजना को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर 20 जुलाई को सुनवाई करेगा। बीते 14 जून को घोषित अग्निपथ योजना में साढ़े 17 से 21 वर्ष तक की आयु के युवाओं के लिए रक्षा बलों में केवल चार साल के लिए भर्ती होने का प्रावधान है, जिनमें से 25 प्रतिशत को अतिरिक्त 15 साल के लिए बनाए रखने का प्रावधान है। इस योजना के खिलाफ कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन हुए थे। बाद में, सरकार ने 2022 में भर्ती के लिए ऊपरी आयु सीमा को बढ़ाकर 23 वर्ष कर दिया था। हाई कोर्ट मंगलवार को एक लंबित याचिका में दायर एक आवेदन पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें भारतीय नौसेना के रोजगार विज्ञापन को चुनौती दी गई है। विज्ञापन में पहले से निर्धारित पात्रता मानदंड के विपरीत, कक्षा 12वीं की परीक्षा में कट-ऑफ अंक बढ़ाकर आवेदकों का चयन करने का अधिकार नौसेना के पास सुरक्षित होने की बात कही गई है।

केरल में आरएसएस के दफ्तर में फेंका गया बम

■ **इमारत की खिड़की के शीशे टूटे, जांच में जुटी पुलिस**

कन्नूर (ए.)। केरल के कन्नूर जिले में आरएसएस कार्यालय पर बम फेंका गया है। हमले में इमारत की खिड़की के शीशे टूट गए। पय्यान्नूर पुलिस के अनुसार, यह घटना आज सुबह हुई। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पुलिस टीम मामले की जांच में जुट गई है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बीजेपी नेता टॉम वदक्कन ने इस घटना को लेकर आरोप लगाया है कि राज्य प्रशासन सुरक्षा मुहैया कराने में पूरी तरह फेल हो गया है। उन्होंने कहा, यह हैरान करने वाला और दुर्भाग्यपूर्ण है। राज्य में कानून व्यवस्था इतनी खस्ती हो चुकी है कि सामाजिक संगठनों पर बम फेंका जा रहा है। इससे पहले आरएसएस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ठाकरे कर सकते हैं द्रौपदी मुर्मू का समर्थन : संजय राउत

मुंबई (वार्ता)। शिवसेना के प्रवक्ता एवं सांसद संजय राउत ने मंगलवार को संकेत दिया कि पार्टी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को पार्टी का समर्थन करने की घोषणा करने की संभावना है।

सोमवार को एक बैठक में श्री ठाकरे के साथ बैठक में शिव सेना के अधिकतर सांसदों ने मुर्मू को

समर्थन करने की इच्छा व्यक्त की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुर्मू के समर्थन का मतलब भारतीय जनता पार्टी का समर्थन करना नहीं है।

श्री राउत ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा कि महाराष्ट्र में आदिवासियों का एक बड़ा समुदाय है और शिवसेना के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता आदिवासी क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री ठाकरे उनकी मंशा को समझते हैं और वह इस बारे में अंतिम निर्णय लेंगे। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभाताई पाटिल के समर्थन का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सुवेंदु अधिकारी के काफिले में फिर ट्रक ने मारी टक्कर, 2 सप्ताह में दूसरी बार हुआ हादसा

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के विधायक सुवेंदु अधिकारी का काफिला फिर हादसे का शिकार हुआ है। इस बार पुलिस के एक वाहन को ट्रक ने टक्कर मारी है। खास बात है कि दो हफ्तों से भी कम समय में इस तरह की घटना दूसरी बार हुई है। पुलिस ने ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल, मामले की जांच जारी है।

सोमवार रात पूर्वी कोलकाता में कालिकापुर के पास अधिकारी के काफिले में शामिल एक पुलिस वाहन को ट्रक ने टक्कर मार दी थी। हालांकि, इस घटना में कोई भी घायल नहीं हुआ है। गिरफ्तार हुए ड्राइवर की पहचान राम नाराणय राम के तौर पर हुई है। वह बिहार का रहने वाला है।

खबर है कि हादसे के वक्त अधिकारी का काफिला ईएम बायपास पर था और NDCBI एयरपोर्ट की तरफजा रहा था। उस दौरन एक ट्रक पीछ से आया और पुलिस वाहन को छूता हुआ निकल गया। इससे पुलिस की गाड़ी के कांच टूट गए। घटना के बाद काफिले को तुरंत रोका गया और सुरक्षा बलों ने ट्रक को भी रोका। पुलिस ने जानकारी दी, 'ड्राइवर गिरफ्तार हो गया है। उसे आज कोर्ट में पेश किया जाएगा।'

इससे पहले 1 जुलाई को भी भाजपा नेता के काफिले में शामिल एक कार इस तरह के हादसे का शिकार हुई थी। तब अधिकारी कांथी से तमलुक जा रहे थे।

गरमा-गरम

चर्चा — **प्रेमदासा बन सकते हैं श्रीलंका के अगले राष्ट्रपति**

गोटबाया राजपक्षे ने इस्तीफे पर किए साइन

कोलंबो (ए.)। श्रीलंका की मुख्य विपक्षी पार्टी अपने नेता साजिथ प्रेमदासा को देश के अगले राष्ट्रपति के रूप में नामित करेगी। द्वीप राष्ट्र में नया राष्ट्रपति चुनने के लिए 20 जुलाई को संसद में चुनाव होगा। श्रीलंकाई विपक्षी पार्टी के एक अधिकारी ने मंगलवार को रॉयटर्स को यह जानकारी दी। यह खबर ऐसे समय में आई है जब श्रीलंका के मौजूदा राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने बुधवार को अपने इस्तीफे पर साइन कर दिए हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने इस्तीफा पत्र पर हस्ताक्षर कर दिए हैं और कल इसकी आधिकारिक घोषणा की जाएगी। श्रीलंका स्थित डेली मिरर की खबर के

मुताबिक राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे ने 13 जुलाई की तारीख वाले त्याग पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। इसमें कहा गया है कि संसद के अध्यक्ष कल यानी बुधवार को आधिकारिक तौर पर इसकी घोषणा कर सकते हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है, राष्ट्रपति ने इस्तीफे पर हस्ताक्षर कर इसे एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी को सौंप दिया है, जो इसे संसद अध्यक्ष को सौंपेगा। संसद अध्यक्ष महिंदा यापा अभयवर्धने कल गोटबाया राजपक्षे के राष्ट्रपति पद को समाप्त करने के लिए एक सार्वजनिक घोषणा करेंगे।

श्रीलंका की मुख्य विपक्षी पार्टी अपने नेता साजिथ प्रेमदासा को देश के अगले राष्ट्रपति के रूप में नामित करेगी। मुख्य विपक्षी दल समागी जन बालवेगया (एसजेबी) ने सोमवार को कहा था कि वह देश में स्थिरता लाने के लिए अगली सरकार का नेतृत्व करने को तैयार है और संसद में इस कदम के खिलाफकिसी भी तरह के प्रतिरोध को ''विश्वासघाती कृत्य'' के रूप में देखा जाएगा। प्रेमदासा ने बीबीसी को बताया कि उनकी पार्टी और सहयोगी इस बात पर सहमत हैं कि यदि राष्ट्रपति पद खाली होता है तो 'मैं उसके लिए नामांकन करूं।' प्रेमदासा 2019 में राष्ट्रपति चुनाव हार गए थे। हालांकि इस बार उन्हें चुनाव जीतने के लिए गवर्निंग गठबंधन के सांसदों के समर्थन की आवश्यकता होगी।

इससे पहले खुद राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने शनिवार को घोषणा की कि वह बुधवार को इस्तीफा देंगे। प्रधानमंत्री विक्रमसिंघे ने भी कहा है कि नई सरकार बनने के बाद वह पद छोड़ देंगे। राजपक्षे और विक्रमसिंघे के इस्तीफे पर राजी होने के बाद विपक्षी दलों ने रविवार को बातचीत की और सर्वदलीय अंतरिम सरकार बनाने का फैसला किया।

ज्ञानवापी मामले पर हिन्दू पक्ष में पड़ी फूट

■ **वकील विष्णु जैन पर मुस्लिम पक्ष को लाभ पहुंचाने का आरोप**

वाराणसी। वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद श्रृंगार गौरी मामले में हिन्दू पक्ष में फूट पड़ गई है। मामले के पांच वादियों में से एक राखी सिंह के चाचा और विश्व वैदिक सनातन संघ के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह विशेन ने हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता विष्णु जैन पर मुस्लिम पक्ष को लाभ पहुंचाने का आरोप लगा दिया है। मंगलवार को जिला जज की अदालत में प्रार्थना पत्र देकर अधिवक्ता विष्णु जैन पर केस समाप्त करवाने का आरोप लगाया। कहा कि जैन स्टेट कौंसिल के सदस्य हैं। वह एक सरकारी अधिवक्ता होने के बावजूद सरकार के खिलाफ केस लड़ रहे हैं।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विष्णु जैन इंडियन इस्लामिक कल्चर सेंटर के अधिकृत सदस्य हैं। सेंटर के कहने पर विष्णु जैन की ओर से इस प्रकरण में वकालतनामा दाखिल किया गया है। कहा कि मुस्लिम पक्ष अधिवक्ता विष्णु जैन को आधार बनाकर केस को खत्म करवा सकता है।

संपादकीय

श्रीलंका के बिगड़ते हालात

पड़ौसी देश श्रीलंका बदहाली का शिकार हो गया है। वहां हालात लगातार बिगड़ते जा रहे है। वहां की सरकार के खिलाफ जनता सड़क पर उतर आई है। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को अपना निवास छोड़कर पलायन करना पड़ा है। महंगाई से त्रस्त जनता ने प्रधानमंत्री आवास में आग लगा दी, वहीं राष्ट्रपति भवन में हजारों की भीड़ जा घुसी। श्रीलंका चीन के चक्रव्यूह में फंस कर आर्थिक रूप से पूरी तरह तबाह हो चुका है। भारत ने पड़ौसी धर्म निभाते हुए उसकी यथा संभव मदद भी की है लेकिन श्रीलंका गले तक कर्ज में डूब चुका है और वहां के हालात आगे चल कर और भी बिगड़ सकते है। भारत को श्रीलंका से सबक लेना चाहिए। हालांकि हमारी अर्थव्यवस्था बहुत मजबूत है और यहां श्रीलंका जैसे हालात कभी निर्मित नहीं हो सकते। यह बात अलग है कि कुछ विपक्षी पार्टियों के नेता भारत के श्रीलंका बनने की संभावना जता रहे है लेकिन वे राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से इस तरह की बेतूकी बयानबाजी कर रहे है जो कतई उचित नहीं है। इसके बावजूद श्रीलंका के बिगड़ते हालात को देखते हुए भारत को एहतियात बरतनी होगा और इससे सबक सीखना होगा। भारत के कुछ राज्य श्रीलंका की तरह ही कर्ज में डूबते जा रहे है। वोट कबाड़ने के लिए मुफ्तखोरी को बढ़ावा देकर राज्य सरकारों को दिवालिएपन की कगार पर पहुंचाया जा रहा है। इसमें सबसे आगे पंजाब है जहां की सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी की सरकार ने मुफ्तखोरी को बहुत बढ़ावा दिया है। कमोबेश यही स्थिति राजस्थान की भी है। अन्य राज्यों पर भी कर्ज का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। यदि केन्द्र सरकार इन राज्यों को अर्थिक मदद मुहैया न कराएं तो ये निश्चित रूप से दिवालिए घोषित हो जाएंगे। ऐसे कर्ज में डूबे राज्यों को श्रीलंका से सबक लेना चाहिए और मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली लोकलुभावन घोषणाओं पर पुनर्विचार करना चाहिए। भारत की चिंता सिर्फ वहां के बिगड़ते हालात और राजनीतिक अस्थिरता को लेकर नहीं है, बल्कि इस तरह की स्थिति का चीन की तरफ से फायदा उठाने की कोशिश न हो, इसको लेकर भी सतर्क रहना है। श्रीलंका की माली हालत इतनी खराब हो चुकी है कि वह किसी भी अंतरराष्ट्रीय एजेंसी या विदेशी कर्जदाता को ब्याज चुकाने की स्थिति में नहीं है। ऐसे में इस बात की आशंका बलवती है कि चीन अपने भारी भरकम कर्ज की अदायगी के लिए वहां की एजेंसियों पर मनमाफिक दबाव बना सकता है। भारत की एक अन्य चिंता यह भी है कि पड़ोसी देश में राजनीतिक अस्थिरता होने से उसे मदद पहुंचाने की कोशिश को भी धक्का लगेगा। भारत पिछले दो महीनों में सस्ता कर्ज उपलब्ध कराने से लेकर दवाइयां, अनाज और पेट्रोलियम उत्पादों की कई खेप श्रीलंका भेज चुका है। जनवरी, 2022 के बाद से अभी तक भारत तीन अरब डालर का पैकेज दे चुका है।

कविता

संसार को भीड़ से बचाने का सूत्र

11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। ऐसे अवसरों पर लोग उत्सव करते हैं लेकिन इस विश्व दिवस पर लोग चिंता में पड़ गए हैं। उन्हें चिंता यह है कि दुनिया की आबादी इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो अगले 30 साल में दुनिया की कुल आबादी लगभग 10 अरब हो जाएगी। इतने लोगों के लिए भोजन, कपड़े, निवास और रोजगार की क्या व्यवस्था होगी? क्या यह पृथ्वी इंसान के रहने लायक बचेगी? पृथ्वी का क्षेत्रफल तो बढ़ना नहीं है और अंतरिक्ष के दूसरों ग्रहों में इंसान को जाकर बसना नहीं है। ऐसे में क्या यह पृथ्वी नरक नहीं बन जाएगी? बढ़ता हुआ प्रदूषण क्या मनुष्यों को जिंदा रहने लायक छोड़ेगा? ये ऐसे प्रश्न हैं, जो हर साल जमकर उठाए जा रहे हैं। ये सवाल हमारे दिमाग में काफी निराशा और चिंता पैदा करते हैं लेकिन अगर हम थोड़े ठंडे दिमाग से सोचें तो मुझे लगता है कि मनुष्य जाति इतनी महान है कि वह इन मुसीबतों का भी कोई न कोई हल निकाल लेगी। जैसे अब से लगभग 70 साल पहले दुनिया की आबादी सिर्फ ढाई अरब थी लेकिन अब वह लगभग 8 अरब हो गई है। क्या इस बढ़ी हुई आबादी को कमोबेश सभी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं? नए-नए आविष्कारों, यांत्रिक विकासों और आपसी सहकारों के कारण दुनिया के देशों में जबर्दस्त विकास हुआ है। इन्हीं की वजह से लोगों के स्वास्थ्य में सुधार हुआ है और पिछले 40 साल में लोगों की औसत आयु में 20 साल की वृद्धि हो गई है। जो लोग पहले 50 साल की आयु पाते थे, वे अब 70 साल तक जीवित रहते हैं। जनसंख्या-वृद्धि का यही मूल कारण भी है। परिवार नियोजन तो लगभग सभी देशों में प्रचलित है। जापान और चीन में यह चिंता का विषय बन गया है। वहां जनसंख्या घटने की संभावना बढ़ रही है। यदि दुनिया की आबादी 10-12 अरब भी हो जाए तो उसका प्रबंध असंभव नहीं है। खेती की उपज बढ़ाने, प्रदूषण घटाने, पानी की बचत करने, शाकाहार बढ़ाने और जूठन न छोड़ने के अभियान यदि सभी सरकारें और जनता निष्ठापूर्वक चलाएं तो मानव जाति को कोई खतरा नहीं हो सकता। मुश्किल यही है कि इस समय सारे संसार में उपभोक्तावाद की लहर आई हुई है। हर आदमी हर चीज जरुरत से ज्यादा इस्तेमाल करना चाहता है। इस दुर्दांत इच्छा-पूर्ति के लिए यदि प्राकृतिक साधन दस गुना ज्यादा भी उपलब्ध हों तो भी वे कम पड़ जाएंगे। ऐसी हालत में पूंजीवादी और साम्यवादी विचारधाराओं के मुकाबले भारत की त्यागवादी विचारधारा सारे संसार के लिए बहुत लाभदायक सिद्ध हो सकती है। जिस संयुक्तराष्ट्र संघ ने 11 जुलाई 1989 को इस विश्व जनसंख्या दिवस को मनाने की परंपरा डाली है, उसके कर्त्ता–धर्त्ताओं से मैं निवेदन करुंगा कि वे ईशोपनिषद् के इस मंत्र को सारे संसार का प्रेरणा-वाक्य बनाएं कि 'त्येन त्यक्तेन भुंजीथा' याने 'त्याग के साथ उपभोग करें' तो आबादी का भावी संकट या उसकी चिंता का निराकरण अपने आप हो जाएगा।

राजेश माहेश्वरी

प्रकृति से छेड़छाड़ का नतीजा अमरनाथ हादसा

> *वास्तव में कोरोना के कारण दो वर्ष के विराम के बाद तीर्थ स्थानों को खोले जाने से इस वर्ष उत्तराखंड के चारों धामों में तीर्थयात्रियों का सैलाब आ गया है। उसी तरह की स्थिति कश्मीर घाटी में भी है जो इन दिनों पर्यटकों से लबालब रहती है। हिमाचल के पर्यटन स्थल भी यात्रियों से खचाखच भरे हुए हैं। लगभग हर पर्यटक स्थल पर इस साल अपेक्षा से ज्यादा सैलानी आये हैं। यही बात अमरनाथ यात्रा पर भी लागू हो रही है। अमरनाथ की पवित्र गुफा के निकट का खुला एरिया भी इतना बड़ा नहीं है कि वहां बड़ी संख्या में लोगों के ठहरने का स्थायी प्रबंध हो सके। कालान्तर में जो हालात बने वे प्रकृति के क्रोध को बढ़ाने में सहायक हुए और जिन आपदाओं के बारे में बुजुर्गों से सुना करते थे वे हर साल दो साल बाद लौटकर आने लगीं। केदारनाथ के बाद अमरनाथ की ताजा घटना को प्रकृति की चेतावनी मानकर यदि हम उसके प्रति अपना व्यवहार नहीं सुधारते तब इस तरह के हादसे बढ़ते जायेंगे और हम लाचार खड़े देखने के सिवाय और कुछ करने में असमर्थ रहेंगे।*

अमरनाथ की पवित्र यात्रा में बादल फटने की घटना एक गंभीर चेतावनी है। ये चेतावनी प्रकृति बार-बार हमें दे रही है। वास्तव में प्रकृति की शांति लगातार मानव द्वारा भंग की जा रही है। प्रकृति भी एक सीमा तक मानव हस्तक्षेप और दोहन को बर्दाशत करती है। और सीमा उल्लंघन होने पर वो अमरनाथ घटना की भांति मानव समाज को संदेश देती है कि प्रकृति से अनावश्यक छेड़छाड़ मत करो। किसी हादसे या घटना के बाद ऐसे कई बयान और संदेश सामने आते हैं कि आगे से ऐसा नहीं होगा। प्रकृति से अनावश्यक छेड़छाड़, हस्तक्षेप और दोहन को रोका जाएगा। लेकिन चंद दिनों बाद ही प्रकृति की चेतावनी और हादसे को भुला दिया जाता है और जिंदगी फिर पुरानी पटरी पर सरपट भागने लगती है। आम आदमी, सरकार, प्रशासन और जिम्मेदारों को कुछ याद नहीं रहता। और हम सब फिर किसी नए हादसे के घटित होने तक लंबी चुप्पी ओढ़कर सो जाते हैं।

यह पहली बार नहीं है जब अमरनाथ यात्रा पर प्राकृतिक आपदा की मार पड़ी हो। पहले भी कई बार श्रद्धालु प्रकृति के प्रकोप का शिकार हो चुके है। हर साल औसतन करीब 100 श्रद्धालु अमरनाथ यात्रा के दौरान प्राकृतिक हादसों में मौत होती है। जानते हैं श्रद्धालु कब-कब प्राकृतिक आपदाओं का शिकार हुए। अमरनाथ यात्रा के दौरान सबसे पहला बड़ा हादसा साल 1969 में हुआ था। इस साल जुलाई महीने में भी बादल फटने से करीब 100 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। यह घटना अमरनाथ यात्रा के इतिहास की पहली बड़ी घटना भी मानी जाती है। अमरनाथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं से भरी एक बस जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाइवे पर रामबन जिले के पास एक गहरी खाई में गिर गई थी। इस हादसे में 17 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 19 से ज्यादा घायल हो गए। बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए जा रहे तीर्थयात्रियों का वाहन जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े एक ट्रक से जा टकराया। इस दौरान 13 तीर्थयात्री गंभीर रूप से घायल हो गए थे। अमरनाथ यात्रा के दौरान 1 से 26 जुलाई के बीच 30 श्रद्धालुओं की जान गई थी। इन मौतों की वजह श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा यात्रा शुरू करने से दो महीने पहले तक श्रद्धालुओं को इस कठिन यात्रा के बारे में जागरूक न करना बताया गया। देशवासी 16 जून 2013 की रात को शायद भूले नहीं होंगे।

इस रात को उत्तराखंड के चार धामों में से एक केदारनाथ में आये जल सैलाब में हजारों तीर्थयात्रियों बह गये थे। मंदिर को छोड़कर वहां कुछ भी नहीं बचा। आज भी अनेक लोग ऐसे हैं जिनका पता नहीं चला। दरअसल एक दिन पहले से हुई भारी वर्षा के कारण केदारनाथ धाम से और ऊपर स्थित पहाड़ी झीलें लबालब हो जाने के बाद उनसे बहा पानी मौत लेकर नीचे आया। समूचे उत्तराखंड में वैसी प्राकृतिक आपदा उसके पहले नहीं देखी गयी थी। उसका कारण भी बादल का फटना रहा।

16 जून की घटना के बाद केदारनाथ सहित उत्तराखंड के बाकी तीनों धामों में मूलभूत सुविधाओं का काफी विस्तार हुआ। तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या को दृष्टिगत रखते हुए सड़कों का निर्माण बड़े पैमाने पर किया गया ताकि आवागमन सुलभ होने के साथ ही दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। लेकिन इस कारण हिमालय के सुख-चैन में भी बेवजह दखलअंदाजी बढ़ी है। प्रकृति इंसानी जुबान नहीं बोलती लेकिन अपनी बात संकेतों के जरिये समय-समय पर बताती रहती है जिसे मनुष्य या तो बिलकुल नहीं समझ पाता या समझने के बाद भी उसकी अनदेखी करने का अपराध करता है। यही वजह है कि कभी-कभी आने वाली प्राकृतिक आपदाएं जल्दी-जल्दी आने लगी हैं। लेकिन बजाय डरने के इन्सान प्रकृति को चुनौती देते हुए उससे लड़ने पर आमादा तो हो जाता है परन्तु वह ये भूल जाता है कि उसकी तमाम वैज्ञानिक और तकनीकी उपलब्धियां उसकी अदृश्य शक्ति के सामने बौनी हैं। पिछले दिनों उत्तराखण्ड की प्रसिद्ध फूलों की घाटी के निकट हैलीपैड के निर्माण की बात सामने आई थी। जिसे लेकर विरोध शुरू हो गया है। मानवीय गतिविधियां प्रकृति के इको सिस्टम को बुरी तरह प्रभावित करती हैं, जिनका नतीजा दर्दनाक हादसों के रूप में सामने आता है। हैरानी इस बात की है कि तमाम दर्दनाक घटनाओं के बाद कोई सुधरने और सुनने को तैयार नहीं है।

पवित्र अमरनाथ यात्रा से सुरक्षित लौटे एक यात्री के अनुसार बादल फटने के समय गुफा के पास अस्थायी आवासीय क्षेत्र में 10 से 15 हजार श्रद्धालु थे। इस घटना में 16 मौतों के अलावा लगभग 60 लोगों के लापता होने एवं दर्जनों के आहत होने की जानकारी आई है। यात्रियों के लिए चलाये जा रहे लंगर और अनेक तम्बुओं के बहने के कारण उनका सामान भी बाढ़ की भेंट चढ़ गया। हालांकि इस साल यात्रा की शुरुवात में भी बादल फटने की घटना हुई थी और जुलाई 2021 में भी जल सैलाब आया था लेकिन जानमाल का इतना नुकसान नहीं हुआ जितना इस बार देखने को मिला।

उत्तराखंड स्थित चारों प्रमुख तीर्थों की यात्रा भी सदियों से होती रही है जिसके लिए पहले यात्री गण पैदल जाया करते थे। 1962 में चीन के हमले के बाद इन इलाकों में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा बड़े पैमाने पर सड़कों का जाल बिछाये जाने के बाद वाहनों द्वारा होने से तीर्थयात्रा, पर्यटन में बदलने लगी। दूसरी तरफ यात्री सुविधाओं का विस्तार करने के लिए प्रकृति के साथ अत्याचार किये जाने का परिणाम पर्यावरण असंतुलन के तौर पर सामने आने लगा। जो इलाके निर्जन हुआ करते थे वहां लाखों लोगों की आवाजाही और वाहनों की वजह से ध्वनि और वायु प्रदूषण में वृद्धि दिखने लगी। शहरों की तरह कचरा भी फैलने लगा। जिसका दुष्प्रभाव ऊंचाई पर स्थित ग्लेशियरों के पिघलने के रूप में सामने आ रहा है।

वास्तव में कोरोना के कारण दो वर्ष के विराम के बाद तीर्थ स्थानों को खोले जाने से इस वर्ष उत्तराखंड के चारों धामों में तीर्थयात्रियों का सैलाब आ गया है। उसी तरह की स्थिति कश्मीर घाटी में भी है जो इन दिनों पर्यटकों से लबालब रहती है। हिमाचल के पर्यटन स्थल भी यात्रियों से खचाखच भरे हुए हैं। लगभग हर पर्यटक स्थल पर इस साल अपेक्षा से ज्यादा सैलानी आये हैं। यही बात अमरनाथ यात्रा पर भी लागू हो रही है। अमरनाथ की पवित्र गुफा के निकट का खुला एरिया भी इतना बड़ा नहीं है कि वहां बड़ी संख्या में लोगों के ठहरने का स्थायी प्रबंध हो सके। कालान्तर में जो हालात बने वे प्रकृति के क्रोध को बढ़ाने में सहायक हुए और जिन आपदाओं के बारे में बुजुर्गों से सुना करते थे वे हर साल दो साल बाद लौटकर आने लगीं।

आज दुनिया के लिए सबक है श्रीलंका

स्मृति एस पटनायक

> *श्रीलंका के लिए यही उचित है कि वह अपनी नीतियों को बदले या व्यावहारिक बनाए, ताकि दुनिया भर से उसके लिए मदद के रास्ते खुलें। राजपक्षे की नीतियां नाकाम हो गई हैं। इनके समय में भी श्रीलंका ने ऋण लिए हैं, लेकिन उसमें भ्रष्टाचार के आरोप भी लगे हैं। ऐसे कई ऋणों से उसका नुकसान हुआ है। यह भी सबक है कि किसी देश को ऋण बहुत संभलकर पूरी पारदर्शिता के साथ लेने चाहिए। वहां जल्दी चुनाव करवाना आसान नहीं है, उसके लिए भी पैसे चाहिए। अंतरिम सरकार जो बनेगी, उससे भी तत्काल परिणाम की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। आप अभी नीतियां बनाएंगे, तो उनके परिणाम एक-दो साल में दिखेंगे। अब जो भी सरकार बनेगी, उसे मित्र देशों से ही गुहार लगानी पड़ेगी, ताकि उपद्रव या लोगों के सड़कों पर उतरने की मजबूरी खत्म हो।*

जब समस्याएं हद से पार हो जाती हैं, तब लोगों के पास और कोई चारा नहीं बचता है। श्रीलंका में यही हुआ, गुस्साए लोग आगे बढ़े और राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के आवासों, दफ्तरों पर कब्जा कर लिया। कितने ऐशो-आराम से उनके राष्ट्रपति रह रहे थे, यह लोगों ने देखा और दुनिया को भी दिखाया। यह विडंबना ही है कि आम लोग पेट्रोल और गैस की लंबी कतारों में घंटों खड़े होने को मजबूर हैं, लेकिन उनके बीच राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे और प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे की परस्पर हंसने-बतियाने की तस्वीरें वायरल हो रही थीं। लोग भड़क गए कि जहां हम जरूरी चीजों के लिए तरस रहे हैं, वहीं हमारे राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को परस्पर हंसी-मजाक सूझ रहा है? राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को आखिर जनता क्यों चुनती है?

वैसे श्रीलंका में विरोध प्रदर्शन काफी पहले से चल रहे थे, लेकिन लोग इस बात से खास क्रोधित थे कि महिंदा राजपक्षे ने तो प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया, लेकिन राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे ने इस्तीफा नहीं दिया। पद भी नहीं छोड़ रहे और देश की स्थितियों को भी नहीं सुधार रहे हैं। जनता कितनी नाराज है, इसकी जानकारी राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को थी, शायद इसीलिए परिवार सहित उन्होंने अपना आवास खाली कर दिया था। जब लोग कब्जा करने आए, तब सुरक्षाकर्मियों ने भी रोकने के लिए कुछ खास नहीं किया। लोगों की संख्या इतनी ज्यादा थी कि सरकार घुटने टेकने को मजबूर हो गई। प्रधानमंत्री ने तो मजबूर होकर जल्दीबाजी में इस्तीफा दे दिया है और अब चाहते हैं कि अगले प्रधानमंत्री के आने तक वह पद पर बने रहें, ताकि खासकर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ चल रही बातचीत न रुके। उनका कहना है कि अगर श्रीलंका में कोई सरकार ही नहीं रहेगी, तो मदद लेने के सारे प्रयास एकाएक थम जाएंगे। इधर, राष्ट्रपति गोटाबाया ने तत्काल इस्तीफा नहीं दिया, पर किसी अज्ञात स्थान से उन्होंने सूचना दी है कि वह 13 जुलाई को इस्तीफा देंगे, जबकि लोग तत्काल उनका इस्तीफा चाहते हैं। श्रीलंकाई संसद के अध्यक्ष ने दोनों को फौरन इस्तीफा देकर अगली सर्वदलीय सरकार के गठन के लिए रास्ता साफ करने को कहा है। राजपक्षे परिवार के पास अब कोई रास्ता नहीं बचा है, श्रीलंका की राजनीति में फिलहाल के लिए उनका समय लद चुका है। उनके परिवार की अगली पीढ़ी को शून्य से शुरुआत करनी पड़ेगी। वर्ष 2009 के बाद से ही यह परिवार श्रीलंका में बहुत लोकप्रिय बना हुआ था, यहां तक कि साल 2019 के चुनाव में इन्हें लोगों ने बहुत पसंद किया था। देश को आतंकवाद से मुक्ति दिलाने का श्रेय महिंदा राजपेक्ष को दिया जाता है। अति-राष्ट्रवादी राजपक्षे से लोगों को बड़ी उम्मीदें थीं। उन्होंने बड़े-बड़े वादे भी किए थे। लोक-लुभावन नीतियों के तहत बड़े पैमाने पर करों में रियायत दी गई थी। लोगों को खुश करने और आत्मनिर्भर देश बनाने की कोशिश में बुनियादी कमियों या सरकार चलाने की औपचारिकताओं को राजपक्षे भूलते जा रहे थे।

दुनिया के लिए श्रीलंका आज सबक है। कृषि और पर्यटन पर यह देश निर्भर रहा है। अत्यधिक उत्साह में ऑर्गेनिक खेती को अनिवार्य बनाया गया। रासायनिक खेती के लिए बाहर से उर्वरक मंगवाने में विदेशी मुद्रा खर्च हो रही थी। देश में ऑर्गेनिक खेती की शुरुआत हुई, लेकिन उत्पादन न निर्यात के योग्य हुआ और न देश की जरूरतें पूरी हुई। कोरोना महामारी ने पर्यटन क्षेत्र को भी चौपट कर दिया। आय के स्रोत बंद हो गए, तो मदद की जरूरत पड़ी, लेकिन कोई भी देश कितनी मदद कर सकता है? हर किसी की अपनी अर्थव्यवस्था है। जो देश श्रीलंका को पैसे देगा, वह उम्मीद भी करेगा, पर क्या श्रीलंका में लौटाने की क्षमता है?

यहां ध्यान रहे, श्रीलंका के अखबार संडे टाइम्स ने भारत की आलोचना की थी कि भारत धर्मार्थ मदद नहीं दे रहा है। भारत ने हरसंभव मदद दी है और मानवीय नजरिए से अभी भी मदद कर रहा है, लेकिन भारत कोई विकसित देश नहीं है। वह उदारता से मदद करेगा, पर उसकी एक सीमा है, इसका एहसास श्रीलंका को जरूर होना चाहिए। भारत सरकार की ओर से भी खूब मानवीय मदद गई है और तमिलनाडु सरकार की ओर से भी गई है। भारत को श्रीलंका की स्थितियों पर निगाह रखनी चाहिए और कोशिश करनी चाहिए कि पड़ोसी देश मुसीबतों से जल्दी उबर आए।

आज श्रीलंका जिस हालत में पहुंच गया है, अब अचानक उसकी स्थिति नहीं सुधर सकती। गौर करने की बात है कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से उसे मदद नहीं मिल रही है, क्योंकि वहां की सरकार मुद्रा कोष के नियमों-निर्देशों का पालन करने के पक्ष में नहीं रही है। मुद्रा कोष धन देता है, लेकिन उसकी कुछ नीतियां भी हैं, जिनके तहत वह धन वापसी सुनिश्चित करना चाहता है। अति-राष्ट्रवाद के चक्कर में श्रीलंका मुद्रा कोष के नियम-कायदों को मानने को तैयार नहीं था। अब मुसीबत में फंसने के बाद वह तैयार हो रहा है और पूरी गंभीरता के साथ उसकी मुद्रा कोष से बातचीत चल रही है। इस बातचीत में बाधा न पड़े, इसके लिए निवर्तमान प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे अगले प्रधानमंत्री तक पद पर बने रहना चाहते हैं।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

शौक के दीप जला कर देखो, दर्द से

शौक के दीप जला कर देखो, दर्द से आखें लड़ा कर देखो। ग़म के बादल जब भी छायें, सब्र का जाम उठा कर देखो। ईमान खुदाई नेमत है, झूठ को दिल से भगा कर देखो। डर का राज ढहाना है गर, हिम्मत दिल में बढ़ा कर देखो। डोर मदद की हर घर में है, एक आवाज़ लगा कर देखो।

- डॉ संजय दानी

टरटर ल घांम उगे

टरटर ल घांम उगे जनावत हे , देहें ल पसीना चुचवावत हे। रद्दा रेंगैया मन घबरावत हे ,बिहनिया के बेरा म घलो घाम जनावत हे, खेती किसानी के दिन भदरागे ,किसान खेत जावत हे । नगरिहा बर चुर गे पिटवा रोटी ,बोहासिन खेत डाहर जावत हे।

- लक्ष्मी नारायण लहरे

ख़ास पाती

गुम सुम से क्यों बैठ गए हो

गुम सुम से क्यों बैठ गए हो ,आओ कुछ तो बोलो ना अपने मधुर कंठ से अब तुम ,कुछ मिश्री सी घोलो ना मुस्काते मुखड़े से अपने अंधियारा ये दूर करो आलिंगन में आ कर मेरे, प्यार मुझे भर पूर करो इन सुंदर कोमल नयनो के ,अवगुंठन को खोलो ना अपने मधुर कंठ से अब तुम , कुछ मिश्री सी घोलो ना सुंदर मुखड़े पर गिरने दो , रेशम सी काली जुल्फें चमक रहीं हैं मीन के जैसे ,ये दोनों सुंदर पलकें तड़प रहा है दिल ये मेरा ,मेरे दिल को छूलो ना अपने मधुर कंठ से अब तुम,कुछ मिश्री सी घोलो ना गुमसुम से क्यों बैठ गए हो ,आओ कुछ तो बोलो ना अपने मधुर कंठ से अब तुम ,कुछ मिश्री सी घोलो ना। **- संजय कुमार गिरि**

करेंगे इश्क मगर अब जतायेंगे न

करेंगे इश्क मगर अब जतायेंगे न कभी ये अपनी अश्कों से आँखे भिगायेंगे न कभी उन्हें न याद करेंगे ये दावा नहीं करते मगर है सच कि ये उन्हे भूल पाएँगे न कभी उठानी और न ज़हमत पड़ेगी अब उनको कसम से जख्मों पे मरहम लगायेंगे न कभी गमों के कर के हवाले चले गये थे हमें लगा था क्या उन्हें हम मुस्कुरायेंगे न कभी गुनाहे इश्क में चाहे तो सर कलम कर दो ये सर किसी के भी आगे झुकायेंगे न कभी लकी के प्यार ने मगरूर उनको कर डाला किया है तय कि मुहब्बत लुटायेंगे न कभी **- लक्ष्मी माहोर**

मेरी आवाज़ अब तुम को सुना

मेरी आवाज़ अब तुम को सुना मैं क्यूँ नहीं पाती है दिल में अक्स तेरा ही दिखा मैं क्यूँ नहीं पाती वही तुम हो वही मैं हूँ मगर अब फ़ासले कितने हुई जो दर्मियां दूरी मिटा मैं क्यूँ नहीं पाती।

- कविता सिंह

मैं नहीं चाहती कभी मेरी मृत्यु

मैं नहीं चाहती,,, कभी मेरी मृत्यु और मेरे बीच ,,, कोई मृत्यु शैय्या आये ,,, पैरों में इतनी ताकत हो कि मृत्यु का चुनाव कर सकूं ,,, ये मृत्यु के समय भी ये चाहना , वो चाहना ,,, कितनी बड़ी आसक्ति है,,, परिवार वाले बड़ी सी तस्वीर लगाये अपने सगे छाती पीट पीट कर रोयें ,,, पड़ोसी/रिश्तेदार बोले ,,, बेचारा कितना अच्छा व्यक्ति था ,,, ये सब अच्छा कहलाने के चक्कर में ,,, इंसान जीवन भर मृत्यु शैय्या जैसा जीवन जीता है।

-तनु युगराज

जीवन में कुछ भी स्थायी नहीं है



जीवन में कुछ भी स्थायी नहीं है, न सुख न दुःख न नौकरी न रिश्ते कुछ भी नहीं, एक नियत समय पर सबको छूटना ही है पर छूटने की क्रिया में कब कुछ छूट पाया है, बल्कि शामिल और हो जाती है, उदासी, उदासीनता, ऊब, घुटन, पीड़ा और भी न जाने क्या-क्या? छूटने के क्रम में तो हरा पत्ता भी पीला पड़ जाता है, फिर हम तो मनुष्य हैं! और हमारी भावनाएँ किसी की प्रयोगशाला जिस पर लोग अपने प्रयोग करते रहते हैं! संवेदनशील हृदय के लिए कितनी बड़ी चुनौती है, प्रयोगात्मक दौर में भावनात्मक रहना।

- इति शिवहरे

कितनी अजीब बात है ना सबकी

कितनी अजीब बात है ना सबकी तालाश एक ही है , आँखों का ख्वाब भी एक ही है , प्यार में वफ़ा की दरकार भी एक ही है , फिर भी , सनम बेवफ़ा है , तालाश बादस्तूर ज़ारी है , और ख्वाब कभी टूटे तो कभी अधुरे है।

- नमन कुमार मिश्रा

QUIZ TIME

1) भारत के किस राष्ट्रीय राजमार्ग के एक भाग को आपातकालीन हवाई पट्टे के रूप में विकसित किया गया है?
2) भारत में प्रतिवर्ष मनाए जाने वाले सांख्यिकी दिवस 2021 का थीम क्या था?
3) जून 2021 में विश्व की पहली कन्टेनर ब्लॉक ट्रेन किन देशों के बीच चलाई गई?
4) ओलम्पिक खेलों में मेडल जीतने वाले किस खिलाड़ी को दिल्ली स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय का पहला कुलपति नियुक्त किया गया है?
5) 2007 बैच के आईएएस अधिकारी सुहास एल वाई ने टोकियो पैरालंपिक 2020 मे पुरूषों की एकल बैडमिंटन प्रतियोगिता में रजत पदक जीता, वे वर्तमान में किस पद पर कार्यरत है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 925 ए (2) सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) की [illegible] (3) [illegible] और भारत (4) कर्णम मल्लेश्वरी (5) उत्तरप्रदेश के गौतम बुद्ध नगर के जिलाधिकारी

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1534- ऑटोमन सेना ने उत्तर पश्चिमी फारस में ताबरिज पर कब्जा किया। 1645- अलेक्सेई रोमानोव अपने पिता माइकल की जगह रूस का शासक बना। 1803- राजा राम मोहन राय और एलेक्जेंडर डफने पांच छात्रों के साथ स्कॉटिश चर्च कॉलेज शुरू किया। 1882- रूस में ट्रेन के पटरी से उतरने के कारण 200 लोगों की मौत हो गई। 1905- कलकत्ता के साप्ताहिक समाचार पत्र 'संजीवनी' ने पहली बार ब्रिटिश सामान के बहिष्कार का सुझाव दिया। 1929- जतिन्द्र नाथ दास ने भूख हड़ताल शुरू की।1932- हिन्दी फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री बीना राय का जन्म। 1977- जनता पार्टी सरकार ने भारत रत्न सहित अन्य नागरिक सम्मान देने पर रोक लगा दी। 1998- भारत के लिएंडर पेस ने हॉल आफ फेम टेनिस चैंपियनशिप में अपने जीवन का पहला ए.टी.पी. खिताब जीता। 2000- फिजी में महेन्द्र चौधरी समेत 18 बंधक रिहा। 2004- रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने साइबेरिया और देश के सुदूर पूर्ववर्ती इलाकों के विकास के लिए भारत से और मज़बूत संबंधों की इच्छा व्यक्त की। 2006- ईरान का परमाणु बम मसला संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को सौंपा गया। 2011- देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में तीन बम विस्फोट हुए। 2016- ब्रिटेन के प्रधानमंत्री डेविड कैमरून ने इस्तीफा दिया।

न्यूज गैलरी

क्लीनर एवं वार्ड असिस्टेंट की चयन सह प्रतीक्षा सूची जारी

बिलासपुर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा आधार पर क्लीनर एवं वार्ड असिस्टेंट का अंनतिम चयन सह प्रतीक्षा सूची जिले के वेबसाईट bilaspur.gov.in पर उपलब्ध है।

'आमामुड़ा व्यपवर्तन योजना: नहर निर्माण के लिए अनुशंसा'

बिलासपुर। जिले के बेलगहना तहसील के जरगा गांव में मुख्य नहर निर्माण के लिए भूमि का अर्जन किया जाना है। भू-अर्जन के मूल्यांकन के लिए सामाजिक समाघात दल का गठन किया गया है। सामाजिक समाघात दल ने ग्राम जरगा के ग्राम पंचायत भवन में जनसुनवाई आयोजित कर भू-अर्जन से पड़ने वाले प्रभाव का आंकलन किया। समाघात दल ने बताया कि आमामुड़ा व्यपवर्तन के नहर निर्माण पूरा होने से फसलों के लिए सिंचाई सुविधा मिलेगी और गाँवों के किसान लाभन्वित होंगे। मूल्यांकन में पाया गया कि जरगा गांव में भू-अर्जन से 1.170 हेक्टेयर भूमि प्रभावित हो रही है। समाघात दल ने किसानों से भी सहमति लिया और पाया कि अर्जित भूमि से कोई मकान आदि प्रभावित नहीं हो रहा है और न ही किसी भी परिवार के विस्थापन की संभावना है। समाघात दल ने भू-अर्जन के संबंध में पुनर्वासन और पुनर्व्यस्थापन का उचित मूल्यांकन कर भू-अर्जन की अनुशंसा भी की।

सल्का व्यपवर्तन योजना: नहर निर्माण के लिए भू-अर्जन हेतु समाघात दल ने की अनुशंसा'

बिलासपुर। जिले के कोटा तहसील के खुरदर गांव में मुख्य नहर निर्माण के लिए भूमि का अर्जन किया जाना है। भू-अर्जन के मूल्यांकन के लिए सामाजिक समाघात दल का गठन किया गया है। सामाजिक समाघात दल ने ग्राम खुरदर के ग्राम पंचायत भवन में जनसुनवाई आयोजित कर भू-अर्जन से पड़ने वाले प्रभाव का आँकलन किया। समाघात दल ने बताया कि सल्का व्यपवर्तन के नहर निर्माण पूरा होने से फसलों के लिए सिंचाई सुविधा मिलेगी और गाँवों के किसान लाभन्वित होंगे। मूल्यांकन में पाया गया कि खुरदर गांव में भू-अर्जन से 0.170 हेक्टेयर भूमि प्रभावित हो रही है। समाघात दल ने किसानों से भी सहमति लिया और पाया कि अर्जित भूमि से कोई मकान आदि प्रभावित नहीं हो रहा है और न ही किसी भी परिवार के विस्थापन की संभावना है। समाघात दल ने भू-अर्जन के संबंध में पुनर्वासन और पुनर्व्यस्थापन का उचित मूल्यांकन कर भू-अर्जन की अनुशंसा भी की।

13 कर्मचारियों की सहायक अधीक्षक में पदोन्नति व नई पदस्थापनाएं

बिलासपुर। बिलासपुर राजस्व संभाग के अंतर्गत विभिन्न जिलों में कार्यरत सहायक वर्ग दो वर्ग के 13 कर्मचारियों की सहायक अधीक्षक एवं ऑडीटर के पदों पर पदोन्नति की गई है। विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा के आधार पर कमिश्नर डॉ. संजय अलंग ने आज नई पदस्थापना आदेश भी जारी किये हैं। संभागीय आयुक्त कार्यालय से प्राप्त जानकारी नये पदोन्नत कर्मचारियों में रामरत्न अजगल्ले की पदस्थापना जिला कार्यालय रायगढ़, श्री राजेश कुमार मेहरा जिला कार्यालय रायगढ़, करमसिंह कंवर की जिला कार्यालय कोरबा, ताराचंद गढ़ेवाल गौरेला पेण्ड्रा मारवाही, धनेश कुमार ताम्रकार जिला कार्यालय बिलासपुर, अरूणकुमार लाल कलेक्टर कार्यालय बिलासपुर, कमलकिशोर परवार कलेक्टर कार्यालय बिलासपुर, अरविन्द कुमार उपाध्याय आयुक्त कार्यालय बिलासपुर, जगदीश प्रसाद निर्मलकर आयुक्त कार्यालय बिलासपुर, रामसनेही सूर्यवंशी आयुक्त बिलासपुर, सुखराम गेंदले, जिला कार्यालय मुंगेली, प्रभात कुमार ध्रुव गौरेला पेण्ड्रा मारवाही और लक्ष्मीकांत पाण्डेय आयुक्त कार्यालय बिलासपुर में पदस्थापना की गई है।

जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयनित सूची जारी

मुंगेली। जवाहर नवोदय विद्यालय में शिक्षा सत्र 2022-23 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु 30 अप्रैल 2022 को आयोजित चयन परीक्षा का परिणाम केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली द्वारा घोषित कर दी गई है, जिसमें जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो में कक्षा 06वीं के लिए चयनित किये गये है। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु 06 हजार 08 अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन किया गया था। वहीं 30 अप्रैल को प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी।

नव विवाहिता की मौत के मामलों की जांच तीन महीने के भीतर पूरी करें : आइजी

बिलासपुर। जिले के राजपत्रित अधिकारियों की बैठक लेकर आइजी रतनलाल डांगी ने नव विवाहिताओं की मौत के मामले की तीन महीने के भीतर जांच पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मामले का निराकरण करने के बाद थाने और चौकियों में रखे विसरा का नष्टीकरण कराने कहा। सोमवार को आइजी रतनलाल डांगी ने समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों से कहा कि मौत के मामलों की जांच के लिए जब्त विसरा को तत्काल परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा जाए।

नवविवाहिता की मौत के मामलों की जांच अधिकारी संवेदनशीलता के साथ करें। जिन मामलों में पोस्टमार्टम रिर्पोट मिलने में देरी हो रही हो उसे टीएल की मीटिंग में रखा जाए। साथ ही इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से समन्वय बनाया जाए। आइजी ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि तीन महीने से अधिक के लंबित मामलों की समीक्षा कर समय सीमा में मामले का निराकरण कराया जाए। मामले में अनावश्यक देरी करने वालों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी अधिकारी करें। बैठक में एसपी पारूल माथुर, एएसपी (आइयूसीएडब्ल्यू) गरिमा द्विवेदी, एएसपी दीपमाला कश्यप, सीएसपी स्नेहिल साहू, मंजूलता बाज, डीएसपी आशीष अरोरा मौजूद रहे।

छह महीने में कई मामलों का किया निराकरण, आइजी ने प्रशंसा

बैठक के दौरान उन्होंने बीते छह महीने के दौरान लंबित मामलों के निराकरण की समीक्षा की। इसमें जिले के विवेचकों का कई मामलों के निराकरण में तत्परता पाई गई। इसे लेकर आइजी ने एसपी पार्रुल माथुर की प्रशंसा की। साथ ही लंबित मामलों के निराकरण के लिए दिशा निर्देश दिए।

कॉल सेंटर, जनदर्शन और भ्रमण के दौरान प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक त्वरित निराकरण करें : कलेक्टर

- शिविर लगाकर स्कूली बच्चों का जाति व निवास प्रमाण पत्र बनाने के दिए निर्देश

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर राहुल देव ने आज जिला कलेटोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागों के काम-काज की समीक्षा की। उन्होंने कॉल सेंटर, जनदर्शन और भ्रमण के दौरान प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी ली और लंबित प्रकरणों का गंभीरतापूर्वक त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में रासायनिक उर्वरक की उपलब्धता की जानकारी ली और कहा कि समितियों के माध्यम से किसानों को मांग के अनुरूप उर्वरक उपलब्ध कराएं। उन्होंने सभी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति में खाद की मूल्य सूची अनिवार्य रूप से प्रदर्शित के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिले में बिजली से संबंधित समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए कहा कि इसे गंभीरता से निराकरण करते हुए आमजनों को राहत पहुंचाएं। उन्होंने शिविर लगाकर स्कूली बच्चों का जाति, निवास प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रवृत्ति के लंबित प्रकरणों को संज्ञान में लेते हुए कहा कि इसका शीघ्र निराकरण किया जाए। कोई भी पात्र स्कूली बच्चा छात्रवृत्ति से वंचित ना हो। कलेक्टर ने जिले के मरम्मत योग्य शासकीय स्कूलों की जानकारी ली और मरम्मत हेतु शीघ्र कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बिना जानकारी दिए समय-सीमा की बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों के प्रति नाराजगी जताई और कहा कि समय-सीमा की बैठक में सभी अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

भारतीय किसान संघ ने कालाबाजारी पर रोक लगाने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बिलासपुर। भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र दुबे के नेतृत्व में सोमवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम कलेक्टर सौरभ कुमार को पांच बिंदुओं पर ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का शीघ्र निराकरण की मांग की गई। किसान संघ ने कहा है कि बिलासपुर जिले में खाद की समस्या से किसान बेहाल है ऊपर से निजी संस्थानों में खाद ऊंचे दाम में बिक्री हो रही है। जिले में राज्य सरकार की महती योजना गोठान की चल रही है लेकिन यत्र तत्र गोवंश सड़क पर रहते है जिससे गोवंश के साथ ही आमजन भी दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं जिसे तत्काल आधारभूत संरचना तैयार कर गोवंश को उसमें रखने की मांग की है। केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के पंजीयन के लिए ग्राम स्तर पर शिविर लगाकर ई.केवाइसी कराने तथा अनावश्यक रूप से च्वाइस सेंटरों में किसानों से पंजीयन के नाम से अवैध वसूली पर रोक लगाकर कार्रवाई की मांग की है।

ट्रक के सामने बाइक अड़ाकर ड्राइवर से लूट लिए 30 हजार

बिलासपुर। मस्तूरी क्षेत्र के भदौरा में रविवार की रात युवकों ने ट्रक के सामने बाइक अड़ा दी। इसके बाद ट्रक ड्राइवर से मारपीट और 30 हजार रुपये लूटकर जांजगीर की ओर भाग निकले। पीड़ित ड्राइवर ने इसकी शिकायत मस्तूरी थाने में की है। इस पर पुलिस मामला दर्ज कर लुटेरों की तलाश कर रही है। राजनांदगांव जिले के चिचोला थाना अंतर्गत ग्राम जनकपुर में रहने वाले शेखर चतुर्वेदी ड्राइवर हैं। रविवार की रात वे पत्थलगांव से सब्जी के खाली कैरेट लेकर महाराष्ट्र के जलगांव जा रहे थे।

उनके साथ एक अन्य ड्राइवर दीपक कुमार भी थे। सोमवार की सुबह चार बजे दोनों भदौरा चौक के पास पहुंचे। इसी दौरान बाइक सवार तीन युवकों ने उन्हें हाथ दिखाकर रुकने के लिए इशारा किया। ड्राइवर ने स्पीड ब्रेकर के पास ट्रक रोक दी। इसके बाद युवकों ने अपनी बाइक को ट्रक के सामने अड़ा दिया। युवक दोनों ओर के

दरवाजे से ट्रक में चढ़ गए। युवकों ने चाकू दिखाकर ड्राइवर से रुपये मांगे। मना करने पर युवकों ने दोनों ड्राइवर की पिटाई की। इसके बाद शेखर की जेब से 30 हजार रुपये और मोबाइल निकाल लिया। इसके बाद लुटेरे बाइक से जांजगीर की ओर भाग निकले। ड्राइवर ने आसपास के लोगों को घटना की जानकारी देकर मस्तूरी थाने में इसकी शिकायत की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

पिछले 24 घंटे में मिले 11 नए कोरोना मरीज

मुंगेली/नवप्रदेश। कोरोना की तीसरी लहर के महीनों बाद आज एक साथ 11 कोरोना संक्रमितों की पहचान हुई है। वही नगर में 1 कोरोना मरीज की मौत होने का समाचार है। जिले में 317 लोगों की जांच के दौरान 11 पॉजिटिव मरीज सामने आए। इसमें सर्वाधिक मरीज लोरमी ब्लॉक से हैं। यहां कुल 5 संक्रमितों की पुष्टि हुई है। इसी तरह पथरिया ब्लाक से 4 एवं मुंगेली ब्लाक से 2 मरीज कोरोना पॉजिटिव मिले हैं।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी मेडिकल बुलेटिन के अनुसार सोमवार को एंटीजन किट से 315 लोगों की जांच गई, जिसमें 11 संक्रमितों की पुष्टि

हुई। जिसमें से लोरमी ब्लाक से 5, पथरिया ब्लाक से 4 एवं मुंगेली ब्लाक में 2 मरीज कोरोना पॉजिटिव मिले हैं।जिले में कोरोना संक्रमण के दौरान अब तक कुल 25989 मरीजों की पहचान हो चुकी है। इनमें से कुल 25737 स्वस्थ हो चुके हैं। जिले में एक बार फिर कोरोना वायरस दबे पांव अपना दायरा बढ़ा रहा है।आलम यह है कि महज कुछ ही दिन के भीतर जिले में एक्टिव मरीजों की संख्या 32 के करीब पहुंचने जा रही है। संक्रमित व्यक्ति के आंकड़े प्राय हर दिन बढ़ोतरी के रूप में दर्ज की जा रही है। परंतु इसके बावजूद भी प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग सावधानी बरतने की अपील और टीकाकरण कराए जाने की सलाह के अलावा कोई सख्त और अनिवार्य निर्देश जारी नहीं कर रहा है। इसके कारण जिले में सब कुछ बेपरवाह ढंग से चल रहा है। यहां तक कि बढ़ रहे कोरोना वायरस के बीच स्कूल कॉलेजों में भी मास्क आदि पर कोई जोर नहीं दिया जा रहा है।बाजार हाट में भी बेलगाम भीड़ उमड़ रही है, जबकि स्वास्थ विभाग के मुताबिक जिस गति से जिले में नए कोरोना संक्रमित मरीज सामने आ रहे हैं,वह निश्चित रूप से चिंता जनक है।यही वजह है कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार सतर्क रहने की अपील और एलर्ट जारी कर लोगों को कोविड गाइडलाइन का पालन करने, कोविड के टीके की सभी डोज उचित अंतराल में आवश्यक रूप से लगाने व सर्दी खांसी, बुखार, बदन दर्द, सिर दर्द ऐसे अनेक में से कोई भी लक्षण आने पर कॉविड जांच अवश्य कराने की सलाह दी जा रही है।

तखतपुर की पंचायतों में खुलेंगी 22 सरकारी राशन दुकानें

आवेदन 26 जुलाई तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के तखतपुर विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में 22 नई शासकीय उचित मूल्य की दुकान खुलेंगी। दुकान के आबंटन के लिए कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व तखतपुर कार्यालय में 26 जुलाई 2022 शाम पांच बजे तक आवेदन कर सकते है। ग्रामीण क्षेत्रों में 21 पंचायतों में राशन दुकानें खुलेंगी तथा शहरी क्षेत्रों में 1 दुकान खुलेगी। तखतपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत पुरेना, ठाकुरकापा, पेंड्री, राजपुर, साल्हेकापा, पोगरिहा, खैरी, बांधा, कोड़ापुरी, बेलमुंडी, लाखासर, भुंडा, खरकेना, बुटेना, बोड़सरा, बेलसरा, कपसियाखुर्द, गुनसरी, नवापारा, बेलपान तथा जरेली में नई राशन दुकानें खोली जाएंगी। इसी प्रकार तखतपुर शहरी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 11, 12 और 13 के लिए एक दुकान खुलेगी।

राशन दुकान का आबंटन महिला स्व सहायता समूह प्राथमिक कृषि साख समितियों तथा अन्य सहकारी समितियों को किया जाएगा। उचित मूल्य दुकान का आबंटन ऐसे महिला स्वसहायता समूहों को किया जाएगा, जो सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश के नियमों के अंतर्गत पंजीकृत है। इसी प्रकार

अन्य सहकारी समितियों को छत्तीसगढ़ सहकारिता अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। सरकारी राशन दुकान का आबंटन उन पंजीकृत सरकारी समितियों को किया जाएगा जो 31 मई 2004 या उससे पहले से पंजीकृत हों। इसके लिए उक्त समितियों को प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आबंटित राशन दुकानों का संचालन विभिन्न सोसाइटियां स्वयं करेंगी। किसी निजी व्यक्ति या एजेंट के माध्यम से इसका संचालन नहीं किया जाएगा। नियमों के अंतर्गत आबंटित राशन दुकानों को गोदाम के रूप में भी पर्याप्त स्थान रखना होगा ताकि आवश्यक वस्तु का अग्रिम भंडारण सुनिश्चित किया जा सके। मिली जानकारी के अनुसार दुकान के सामने महिला एवं पुरुष खरीददारों की अलग-अलग कतार बनाने के लिए पर्याप्त जगह भी सोसाइटी को सुनिश्चित करनी होगी। दुकान आबंटन के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व तखतपुर में सम्पर्क किया जा सकता है।

संस्थागत प्रसव में प्रगति लाएं : कलेक्टर

- हाट बाजार क्लीनिक योजना के तहत अधिक से अधिक जरूरतमंदों को लाभांवित करने के दिए निर्देश

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर राहुल देव ने आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक लेकर उनके कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिले के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता का कार्य है। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर और ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक को अपने दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना के तहत जिले में अब तक लाभांवित हितग्राहियों की जानकारी ली और अधिक से अधिक लोगों को लाभांवित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिले में संस्थागत प्रसव की जानकारी लेते हुए कहा कि लक्ष्य के अनुरूप संस्थागत प्रसव में प्रगति लाएं। उन्होंने हाईरिस्क प्रेगनेंट महिलाओं की जानकारी ली और उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा, पोषण आहार उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने जिले में कोविड-19 वैक्सीनेसन की प्रगति की जानकारी ली और कहा कि कोविड-19 वैक्सीनेसन का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करें। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों में मानव संसाधन, दवाई की उपलब्धता आदि की जानकारी ली और रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने हमर लैब, डायलिसिस यूनिट, 20 बिस्तर आइसोलेशन वार्ड, 16 बिस्तर आईसीयू बेड सहित विभिन्न निर्माण कार्यों की जानकारी ली और समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने बताया कि जिला चिकित्सालय में हमर लैब की स्थापना हेतु रूम पार्टिशन का कार्य पूर्ण हो चुका है, वर्तमान में 66 प्रकार की जांच उपलब्ध है।

अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दाऊपारा में निर्धारित सीटों पर दिया जा रहा प्रवेश

मुंगेली। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दाऊपारा में शैक्षणिक सत्र 2022-23 में सभी कक्षाओं में निर्धारित सीटों अनुसार प्रवेश दिया जा रहा है। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा में एसएमडीसी एवं एसएमसी के अध्यक्षों व सदस्यों की बैठक जिला शिक्षा अधिकारी के साथ हुई। जिसमें विद्यालय के पढ़ाई और अध्यापन व्यवस्था के संबंध में चर्चा की गयी। साथ ही स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा एसएमडीसी समिति के अध्यक्ष सोम वर्मा के द्वारा हिन्दी माध्यम के प्रवेश की मांग रखी। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी सतीश पाण्डेय के द्वारा आश्वासन देते हुए कहा कि शैक्षणिक सत्र 2022-23 में सभी कक्षाओ में निर्धारित सीटों अनुसार प्रवेश दिया जाएगा। उक्त जानकारी एसएमडीसी समिति के अध्यक्ष सोम वर्मा ने दी।

बारिश होते ही किसान जुटे खेती में

मुंगेली/नवप्रदेश। क्षेत्र में कुछ दिनों से लगातार बारिश के चलते किसान पूरी तरह खेती किसानी में रम गए है। मानसून के आगमन पर क्षेत्र में बारिश की कमी से किसान खांसे चिंतित नजर आ रहे थे। धान के बीज डालने के पश्चात बारिश की कमी से चिंतित दिखाई दे रहे थे, लेकिन अब बारिश होते ही धान रोपाई कार्य किसानों द्वारा शुरू हो गया है। जिससे मजदूरों को लेकर खिचातानी हो रही है। कुछ लोग तो बाहर से मजदूरों को लाकर अपना कार्य पूरा कर रहे है। कई किसानों के द्वारा खाद का मंडारण न करने से भटकने की स्थिति देखने को मिल रहा है।

जिले में पिछले एक सप्ताह से झमाझम हो रही बारिश के बाद किसान खेती किसानी के कार्यों में जुट गए हैं। इस खरीफसीजन में अब तक 70 प्रतिशत बोनी का कार्य पूर्ण हो चुका है। गौरतलब है कि इस वर्ष जिले में धान का रकबा 1.12 लाख हेक्टेयर है। वहीं कृषि विभाग से जुड़े अधिकारियों के अनुसार इस खरीफ सीजन में दलहन तिलहन, फल और सब्जियों का उत्पादन बढ़ाने तथा धान के रकबे में कमी करने का लक्ष्य दिया गया है, इस हेतु प्रयास कर 1891 किसानों से धान के बदले अन्य फसल लेने के लिए किसानों से सहमति ली गई है। जिसमें 1300 किसानों ने धान के बदले दूसरी फसल ली है। उल्लेखनीय है कि धान के समर्थन मूल्य में वृद्धि होने के बाद अब पहले की तुलना में और भी ज्यादा किसान धान की खेती करने की तैयारी में जुट गए है। ज्ञात हो कि ग्रामीण अंचलों में किसान अपने अनुपयोगी या फिर खरीफफसलों के रूप में अभी तक जो दलहन या अन्य फसल लेते थे, अब उनकी जगह में धान फसल ले रहे हैं, जिससे इस वर्ष धान का रकबा घटने के बजाये बढ़ने के आसार है। जिले के किसान खेतों से खरपतवार ओर कचरे की सफाई करने के साथ में की ऊंचाई बढ़ाने और फैसिंग का इंतजाम कर चुके हैं। जिससे फसलों को पशुओं से बचाया जा सके। बारिश के बाद खेतों में नमीं आने पर खेतों की जुताई कर बोनी का कार्य लगभग शत-प्रतिशत हो चुका है तथा रोपा है। पद्धति से धान की उपज लेने के लिए दिये गये थरहा भी तैयार हो चुके हैं तथा किसान अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

एक सप्ताह के भीतर मिला स्थायी जाति प्रमाण पत्र

- कलेक्टर ने आवेदन को गंभीरता से लेते हुए करवाया त्वरित निराकरण
- राजस्व अमले ने घर पहुंचकर उपलब्ध कराया प्रमाण पत्र

बिलासपुर/नवप्रदेश। जन चौपाल जिले के दूर-दराज इलाकों से आने वाले ग्रामीणों के लिए काफी उपयोगी साबित हो रहा है। ग्रामीणों की छोटी से लेकर बड़ी समस्याओं का त्वरित निराकरण जन चौपाल के माध्यम से हो रहा है। गौरतलब है कि प्रत्येक मंगलवार को जिला कार्यालय में जन चौपाल आयोजित किया जाता है, जहां ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लोग अपनी समस्याओं एवं मांग से संबंधित आवेदन देते हैं। तखतपुर

विकासखण्ड के गनियारी तहसील की ग्राम लमेर निवासी श्रीमती उत्तरी कुमारी ने भी जन चौपाल में विगत 5 जुलाई को जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कलेक्टर श्री सौरभ कुमार के सामने अर्जी लगाई। कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने श्रीमती उत्तरी के आवेदन को गंभीरता से लेते हुए जाति प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश एसडीएम तखतपुर एवं जनपद पंचायत सीईओ को दिए। आवेदन करने के बाद प्रशासकीय औपचारिकताओं को पूरा करते हुए महज एक सप्ताह के भीतर ही 11 जुलाई को श्रीमती उत्तरी कुमारी का अनुसूचित जनजाति का स्थायी जाति प्रमाण पत्र बन गया। जिसे आज कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम तखतपुर श्री महेश शर्मा एवं तहसीलदार सिद्धी गवेल ने उनके घर पहुंचकर उन्हें उपलब्ध कराया। जाति प्रमाण पत्र प्राप्त होने से श्रीमती उत्तरी कुमारी काफी खुश है। उन्होंने खुशी-खुशी बताया कि अब उनकी समस्या दूर हो गई है, जिसके लिए वे काफी समय से बहुत परेशान थी।

प्रत्येक मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में ग्राम लमेर, तहसील गनियारी निवासी श्रीमती उत्तरी कुमारी ने जाति प्रमाण पत्र के लिए कलेक्टर को आवेदन दिया था। उन्होंने अपने आवेदन में बताया कि वे बोईरहा पारा ग्राम लमेर की मूल निवासी है। उनके पिता का नाम स्वर्गीय हीरासिंह पोर्ते है। 22 वर्ष पूर्व राजकुमार टंडन से उनकी शादी हुई। वे जाति प्रमाण पत्र बनवाना चाहती थी, लेकिन मायके परिवार वालों ने उन्हें मिशल नहीं दिया। उन्होंनें बताया कि वे पिछले 6 महीने से जाति प्रमाण पत्र के लिए भटक रही थी। इतना समय बीत जाने के बाद भी उनका जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पाया था। कलेक्टर ने श्रीमती उत्तरी के आवेदन को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जाति प्रमाण पत्र बनवाने के निर्देश दिए। श्रीमती उत्तरी का कहना है कि जाति प्रमाण पत्र मिल जाने से अब उनके रूके हुए काम आसानी से पूरे हो जाएंगे।

कमीशन का खेल! टेंडर कुछ का, सामग्री खपत कहीं और...

गुरुघासीदास राष्ट्रीय उद्यान का मामला

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। वनों की रक्षा के लिए काम करने वाला वन विभाग अब दूसरे कारणों से सुर्खियों में है। दरअसल पिछले कुछ वर्षो से वन विभाग का ध्यान वनों के बजाय निर्माण कार्यो को लेकर ज्यादा है। इसमें कुछ प्रभारी रेंजरों की इतनी पैठ विभाग में है कि सारे नियम-कायदे ताक पर रखकर काम कर लिया जाता है। इसका एक बड़ा उदाहरण अभी देखने को मिला जहा जिले में स्तिथ एक मात्र राष्ट्रीय उद्यान विभाग ने वर्ष 2021/22 में होने वाले निर्माण कार्यो में लगने वाली सामग्री के लिए टेंडर जारी किए। टेंडर भरने और खोलने की तारीख तय की गई, जहा कम दर भरने के कारण अम्बिकापुर के एक फर्म को फ रिस्ट विभाग में निर्माण कार्य जैसे भवन ,स्टाफ डेम ,सीसी सड़क, डाइक, रपटा व पुल निर्माण जैसे विभिन्न कार्यो मेब सामग्री सफ्लाई का टेंडर मिला लेकिन अचानक दर बढ़ जाने से वन विभाग में ठेकेदार ने मटेरियल सफ्लाई करना बंद कर दिया किन्तु विभाग ने फर्म पर क्या कार्यवाही की यह एक पहेली बन कर रह गया वही विभाग ने दूसरे नम्बर के फर्म से सामग्री लेना सुरु कर दिया किन्तु कोटेशन में भरे सामग्री के स्थान पर दूसरे कंपनी का सामग्री निर्माण कार्य में सफ्लाई देना सुरु कर दिया गया जब कि बिल कोटेशन में लगे सामग्री का लगने से अब वन विभाग के प्रभारी रेंजर की भूमिका को लेकर सवाल उठना लाजमी हैं जब कि यह खेल कमीशन के लालच में किया जा रहा यह विभाग के ही जानकारों का कहना हैं फिर भी जिम्मेदार खामोश हैं जब कि यही हाल विभाग में लगे जेसीबी टेंडर का हैं जहा टेंडर किसी और का व मशीन किसी और का जिससे कहीं न कही वन विभाग में जुगाड़ के नाम पर हो रहे खेल को लेकर अधिकारी की भूमिका को लेकर भी सवाल उठना लाजमी हैं। सूत्रों का कहना है कि हर साल वन विभाग में अधिकारियों की मिलीभगत से इस तरह से काम किया जाता हैं।

> वन विभाग में जो टेंडर हुआ है उसी सामग्री को क्रय करने का निर्देश हैं पहला ठेकेदार कीमत बढ़ने से सामग्री सफ्लाई नही कर पाया जिस कारण दूसरे नम्बर के ठेकेदार के द्वारा कोटेशन में दर्ज सामग्री को लिया जा रहा जहा कम कीमत की दूसरी सीमेंट व हैंड ब्रोकेन मेटल का उपयोग नही करना है इस संबंध में शिकायत नही मिला है फिर भी जांच कराया जायेगा।
>
> **एस सिंहदेव**, सहायक संचालक, गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान बैकुंठपुर

दूसरी कंपनी का इस्तेमाल किया सीमेंट

राष्ट्रीय उद्यान बैकुंठपुर के विभिन्न वनमार्ग व वन सीमा में निर्माणाधीन कार्य के लिये वन विभाग द्वारा विगत वर्ष टेंडर निकाला गया जहां सीमेंट अल्ट्राटेक व डबल बुल का कोटेशन लगा जहां नियम अनुसार ठेकेदार को इन्ही कंपनी का सीमेंट देना था किंतु वन क्षेत्र के प्रभारी अधिकारी जुगाड़ के संभावना को देखते हुए कम दाम का दूसरा सीमेंट व हैंड ब्रोकेन मेटल स्थानीय स्तर से लेकर कोटेशन पे निर्धारित उच्च दाम के सीमेंट व मेटल का बिल लगा भुगतान संबंधित फर्म को कर रहे जिससे कहि न कही अंतर की राशि मे गोलमाल होने की संभावना हैं वही जिम्मेदार कीमत बढ़ने का हवाला देकर इस मामले में अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते नजर आए साथ ही यही हाल ठेके में लगे जेसीबी मशीन टेंडर का भी हैं जहा जिम्मेदार अधिकारी जुगाड़ में ठेके के मशीन का उपयोग न कर बाहरी मशीन का उपयोग धड़ल्ले से कर रहे वही सूत्रों के अनुसार बाहरी मशीन जितनी लागत हैं उतना कार्य भी नही करने का आरोप हैं फिर भी संबंधित ठेकेदार को ही पूरा बिल भुगतान होने को लेकर शासकीय राशि मे हेर फेर होने की संभावना हैं। बहरहाल देखना यह होगा कि अब जिम्मेदार इस मामले में कुछ संज्ञान लेते हैं या फिर कमीशन के जुगाड़ में यह परंपरा इसी तरह चलता रहेगा क्यो की वन सीमा में आम जनता को बिना अनुमति जाना मना हैं वही मूल्यांकन भी इन्ही प्रभारी अधिकारी के देख रेख में बिना संबंधित इंजीनियर के निर्माण स्थल पर पहुँचे हो जाना है।

भूपेश सरकार किसानों, गरीबों और मजदूरों की सरकार है : डॉ. लक्ष्मी

नगरी/नवप्रदेश। सिहावा विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव के मुख्य आतिथ्य में मगरलोड ब्लाक के ग्राम पंचायत छिपली में सिहावा विधायक के अथक प्रयास से स्वीकृत मणिकंचन केंद्र का भूमिपूजन एवं छत्तीसगढ़ सरकार की महती योजना योजना नरवा गरवा घुरवा बारी के अंतर्गत निर्मित गौठान का लोकार्पण विधायक महोदया के कमलों संपन्न हुआ।

विधायक ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुखिया भूपेश बघेल ने नारा दिया था छत्तीसगढ़ के चार चिन्हारी नरवा, गरुवा, घुरवा, बारी ऐला बचाना है संगवारी। इसी योजना के तहत आज गरुवा योजना के अंतर्गत गौठान का लोकार्पण कर रहे। भूपेश बघेल सत्ता में आते ही किसानों के हित में काम करना चालू कर दिए थे।

भूपेश सरकार किसानों की सरकार है गरीबों की सरकार है मजदूरों की सरकार है। आज गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चों को पढ़ाने के लिए अंग्रेजी माध्यम स्कूल आत्मानंद स्कूल सभी ब्लाकों में खोला जा रहा है। आम जन मानस के स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जेनेरिक दवाई का दुकान खोला गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत छिपली के सरपंच अंजनी निषाद, विशेष अतिथि के रुप में ज्योति दिवाकर ठाकुर अध्यक्ष जनपद पंचायत, सुश्री कांति कंवर जिला पंचायत सदस्य,नरेंद्र निर्मलकर अध्यक्ष सरपंच संघ, डीहूराम साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मगरलोड, दीपा साहू जनपद सदस्य, शोभीराम नेताम प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव, डाकवर साहू महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मगरलोड, फूलजी सिन्हा, हरि साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति मोहंदी, जगजीत कौर एवं अध्यक्ष गौठान समिति भूषण लाल साहू उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का कोरबा प्रवास आज से

कोरबा/नवप्रदेश । भारत सरकार के अंतर्गत ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह 13 से 16 जुलाई तक कोरबा प्रवास पर रहेंगे। सिंह का 13 जुलाई को कोरबा आगमन होगा। केन्द्रीय मंत्री सिंह 14 जुलाई को सुबह 10 बजे भूमि संसाधन विभाग, भारत सरकार द्वारा प्लेनरी हॉल विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित नेशनल वाटर शेड कॉन्फ्रेंस में जिला पंचायत कार्यालय कोरबा से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से शामिल होंगे। इसके पश्चात जिला प्रशासन के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। साथ ही जिला पंचायत सभा कक्ष में भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के साथ वार्तालाप करेंगे। सिंह रात्रि आठ बजे घंटाघर चौक में स्थानीय मीडिया चैनल के साथ साक्षात्कार कार्यक्रम में शामिल होंगे। केंद्रीय मंत्री सिंह 15 जुलाई को सुबह साढ़े आठ बजे से विकास कार्य स्थलों का दौरा करेंगे। दोपहर 12 बजे रजकम्मा गांव में दौरा कर वार्तालाप में शामिल होंगे। दोपहर तीन बजे कोरकोमा गांव में दौरा कर वार्तालाप में शामिल होंगे। इसके पश्चात शाम साढ़े चार बजे प्रेस क्लब तिलक भवन में प्रेस कान्फ्रेंस कार्यक्रम में मीडिया कर्मियों से वार्ता करेंगे। 16 जुलाई को केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह रायपुर होते हुए दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

रेलवे चेयरमैन ने नहीं दिया समय, नाराज नेता पटरी पर बैठे

कोरबा/नवप्रदेश । कोरबा जिला पहुंचे रेलवे बोर्ड के चेयरमैन वी के त्रिपाठी ने स्थानीय लोगों को मुलाकात के लिए समय नहीं दिया। इससे नाराज होकर पूर्व गृह मंत्री व विधायक ननकीराम कंवर की अगुवाई में रेलवे स्टेशन में रेलवे संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने रेल पटरी के बीच बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद रेलवे के अधिकारियों ने गेवरा रोड स्टेशन में चेयरमैन त्रिपाठी से मुलाकात कराने का भरोसा दिलाया तब कहीं जाकर आंदोलन समाप्त हुआ।यात्री सुविधाओं की मांग को लेकर सुबह से ही चेयरमैन से मुलाकात करने कोरबा रेलवे स्टेशन में काफी संख्या में नागरिक इंतजार करते रहे। पर यहां मौजूद रेलवे के अधिकारियों ने चेयरमैन के आगमन से जुड़ी जानकारियां देने से भी कतराते रहे। इस बात से नाराज होकर पूर्व गृह मंत्री व विधायक ननकीराम कंवर शहर के बीच पवन टाकीज रेलवे क्रासिंग पहुंच गए और यहां रेल पटरी के बीच कुर्सी लगाकर धरने पर बैठ गए।

रेलवे संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने यहां जमकर नारेबाजी की। लाल कपड़ा लेकर आंदोलन कर रहे लोगों को समझाइश देने रेलवे के अधिकारी आरपीएफ के जवानों के साथ पहुंचे और चेयरमैन से मुलाकात कराने का आश्वासन दिया। बंद किए गए यात्री ट्रेनों व कुछ नए ट्रेनों को शुरू करने की मांग को लेकर लंबे समय से रेलवे संघर्ष समिति समेत कई अन्य समितियां आंदोलनरत है। चेयरमैन के आगमन के कार्यक्रम में कहीं भी यात्री सुविधाओं का जिक्र नहीं है। केवल साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड एसईसीएल की कोयला खदान में संचालित कोयला साइड का ही दौरा निर्धारित किया गया है। इस बात को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि क्या कोरबा को केवल कोयला परिवहन के लिए ही रेलवे ने चिन्हित कर रखा है।

रकम दोगुनी करने थमा दिया फर्जी चेक

कोरबा 12 जुलाई (आरएनएस)। पूर्व विधायक रामदयाल उइके के साथ पोड़ी.उपरोड़ा ब्लॉक के घोसरा, कुलहरिया,कोरबी, भुजंगकछार के ग्रामीण एसपी कार्यालय पहुंचे थे। इन्होंने बताया कि रकम दोगुना करने का लालच दिखाकर नरेश कुमार पटेल नाम का व्यक्ति ने एक कम्पनी के नाम पर रकम की वसूली की। बताया गया कि 3 साल के बाद दोगुनी रकम बीच-बीच में खाते में चेक के माध्यम से दिया जाएगा। लेकिन निवेश करने वाले ग्रामीणों को फर्जी चेक थमाया गया। कार्रवाई की मांग को लेकर पूर्व विधायक उइके के साथ अनिल कुमार,लक्ष्मण सिंह, सहस राम, बाल साय, छत्रपाल सिंह, जवाहिर, संतोष, भगत सिंह एसपी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया है।

4 नग लोहे की पटरी के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के द्वारा अवैध डीजल, सट्टा, कबाड़, कोयला के तस्करो के उपर अंकुश लगाने हेतु चलाये गये मुहिम में पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के निर्देशन, थाना प्रभारी कुसमुण्डा नवीन कुमार देवांगन केमार्ग दर्शन पर चौकी सर्वमंगला पुलिस के द्वारा पेट्रोलिंग के दौरान मुख़बिर सुचना पर सर्वमंगला चौक के आगे हसदेव पुल के पहले घेराबंदी कर टाटा एस सवार कथित आरोपी मनीष साहू, उम्र 20 वर्ष साकिन राम सागर पारा कोरबा, हरीनाथ कुम्हार उम्र 42 वर्ष साकिन राम सागर कोरबा से चोरी की मशरूका रखे होने के संदेह पर धारा 41-1-4 जा फौ 379 भादवि के तहत कांक्रीट ढलाई की मशीन में उपयोगी 04 नग लोहे की पटरी कीमती 80000 रूपये एवं घटना में प्रयुक्त वाहन टाटा एस कीमती 300000 रूपये कुल कीमती 380000 रूपये को जप्त किया गया है ।

अनब्रांडेड प्रीपेड खाद्यान्नों पर लगे 5 प्रतिशत जीएसटी से मुक्त रखने सांसद संसदीय सचिव को सौपा ज्ञापन

प्रीपेड खाद्यान्नों पर लगे 5 प्रतिशत जीएसटी घटाए-वली मोहम्मद

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज अध्यक्ष कांकेर प्रदेश सलाहकार हाजी वली मोहम्मद छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज अध्यक्ष कांकेर इकाई कैट शैलेंद्र सिंह गौरव मिश्रा ने कांकेर सांसद मोहन मंडावी विधायक संसदीय सचिव शिशुपाल शोरी

को ज्ञापन सौंप अनब्रांडेड प्रीपेड खाद्यान्नों पर लगे 5 प्रतिशत जीएसटी से मुक्त रखने की मांग किया गया है।

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज अध्यक्ष कांकेर प्रदेश सलाहकार हाजी वली मोहम्मद ने बताया कि जीएसटी कॉउंसिल द्वारा हाल ही में हुई अपनी मीटिंग में पैक कि, अथवा लेबल लगाए गए सभी प्रकार के खाद्य पदार्थों एवं कुछ अन्य वस्तुओं को जीएसटी के दायरे में लाने की सिफारिश पर देश के खाद्यान्न व्यापारियों में बेहद निराशा है। क्योंकि इससे आम सामान की कीमत पर बड़े ब्रांड का कारोबार बढ़ेगा अब तक ब्रांडेड नहीं होने पर विशेष खाद्य पदार्थों अनाज आदि को जीएसटी से छूट दी गई थी। कॉउन्सिल के इस निर्णय से प्री.पैकए प्री.लेबल दही, लस्सी और बटर मिल्क सहित प्री. पैकेन्ड और पी लेबल रिटेल पेक पर मी अब जीएसटी कर लगेगा और देश भर में 6500 से अधिक अनाज मंडियों में खाद्यान्न व्यापारियों के व्यापार में बड़ा अवरोध आएगा।

निश्चित रूप से जीएसटी कर संग्रह में वृद्धि होनी चाहिए किन्तु आम लोगों की वस्तुओं को कर स्लैब में लाने के बजाय कर का दायरा बड़ा करना चाहिए जिसके लिए जो लोग अभी तक कर दायरे में नहीं आये है, उनको कर दायरे में लाया जाए जिससे केंद्र एवं राज्य सरकारों का राजस्व बढ़ेगा। इस संबंध में हम सरकार के साथ सहयोग करने के लिए सदैव तत्पर हैं। आजादी से अब तक खाद्यान्न पर कभी भी कर नहीं था किन्तु पहली बार बड़े ब्रांड वाले खाद्यान्न को कर दायरे में लाया गया। सरकार की मंशा आम लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों को कर से बाहर रख उनके दाम सदैव कम रखने की रही है।इसलिए ही वर्ष 2017 में तत्कालीन वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली ने इन जरूरी वस्तुओं को कर से बाहर रखा और इस बात को ध्यान में रखते हुए हमारा आपसे आग्रह है कि प्री पैक्ड एवं प्री. लेबल वस्तुओं पर पूर्व की भाँति जीएसटी को कर रहित किया जाए।इस संदर्भ में हमारा निवेदन है कि देश में सभी बड़े ब्रांड की कंपनियां देश की आबादी के केवल 15 प्रतिशत जिसमें उच्चतम वर्ग, उच्च वर्ग एवं उच्च मध्य वर्ग के लोगों की ही जरूरतों की पूर्ती करते हैं जबकि बड़े स्तर पर देश के सभी राज्यों में छोटे निर्माता जिनका अपना लोकल लेबल ही होता है देश की 85 प्रतिशत आबादी की मांग को पूरा करते हैं ऐसे में इन वस्तुओं के जीएसटी में कर दायरे में आने से जहाँ छोटे निर्माताओं एवं व्यापारियों पर कर पालन का बोझ बढ़ेगा वहीं आम लोगों को मिलने वाली बुनियादी वस्तुएं भी महंगी हो जाएंगी।

श्रृंगी ऋषि आश्रम में सवा लाख जप साधना

नगरी/नवप्रदेश। 10 जुलाई को सवा लाख जप साधना श्रृंगी ऋषि आश्रम में लगभग 120 साधकों के साथ हुआ और 38 नग पौधा का रोपण किया गया। इस कार्यक्रम में रमेश कुमार सार्वा एवं माता रामकुंवर सार्वा के द्वारा भोजन प्रसाद का व्यवस्था किया गया था। साधना क्रम का यह तीसरा स्थान है।

आगामी साधना कर्क ऋषि आश्रम केकराडोंगरी में सम्पन्न होगा। इस महाअभियान में मुख्य रूप से बलराम कंचन, चित्रभानु तेजस, राम कुमार सामरथ, शिवकुमार सरोज, कृष्णा मरकाम, प्रभु नेताम, सुखनाथ नेताम, अमर सिंह नेताम, ईश्वर सोरी, लखन साहू, कुलदीप भारती, टेमन कश्यप, भुनेश्वर नागवंशी, रमेश साहू, शेखर कुंजाम, ओम प्रकाश नागवंशी, सुदेलाल भास्कर, सोनाऊराम यादव, हिमसागर वट्टी, वेद गंजीर, शशिकला बैरागी, रिंकेश्वरी साहू, साधना अग्रवाल, चंद्रकला कश्यप, गायत्री बोदले, अमीला सामरथ, धारणी कश्यप, किरण साहू, कौशिल्या भारती अनेक साधक भाई बहनों ने इस अभियान में योगदान दिया।

सीडबॉल महोत्सव के साथ वृक्षारोपण

कोरबा/नवप्रदश। प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को राज्य भर में सीड बाल महोत्सव के माध्यम से वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है जिसके तहत आज 11 जुलाई को कोरबा से 6 परिक्षेत्रों में वृक्षारोपण के साथ साथ सीडबॉल और बीजों का छिड़काव किया गया। जिले में वन क्षेत्र बढ़ाने के लिए पौधरोपण हर साल किया जाता है। इसके लिए पौधों की नर्सरी तैयार की जाती है वहां से पौधों को भेजा जाता है, पिछले तीन वर्षो से जिले में वन विभाग सीड बॉल से पौधे लगाने का कार्य कर रहा है। माह भर पहले से कोरबा वनमंडल के सभी परिक्षेत्रों में सीड बॉल बनाई गई और अब उन बॉलों को खाली जगहों में बिगड़े वनों में डाला जा रहा है, ताकि वे समय के अनुसार स्वयं पौधे के रूप में विकसित हों। वन विभाग द्वारा एक लाख सीड बॉल तैयार की गई है। सीरस, शीशम, हर्रा, बहेड़ा, जामुन, बेर, तेंदू व चार के बीजों का सीडबॉल तैयार किया गया था एक माह पूर्व से की जा रही थी अब उसे खाली स्थानों में जोताई कर सीड बॉल डाला गया है एवं बीजों का छिड़काव किया गया है।

बॉल में डाले गए बीज बड़ी आसानी से लग जाते हैंए जहां ये बीज उगते हैंए वह प्राकृतिक पौधे होते हैं। इससे वनों का विस्तार तो होता ही है। एक फायदा ये भी है कि इन्हें दूसरी जगह रोपने की आवश्यकता नहीं और जब ये बड़े होंगे तो जंगली जानवरों के रहने व फलदार पेड़ों से भोजन प्राप्त करने में भी मदद मिलेगी। सीड बॉल मिट्टी, गोबर खाद व सुपर फॉस्फेट डालकर गोल्फ बाल के साइज की बनाई गई है। इसके अंदर पौधों के बीज डाले गए हैं।

जिले के नए पुलिस कप्तान संतोष सिंह ने संभाला कार्यभार

कोरबा/नवप्रदश। कोरबा जिले में नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्माए कोरबा नगर पुलिस अधीक्षक योगेश साहू, एसडीओपी कटघोरा ईश्वर त्रिवेदी, दर्री नगर पुलिस अधीक्षक लितेश सिंह, यातायात डीएसपी शिवचरण सिंह परिहार, आर आई अनथ राम पैंकरा, सूबेदार भूनेश्वर कश्यप सहित अन्य पुलिस कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया।

आयुक्त से चर्चा के बाद निगम का घेराव स्थगित

कोरबा/नवप्रदेश । आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय तथा वार्ड क्र. 63 की पार्षद व प्रतिनिधि मण्डल सदस्यों के मध्य हुई आज सकारात्मक चर्चा के बाद 12 जुलाई को निगम का घेराव किए जाने का कार्यक्रम उनके द्वारा स्थगित कर दिया गया। चर्चा पश्चात पार्षद राजकुमारी कंवर ने आयुक्त को पत्र लिखकर घेराव स्थगित करने की लिखित सूचना दी है। यहॉ उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 63 मोंगरा की विभिन्न सड़क, पानी, स्ट्रीट लाईट व साफसफाई आदि से संबंधित समस्याओं के निराकरण व मांगों को लेकर वार्ड क्र. 63 की पार्षद एवं उनके साथियों द्वारा 12 जुलाई को निगम कार्यालय साकेत भवन का घेराव किए जाने का कार्यक्रम बनाया गया था, आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय के साथ उक्त प्रतिनिधि मण्डल की बैठक हुई तथा वार्ड की विभिन्न समस्याओं व मांगों पर सकारात्मक चर्चा की गई।

फूड टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में रोजगार की बेहतर संभावनाएं

बीटेक खाद्य प्रौद्योगिकी 4 वर्षीय पाठ्यक्रम एक नया अवसर

कांकेर/नवप्रदेश। भारत के शिक्षा परिदृश्य में पिछले कुछ वर्षों में काफी बदलाव आया है। युवा विद्यार्थी आज ज्ञानोन्मुखी शैक्षणिक पाठ्यक्रमों के स्थान पर रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों को प्राथमिकता देने लगे हैं। देश में रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों का महत्व दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी भी एक ऐसा पाठ्यक्रम है, जिसमें रोजगार-व्यवसाय की बेहतर संभावनाएं हैं। विगत कुछ वर्षा में खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी से संबंधित उपक्रम एक बड़े एवं विस्तृत रूप में सामने आये हैं। सर्वेक्षण के द्वारा यह मालूम किया गया है कि प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि होने से एवं बदलते समय के अनुसार व्यस्त जिन्दगी में शहरी लोगां की जीवन शैली में प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों की मांग में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इस प्रकार की स्थिति से हमारा प्रदेश भी अछूता नहीं है।

छत्तीसगढ प्रदेश में विभिन्न फसलों, सब्जियों, फलों एवं लघु अनाज एवं वनोपज की प्रचुरता को देखते हुए इस प्रदेश में भी खाद्य प्रौद्योगिकी से संबंधित प्रसंस्करण की तकनीकों का उपयोग करते हुए अनेक प्रकार के डब्बा बंद, प्रसंस्कृत उत्पाद, इंस्टैन्ट, रेडी टू ईट प्रकार के खाद्य व्यंजनों का निर्माण आसानी से किया जा सकता हैं। समय की कमी से लोग आज कल डब्बा बंद, प्रसंस्कृत उत्पाद, इंस्टैन्ट, रेडी टू ईट प्रकार के खाद्य व्यंजनों को वरीयता दे रहे हैं। फसल और फल सब्जियों का उत्पादन लगातार बढ़ता जा रहा हैं एवं उनकी खपत उस मौसम में न होने के कारण अधिकांश समय कृषकों को हानि की संभावना होती हैं। ऐसी स्थिति से बचने के लिये इन फसलों, फल, सब्जियों में खाद्य प्रौद्योगिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण की तकनीकों का उपयोग करके इनसे मूल्यवर्धित उत्पादों का निर्माण किया जा सकता है जिसे कि गैरमौसमी समयकाल में आसानी से उपयोग किया जा सकता है एवं ऐसा करने से कृषक समुदाय को आर्थिक लाभ आवश्यक रूप से प्राप्त होगा। इन फसलों से मूल्यवर्धित पदार्थ बनाने से प्रदेश के किसानो, युवाओं, महिला स्व सहायता समूहों को रोजगार प्राप्त करने में भी आसानी होगी। आशय यह है कि खाद्य प्रौद्योगिकी आधारित प्रसंस्करण के कार्य भविष्य के लिये अत्यंत उपयोगी हैं एवं इस क्षेत्र के बहुमुखी विकास हेतु मानव संसाधन का विकास करना अति आवश्यक है। देश के कई राज्यों ने इस विषय की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए अपने-अपने प्रदेशों जैसे महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, उत्तरप्रदेश आदि प्रदेशों में या तो अनुसंधान केन्द्र प्रारंभ किये गये या बी. टेक. (खाद्य प्रौद्योगिकी) के शैक्षणिक संस्थान प्रारंभ किये गये।

राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह बाबरा ने ली अधिकारियों की बैठक

उचित मूल्य दुकानों व जिला स्तर पर निगरानी समिति गठित करने दिये निर्देश

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष श्री गुरप्रीत सिंह बाबरा ने आज जिला कार्यालय कांकेर में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, मार्कफेड, शिक्षा, आदिवासी विकास विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर उपभोक्ताओं को राशन वितरण, स्कूलों में मध्यान्ह भोजन, आंगनबाड़ी केन्द्रां में पूरक पोषण आहार तथा आश्रम-छात्रावासों के भोजन में चांवल की गुणवत्ता, नमूना जांच इत्यादि के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों से जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य श्री नीतिन पोटाई, अपर कलेक्टर श्री एस.पी. वैद्य एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुमीत अग्रवाल भी उपस्थित थे।

बैठक के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए श्री गुरप्रीत सिंह बाबरा ने कहा कि सभी उचित मूल्य दुकानों, प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों तथा आश्रम-छात्रावासों और आंगनबाड़ी केन्द्रों में एक सप्ताह के भीतर छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के वेबसाईट को लिखकर प्रदर्शित किया जावे ताकि खाद्यान्न में गुणवत्ता संबंधी शिकायत उक्त वेबसाईट के माध्यम से आयोग में की जा सके। उचित मूल्य दुकानों तथा जिला स्तर पर निगरानी समिति का गठन किया जाये तथा प्रत्येक दुकान में खाद्यान्न-चांवल, गुड़, चना का सेम्पल रखा जावे। फोर्टिफाइड चांवल के फायदों का प्रचार-प्रसार भी किया जाये। उचित मूल्य

दुकानों का संचालन यथासंभव शासकीय भवनों से ही किया जावे। आंगनबाड़ी केन्द्रों के पूरक पोषण आहार का भी नियमित रूप से सेम्पल लेकर उसकी जांच कराई जाये।

अपर कलेक्टर श्री एस.पी. वैद्य ने उन्हें जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य के लिए फोर्टिफाइड चांवल फायदेमंद होने का प्रचार-प्रसार कांकेर जिले में व्यापक रूप से किया गया है, जिससे लोगों में भ्रांतियां दूर हुई हैं। उन्होंने बताया कि जिले के सभी 454 ग्राम पंचायतों में 457 तथा शहरी क्षेत्रों में 30 उचित मूल्य दुकानों का संचालन किया जा रहा है तथा वहां पर निगरानी समिति भी गठित की गई है। जिले में 487 उचित मूल्य दुकानों में से 359 उचित मूल्य दुकान स्वयं के भवन तथा 116 दुकान अन्य शासकीय भवनों में और 12 दुकानें किराये के भवनों में संचालित हो रहे हैं। खाद्य अधिकारी टी.आर. ठाकुर ने बताया कि ग्राम पंचायतों में प्रति सप्ताह आयोजित ग्रामीण सचिवालय के माध्यम से राशन कार्ड में नाम जोड़ने, काटने अथवा नवीन राशन कार्ड बनाने का कार्य भी किये गये हैं। उन्होंने उचित मूल्य दुकानों में खाद्यान्न का भंडारण एवं उसके वितरण के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जिले के 34 पहुंचविहीन केन्द्रों में 04 माह का खाद्यान्न भंडारण किया गया है। उपभोक्ता अपनी पात्रता एवं क्षमता के अनुसार दो माह अथवा चार महीने का खाद्यान्न एक साथ खरीद सकते हैं। जिला विपणन अधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि जिले के 77 हजार 948 किसानों से 31 लाख 89 हजार 744 क्विंटल धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर किया गया है।

स्कूल, आंगनबाड़ी एवं उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण

छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष श्री गुरप्रीत सिंह बाबरा ने आज आदर्श कन्या आश्रम सिंगारभाट तथा शासकीय उचित मूल्य दुकान सिंगारभाट एवं बरदेभाठा और आंगनबाड़ी केन्द्र राजापारा का निरीक्षण कर वहां की सुविधाओं का जायजा लिया। उचित मूल्य दुकान सिंगारभाट में खाद्यान्न का स्टेकिंग सही ढंग से नहीं करने और रजिस्टर संधारित नहीं करने पर नाराजगी व्यक्त किया गया। उचित मूल्य दुकान बरदेभाठा के निगरानी समिति की बैठक में सभी सदस्यों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए समझाईश दी गई। आदर्श कन्या आश्रम सिंगारभाट तथा आंगनबाड़ी केन्द्र राजापारा के निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों से बातचीत कर उन्हें उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। कन्या आश्रम सिंगारभाट में गार्ड की व्यवस्था करने के लिए सहायक आयुक्त को निर्देशित किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों द्वारा प्रस्तुत गीत से वे प्रसन्न हुए।

केन्द्रीय भण्डारण निगम
(भारत सरकार का उपक्रम)
क्षेत्रिय कार्यालय : 75 अरेरा हिल्स, भोपाल - 462011,
फोन नं. : 0755-2571275, 2559979

ई-निविदा आमंत्रण हेतु सूचना

केन्द्रीय भण्डारण निगम, क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल में किराए पर कुल 02 कार/टैक्सी (01 प्रीमियम एसयूवी एवं 01 सेडान कार) उपलब्ध करवाने हेतु प्रतिष्ठित एजेंसियो/संगठनों/अनुभवी ठेकेदारों से दो बोली प्रणाली के तहत ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा निगम की वेबसाइट https://www.cewacor.nic.in https://www.cwceprocure.com पर उपलब्ध है जो दिनांक 13.07.2022 (10.00 बजे) से 27.07.2022 (15.00 बजे) तक वेबसाइट पर देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। ऑनलाइन ई-निविदा जमा करने की अंतिम तारिख 28.07.2022 (15.00 बजे) तक है।

क्षेत्रिय प्रबंधक

भारत सरकार के डीजी इम्पैनल में डीजीपी जुनेजा भी शामिल

■ देशभर से चुने गए 11 अफसर, 2 आईएएस अफसर भी इंपेनल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पुलिस के डीजीपी अशोक जुनेजा केंद्र सरकार की छत्र लिस्ट में शामिल हो गए हैं। भारत सरकार ने डीजी इम्पैनल पैनल लिस्ट जारी की है, इसमें अशोक जुनेजा का भी नाम है। जुनेजा के अलावा 89 बैच के 11 आईपीएस अधिकारियों को इस लिस्ट में जगह दी गई है। छत्तीसगढ़ पुलिस के चीफ अशोक जुनेजा, केंद्रीय लिस्ट में आ चुके हैं। इससे पहले भी वह केंद्रीय एजेंसियों के लिए काम कर चुके हैं। जुनेजा ने नारकोटिक्स ब्यूरो, दिल्ली

कॉमनवेल्थ गेम्स में अपनी सेवाएं दी है। इस लिस्ट में शामिल होने के बाद अब यदि केंद्र की एजेंसी में अशोक जुनेजा सर्विस के लिए जाते हैं तो उन्हें डीजी रैंक के औहदे दिए

जाएंगे, जानकार बताते हैं कि इससे पहले विश्व रंजन प्रदेश के ऐसे अफसर थे जो डीजी इंम्पैनल हुए थे। विश्व रंजन प्रदेश के डीजीपी रह चुके हैं।

मुकेश बंसल व रजत कुमार भी हुए इंपेनल

भारत सरकार में छत्तीसगढ़ के दो आईएएस अफसरों को जॉइन्ट सेकेट्री के लिए इंपेनल किया है। इनमें मुकेश बंसल एवं रजत कुमार शामिल है। ये दोनों 2005 बैच के छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस अफसर हैं। तथा केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर पोस्टेड है। मुकेश बंसल केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के विशेष सहायक हैं तो वहीं रजत कुमार जनगणना निदेशालय में कार्यरत है।

13 से 15 जुलाई तक प्रशिक्षण देने स्वनिधि महोत्सव का होगा आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत पथ विक्रेताओं के सम्मान में डिजिटल प्रशिक्षण देने स्वनिधि महोत्सव का आयोजन नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा किया जा रहा है। इस स्व निधि महोत्सव के दौरान पथ विक्रेताओं के कल्याणार्थ वित्तीय सहायता प्रदान करने वाली योजना पीएम स्व निधि योजना से संबंधित डिजिटल प्रशिक्षण का आयोजन दिनांक 13 से 15 जुलाई तक किया जा रहा है, जिसमें पथ विक्रेताओं को डिजिटल लेन-देन तथा इससे संबंधित आवश्यक जानकारियां बैंकों एवं डिजिटल पेमेंट एग्रीग्रेटर्स के माध्यम से प्रदान की जावेंगी साथ ही उक्त तिथि में लोन मेला का आयोजन नगर निगम के स्तर पर किया जा रहा है, जिसमें डे-एनयूएलएम के स्वरोजगार कार्यक्रम अंतर्गत व्यवसाय बढ़ाने अथवा नये व्यवसाय को प्रारंभ करने हेतु बैंकों के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु शहरी गरीबों के आवेदन आमंत्रित किये जावेंगे साथ ही पथ विक्रेता, जो पीएम स्वनिधि योजना से ऋण लेने हेतु इच्छुक है, लोन मेला के दौरान आवेदन कर सकते हैं। डिजिटल प्रशिक्षण एवं लोन मेला में उपस्थित होकर स्वरोजगार सहित व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु वित्तीय सहायता विषयक जानकारी प्राप्त कर सकते है।

जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग के लिए 2.57 करोड़ रूपए की स्वीकृति

रायपुर। जल संसाधन विभाग मंत्रालय छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गरियाबंद जिले के छुरा विकासखण्ड अंतर्गत बोहिरगांव जलाशय का शीर्ष तथा स्पील चैनल का जीर्णोद्धार एवं मुख्य नहर एवं शाखा नहरों का लाईनिंग कार्य के लिए दो करोड़ 57 लाख तीन हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार रायपुर को प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 188 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग के लिए 2.97 करोड़ रूपए की स्वीकृति

रायपुर। जल संसाधन विभाग मंत्रालय छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राजनांदगांव जिले के छुरिया विकासखण्ड की भण्डारी भरदा जलाशय का जीर्णोद्धार एवं लाईनिंग कार्य के लिए दो करोड़ 97 लाख 75 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार रायपुर को प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 513 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

छत्तीसगढ़ में अब तक 308.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

रायपुर। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 308.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज 12 जुलाई तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 714.4 मिमी और बलरामपुर जिले में सबसे कम 120.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा में 140.9 मिमी, सूरजपुर में 189.3 मिमी, जशपुर में 138.2 मिमी, कोरिया में 210.5 मिमी, रायपुर में 193.3 मिमी, बलौदाबाजार में 292.2 मिमी, गरियाबंद में 331.9 मिमी, महासमुंद में 289.7 मिमी, धमतरी में 316.9 मिमी, बिलासपुर में 332.0 मिमी, मुंगेली में 374.3 मिमी, रायगढ़ में 262.2 मिमी, जांजगीर-चांपा में 395.6 मिमी, कोरबा में 237.4 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 378.9 मिमी, दुर्ग में 284.9 मिमी, कबीरधाम में 273.0 मिमी, राजनांदगांव में 330.8 मिमी, बालोद में 376.9 मिमी, बेमेतरा में 230.2 मिमी, बस्तर में 429.5 मिमी, कोण्डागांव में 373.2 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई। , कांकेर में 418.7 मिमी, नारायणपुर में 348.6 मिमी, दंतेवाड़ा में 335.2 मिमी और सुकमा में 323.3 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

एक अगस्त से फिर होगी विभागीय परीक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। गृह विभाग द्वारा आगामी एक अगस्त से फिर से विभागीय परीक्षा ली जाएगी। गृह सी विभाग द्वारा संचालित यह परीक्षा 8 अगस्त 2022 तक चलेगी। परीक्षा के लिए शासकीय छत्तीसगढ़ कॉलेज बैरन बाजार, रायपुर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। रायपुर संभाग में शामिल सभी जिलों के परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ कॉलेज में परीक्षा दे सकते है।

विभागीय परीक्षा का परिणाम घोषित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन गृह विभाग द्वारा ली गई विभागीय परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। गृह-सी विभाग द्वारा यह परीक्षा 24 जनवरी से 31 जनवरी के बीच शासकीय छत्तीसगढ़ कॉलेज, बैरन बाजार में ली गई थी। इस परीक्षा का परिणाम रायपुर संभाग के कमिश्नर कार्यालय में उपलब्ध है। परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थी अपना परिणाम कमिश्नर कार्यालय जाकर अवलोकन कर सकते है।

एम्स में रोजाना औसतन 15 रोगियों की कोलपोस्कोपी

■ गर्भाशय कैंसर को कोलपोस्कोपी की मदद से जल्द पहचाने वायरस और कैंसर के शीघ्र इलाज में कारगर तकनीक

रायपुर/नवप्रदेश। विशेषज्ञों ने बढ़ते गर्भाशय कैंसर की रोकथाम के लिए कोलपोस्कोपी के अधिक से अधिक उपयोग पर जोर दिया है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान द्वारा आयोजित सीएमई में 25 वर्ष से अधिक आयुवर्ग की सभी विवाहित महिलाओं की गर्भाशय कैंसर की नियमित जांच पर जोर देते हुए नई तकनीक की मदद से गर्भाशय कैंसर को जल्द पहचान कर उसका समय पर उपचार करने का आह्वान किया गया।

एम्स के स्त्री रोग विभाग और फोग्सी के अंतर्गत रायपुर आब्स एंड गायनी सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में 'स्वस्थ सुंदर नारी, प्रीवेंटिंग द प्रीवेंटिबल' विषय पर आयोजित सीएमई का उद्घाटन करते हुए निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने कहा कि एम्स नई तकनीक को प्रदेश के सभी चिकित्सकों तक पहुंचाने के लिए सतत् प्रयासरत है। इस दिशा में स्त्री रोग विभाग की ओर से आयोजित कोलपोस्कोपी कार्यशाला प्रदेश के चिकित्सकों को इसकी सहायता से उपचार करने और महिलाओं के गर्भाशय कैंसर की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि गर्भाशय कैंसर के बढ़ते रोगियों को देखते हुए कोलपोस्कोपी एक कारगर तकनीक बन सकती है।

डीन (अकादमिक) और कार्यशाला की आयोजक प्रो. सरिता अग्रवाल ने बताया कि एम्स के स्त्री रोग विभाग की ओपीडी में प्रतिदिन औसतन 45 संदिग्ध गर्भाशय कैंसर के रोगी आते हैं जिनमें से लगभग 15 की प्रतिदिन कोलपोस्कोपी जांच की जाती है। उन्होंने कहा कि एम्स में 25 वर्ष से अधिक आयु की विवाहित महिलाओं की नियमित गर्भाशय की जांच की जाती है जिससे समय पर इसका पता लगाकर उपचार प्रारंभ किया जा सके। उन्होंने कहा कि यदि गर्भाशय के मुहाने पर कोई भी संदिग्ध सेल मिलती है या अनियमित रूप से रक्त प्रवाह पाया जाता है तो कोलपोस्कोपी जांच की जा सकती है।

रायपुर की सीएमएचओ डॉ. मीरा बघेल ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं सीएचसी स्तर पर भी आयोजित की जा सकती हैं जिससे प्रदेश के प्रत्येक भाग में यह जांच आसानी से उपलब्ध हो सके। गायनी आंकोलॉजी कमेटी की अध्यक्ष डॉ. प्रिया गणेश कुमार ने सीएमई में लगभग 100 प्रतिभागियों को लाइव डेमोस्ट्रेशन के माध्यम से कोलपोस्कोपी जांच की मदद से गर्भाशय कैंसर की पहचान और इसके बाद इलाज के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। सीएमई में डॉ. तब्बसुम डाला, डॉ. मोनिका पाठक, डॉ. पुष्पावती और डॉ. नीलज बागडे ने भी भाग लिया।

भाजपा जनता के बीच जायेगी तो जनता उनको माकूल जवाब देगी : कांग्रेस

■ मोदी सरकार के आठ सालों का हिसाब जनता को देना होगा

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भाजपा कार्यसमिति की बैठक में कांग्रेस की तथाकथित पोल खोलो अभियान भाजपा की हास्यास्पद कवायद है, जो भाजपा पिछले साढ़े तीन साल में कांग्रेस सरकार के खिलाफ एक आंदोलन खड़ा नहीं कर पायी वह कांग्रेस की क्या पोल खोलेगी? भाजपाई, कांग्रेस सरकार की पोल खोलों के बहाने ही जब जनता के बीच जायेंगे तो जनता उनके केंद्र सरकार की पोल खोलेगी, लोग पूछेंगे अच्छे दिन कब आयेंगे? 15 लाख उनके खातों में कब आयेंगे? हर वर्ष दो करोड़ युवाओं के रोजगार का क्या हुआ? लोग पूछेंगे महंगाई दूर करने का वायदा कर सत्ता में आई भाजपा मोदी के राज में महंगाई बेतहाशा बढ़ गई, जनता इनका भी जवाब मांगेगी। मोदी सरकार की नीतियों के कारण देश में महंगाई और बेरोजगारी जैसी कई समस्यायें बढ़ रही है। जिनके कारण लोगों के जीवन में लगातार संकट पैदा हो रहा है। मोदी सरकार में एक तरफ पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम आसमान छू रहे है और दूसरी तरफ जीएसटी की दरों में बढ़ोत्तरी के कारण दिक्कतें बढ़ रही है। भाजपा राज में रसोई गैस सिलेंडर की कीमतें 157 प्रतिशत बढ़ी, रिकार्ड तोड़ महंगा पेट्रोल, गब्बर टैक्स की लूट और बेरोजगारी की सुनामी आई। भाजपा को जनता को इसका जवाब देना होगा।

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भाजपा की बैठक उनकी फिज़ूल की कवायद साबित होगी। छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी विश्वास और मुद्दों के संकट के दौर से गुजर रही है। भाजपा में न नेता है और न नीति है। राज्य के नेता जनता के साथ-साथ अपने केंद्रीय नेतृत्व का भी भरोसा खो चुके है। कांग्रेस सरकार के द्वारा पिछले साढ़े तीन साल के कामों के कारण भाजपा के पास ऐसा कोई मुद्दा नहीं बचा है जिसको लेकर भाजपा जनता के बीच जा सके।

रायपुर में सात ब्लैक स्पॉट, सुधार के लिए सड़क सुरक्षा समिति में हुई चर्चा

14 जगहों पर लगेंगे ऑटोमेटिक सिंगल, चौक-चौराहों और सड़कों पर होगी मार्किंग

रिंग रोड की सर्विस सड़क चौड़ीकरण, विद्युत खंभे हटाने का काम भी तेज होगा

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर शहर में सड़क और यातायात को नियंत्रित कर सुरक्षित आवागमन के लिए आज जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में गहन विचार विमर्श किया गया। बैठक में लोकसभा सांसद सुनील सोनी सहित कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल भी शामिल हुए। बैठक में रायपुर में सात अति दुर्घटनाजन्य जगहों पर दुर्घटनाएं रोकने के लिए किए जाने वाले उपायों पर भी चर्चा की गई। बैठक में रिंग रोड नं 1 पर पचपड़ी नाका, कुशालपुर और रायपुरा फ्लाईओवर के पास सर्विस रोड और सड़क किनारे लगे हाई टेंशन बिजली के खंबों को हटाकर सर्विस रोड को चौड़ी करने का काम तेजी से शुरू कराने पर भी चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रवि मित्तल, नगर निगम रायपुर के आयुक्त मयंक चतुर्वेदी, ए.डी.एम एन.आर.साहू, नगर निगम बिरगांव के आयुक्त श्रीकांत वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात मंडावी, डी.एस.पी ट्रैफि क सतीश ठाकुर, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण के प्रतिनिधि और लोक निर्माण विभाग सहित संबंधित विभाग के अधिकारी भी शामिल हुए।

रायपुर जिले के सात ब्लैक स्पॉट- रायपुर जिले में इस समय ऐसे सात ब्लैक स्पॉट है। इनमें राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 53 पर टाटीबंद चौक, पिंटू ढाबा से सिरीखेड़ी ओवरब्रिज कटिंग तक, मंदिरहसौद बस स्टैंड चौक तथा महात्मा गांधी सेतु महानदी पारा गांव, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर मेटल पार्क मोड़ से धनेली नाला, सिलतरा मोड़ से सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सामने तक सिलतरा तथा दैनिक भास्कर प्रेस से सिंघानिया चौक तक उरला शामिल है। बैठक में टाटीबंध चौक फ्लाईओवर निर्माण की प्रगति की भी जानकारी सदस्यों ने ली। यह आवागमन को सुरक्षित और सुगम्य बनाने के लिए गढ्ढों की मरम्मत कराने पर सहमति बनी। पिंटू ढाबा से सिरीखेड़ी ओवरब्रिज कटिंग तक स्थाई डिवाईडर बनाने की स्वीकृति की जानकारी एन.एच.ए.आई के प्रतिनिधियों द्वारा दी गई। मंदिरहसौद बस स्टैंड चौक पर बिलंकर मोड में सिग्नल लगाने पर भी बैठक में सहमति बनी। इसी प्रकार राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर मेटल पार्क मोड़ से धनेली नाला पर दोंनो तरफ सड़क समतलीकरण कराया जाएगा।

कलेक्टर का अवैध प्लाटिंग पर रोक और राजस्व रिकॉर्ड सुधार पर फोकस

■ जनचौपाल में मिले आवेदनों पर तत्काल अधिकारियों को समाधान के निर्देश

■ कठिया हाई स्कूल में बनेंगे तीन अतिरिक्त कमरे, अवैध प्लाटिंग पर एसडीएम को जांच के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनचौपाल में आए लोगों की समस्याओं और मांगो को सुना। आज की जनचौपाल में मिले आवेदनों में से अवैध प्लाटिंग और राजस्व रिकॉर्ड सुधार के आवेदनों पर कलेक्टर ने विशेष गंभीरता दिखाई और एसडीएम तथा राजस्व अधिकारियों को इनके त्वरित निराकरण के लिए कहा। कलेक्टर ने जनचौपाल में मिले आवेदनों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों से फोन कर के समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। कलेक्टर ने लोगों से मिले आवेदनों को त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों को भी भेजा। आज जनचौपाल में 40 से अधिक लोगों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर अपनी समस्याएं कलेक्टर डॉ भुरे को बताई।

अभनपुर विकासखंड के सोंठ गाव निवासी प्रवीण साहू ने गोबरा-नवापारा छांटा मुख्य मार्ग पर कृषि और शासकीय भूमि पर भू-माफियों द्वारा अवैध प्लाटिंग करने की शिकायत की। कलेक्टर ने इस पर तत्काल अभनपुर के अनुविभागीय राजस्व अधिकारी को जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने और कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनचौपाल में तिल्दा विकासखंड के कठिया गांव में हाई स्कूल का भवन नही होने की जानकारी कलेक्टर को दी गई। स्कूल के प्राचार्य ने कक्षाओं और कार्यालय का संचालन पूर्व माध्यमिक शाला के भवन से होने की जानकारी दी। उन्होंने शाला का भवन नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्राभावित होने की बात भी कही। डॉ भुरे ने इसे गंभीरता से लेते हुए कठिया के सरकारी हाई स्कूल के लिए मौके पर ही तीन अतिरिक्त कक्ष निर्माण की स्वीकृति खनिज न्यास मद से करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

आरंग तहसील के ग्राम चोरहाडीह निवासी चंद्रकुमार ने अपनी कृषि भूमि को अपने बेटे के नाम पर करने में देरी करने की शिकायत कलेक्टर से की। डॉ भुरे ने इसे गंभीरता से लेते हुए, आरंग के तहसीलदार को प्रकरण पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनचौपाल में ग्राम अकोली-माढंर के पहारी तालाब पर अतिक्रमण कर बनाए गए मकान हटवाने की मांग के साथ मनरेगा के कामों की मजदूरी भुगतान नहीं होने की शिकायत भी आई। कलेक्टर ने दोनो ही मामलों में जिला पंचायत की सीईओ को निरीक्षण कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अभनपुर तहसील के ही छछानपैरी गांव के युवक ने ग्राम पंचायत के माध्यम से कराए गए सड़क निर्माण और तालाब गहरीकरण के काम की मजदूरी नहीं मिलने की शिकायत कलेक्टर से की। दोनो ही काम महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना से कराए गए है। कलेक्टर डॉ भुरे ने प्रकरण कर जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दिए।

मोर महापौर मोर द्वार में सामुदायिक भवन के लिए 5 लाख देने की घोषणा

■ आज खम्हारडीह साहू समाज भवन एवं नगर निगम शंकर नगर पानी टंकी जोन कार्यालय में शिविर

रायपुर/नवप्रदेश। मोर महापौर मोर द्वार कार्यक्रम के तहत तेरहवें दिन का पहला शिविर निगम जोन 9 के पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड कमांक 8 के हाट बाजार कचना एवं दूसरा शिविर जोन 3 के कालीमाता वार्ड 11 के खपरा भठ्ठी सामुदायिक भवन वार्ड पार्षद कार्यालय के सामने लगाया गया। आज दोनों वार्ड के शिविर में पहुंचकर महापौर एजाज ढेबर ने रायपुर उत्तर विधायक एवं छ.ग. राज्य गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष कुलदीप सिंह जुनेजा, धरसींवा विधायक अनिता योगेन्द्र शर्मा, रायपुर जिला ग्रामीण सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज शर्मा, निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी, एमआईसी सदस्य सर्वश्री नागभूषण राव, सुन्दरलाल जोगी, रितेश त्रिपाठी, अजीत कुकरेजा, सतनाम सिंह पनाग, सुरेश चन्नावार, जितेन्द्र अग्रवाल, द्रौपती हेमंत पटेल, जोन 3 अध्यक्ष डॉ. प्रमोद साहू, जोन 9 अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, वार्ड पार्षद गोपेश साहू समेत निगम अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति में नागरिकों की समस्याएं सुनीं एवं उनका

हरसंभव तरीके से त्वरित निदान अपने सामने मिनटों में करवाया। महापौर ने शिविर वार्ड 8 में एनयूएलएम की ओर से जैकलिन विषाल को व्यक्तिगत ऋ ण योजना का आवेदन तत्काल स्वीकृत करवाकर 2 लाख के ऋ ण का बैंक लिंकेज जारी कर ई रिक्षा की चॉबी एमआईसी सदस्यों, जोन अध्यक्ष, वार्ड पार्षद की उपस्थिति में प्रदत्त की। 4 महिला स्वसहायता समूहों को 40 हजार राशि के धनादेश आवर्ती निधि के तौर पर प्रतत्त किये गये। व्यक्तिगत ऋण योजना में वार्ड 8 के शिविर में एनयू एलएम के स्टाल में 4 नये आवेदन प्राप्त हुए जिन्हें तत्काल प्रक्रिया में ले लिया गया।

विधायक ने 5 लाख देने की घोषणा

नगर निगम जोन 3 के कालीमाता वार्ड में रायपुर उत्तर विधायक कुलदीप सिंह जुनेजा ने पार्षद अमितेष भारद्वाज सहित जनता की मांग पर वार्ड के तहत शक्ति नगर के सामुदायिक भवन को नया स्वरूप देने रायपुर उत्तर विधायक निधि से जनसम्पर्क स्वेच्छानुदान मद से मंच से 5 लाख रू. का अनुदान देने की घोषणा की।

1797 आवेदनों का हुआ निराकरण

पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड एवं कालीमाता वार्ड में आज के शिविर में इन दोनों वार्डों में 1965 आवेदन शिविर में मिले, जिनमें से 1797 आवेदन तत्काल निराकृत कर दिये गये। 260 आय प्रमाणपत्र तत्काल बनाकर दिये गये। स्वास्थ्य बीमा आयुष्मान कार्ड 65 बनाकर प्रदत्त किये। नये श्रमिक कार्ड 32, नये राशन कार्ड 42, नया आधार कार्ड 18, कोविड टीका 27 नागरिको को लगाया गया। मोर महापौर मोर द्वार अभियान के तहत अब तक विगत 27 जून से आज 11 जुलाई तक 13 दिनों में 26 वार्डो में लगाये गये शिविर में 9321 आवेदन प्राप्त हुए है, जिसमें 8010 आवेदनों को तत्काल निराकृत किया गया है। दस्तावेज पूर्ण न होने पर 11 आवेदन अस्वीकृत किये गये है। 1300 आवेदनों को निदान हेतु प्रक्रिया में लिया गया है जिसमें 600 आवेदन मतदाता परिचय पत्र बनाने के शामिल है।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा 15 जुलाई को

■ जिले में 24 परीक्षा केन्द्रों पर 10 हजार से अधिक अभ्यर्थी होंगे शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी, सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, दंत शल्य चिकित्सक एवं निरीक्षक वाष्पयंत्र के पदों पर भर्ती के लिए चयन परीक्षा 15 जुलाई दिन शुकवार को ली जाएगी। यह परीक्षा दो पालियों मे होगी। होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी, सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, दंत शल्य चिकित्सक पदों पर भर्ती के लिए पहली पाली में सुबह 10 बजे से 11 बजे तक एवं दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक परीक्षा होगी। निरीक्षक वाष्पयंत्र पद पर भर्ती के लिए पहली पाली में सुबह 10 से 11 बजे तक और दूसरी पाली में दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए जिले में प्रशासनिक तैयारियां पूरी हो गई है। आयोग द्वारा जिले में निर्धारित 24 परीक्षा केन्द्रो में यह परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा में प्रथम पाली में 10 हजार 10 परीक्षार्थी और दूसरी पाली में 363 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

कलेक्टर कार्यालय में बना कंट्रोल रूम- परीक्षा के लिए कलेक्टर कार्यालय में कक्ष क्रमांक 6 पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 0771-2413233 है। इस दूरभाष पर फ ोन कर अभ्यर्थि अन्य जानकारी भी प्राप्त कर सकेंगे। परीक्षा के दौरान सभी परीक्षार्थियों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों को कोविड-19 के महामारी के निर्देशानुसार सोशल डिस्टेसिंग, सेनेटाईजेशन, मास्क पहनना एवं अन्य सभी दिशा निर्देशो का पालन करना अनिवार्य होगा। परीक्षा के लिए जिला प्रशासन द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को शामिल करते हुए 9 उड़नदस्ता दल भी बनाए गए है।

प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 18 को

कांकेर/नवप्रदेश। जिला रोजगार कार्यालय परिसर में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 18 जुलाई को प्रातः 11 बजे से आयोजित किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी बीआर ठाकुर ने जानकारी दी है कि निजी क्षेत्र के नियोजक द्वारा 118 रिक्तियों के आधार पर भर्ती किया जायेगा, जिसमें रेटेयल बैंक मित्र के 08, पीकर के 20, लोडर के 10, सेविंग मशीन ऑपरेटर के 50 और हेल्पर के 30 पदों पर भर्ती किया जायेगा। जिले के इच्छुक आवेदक प्लेसमेंट कैंप में अपना सम्पूर्ण बायोडाटा के साथ उपस्थित होकर आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों के आधार पर नियोक्ता द्वारा प्राथमिक चयन कर साक्षात्कार लिया जायेगा। जिसकी सूचना फोन के माध्यम से आवेदकों को दिया जायेगा।

जनचौपाल में विभिन्न ग्रामों से समस्या लेकर पहुंचे ग्रामीणजन

कांकेर/नवप्रदेश। जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जन चौपाल में अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य को जिले के विभिन्न गांवों से पहुंचकर नागरिकों द्वारा अपनी समस्या, शिकायत और मांग संबंधी आवेदन प्रस्तुत कर निराकरण करने की गुहार लगाये। अंतागढ़ तहसील के प्राथमिक शाला बेलोण्डी में शिक्षक की मांग करने बड़ी संख्या में ग्रामीणजन जनचौपाल पहुंचे। अपर कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और निराकरण करने का भरोसा दिलाया।

जनचौपाल में बांदे निवासी दीपक विश्वास, श्रीराम नगर कांकेर के नरेन्द्र सोनी, अलबेलापारा के रामेश्वरसिंह नाग एवं अन्य ग्रामीणजन, मोतिराम साहू, अंतागढ़ तहसील के ग्राम बेलोण्डी निवासी रामसाय एवं राजूराम, गितपहर के मनोज कुमार सेवता, चारामा के वार्ड 8 निवासी धन्नालाल लांगे, मुड़खुसरा निवासी गिरधारी लाल सिन्हा, डोकला के सरपंच राजकुमारी, भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम वयनर के नरेन्द्र उसेण्डी एवं ग्रामीणजन ने आवेदन प्रस्तुत किये। अपर कलेक्टर ने उनके आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निराकरण कराने के लिए निर्देशित किये।

कलेक्टर के निर्देश पर ग्राम पिपरिया में लगा नया ट्रांसफार्मर

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर संजीव झा के निर्देश पर विकासखण्ड पोडीउपरोडा के अंतर्गत ग्राम पिपरिया के सीपत भाटापारा में बिजली की सुचारू आपूर्ति शुरू हो गयी है। कलेक्टर झा के निर्देश पर गांव में नया ट्रांसफार्मर लगा दिया गया है। ग्रामवासियों ने जन चौपाल में गांव में पर्याप्त बिजली नही मिलने की समस्या से कलेक्टर झा को अवगत कराया था। गांव में लगे पुराने ट्रांसफार्मर के बार-बार खराब होने से गांव में बिजली के कारण होने वाली परेशानियों को भी बताया था। कलेक्टर झा ने जन चौपाल में आये ग्रामिणों की बात सुनकर आवेदन को तत्काल संज्ञान में लेते हुए छत्तीसगढ राज्य विद्युत मण्डल के अधिकारियों को गांव में नया ट्रांसफार्मर लगाकर सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये थे। कलेक्टर के निर्देश उपरांत पुराने ट्रांसफार्मर को बदलकर नया ट्रांसफार्मर लगाकर विद्युत व्यवस्था बहाल कर दिया गया है। नया ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों को विद्युत आपूर्ति से संबंधित समस्याओं से निजात मिल गयी है।

क्रेडा की कार्यशाला में एनटीपीसी की गई सराहना

कोरबा/नवप्रदेश। एनटीपीसी कोरबा ने हाल ही में क्रेडा छग राज्य अक्षय ऊर्जा विकास संघ द्वारा आयोजित ऊर्जा संरक्षण पर एक कार्यशाला में भाग लिया। कार्यशाला का आयोजन ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के सहयोग से किया गया। एनटीपीसी कोरबा की टीम ने पीएटी चक्र 1 और 2 के दौरान एनटीपीसी कोरबा में आयोजित ऊर्जा संरक्षण गतिविधियों पर एक प्रस्तुति दी। एन के अंसारी अपर महाप्रबंधक ऐश हैंडलिंग की अध्यक्षता में 4 सदस्यीय टीम द्वारा प्रस्तुति दी गई। टीम के सदस्य शुक्ला दास, अपर महाप्रबंधक संचालन, वामशी कृष्णा के ईईएमजी और मोहित गुप्ता प्रबंधक संचालन थे। ऊर्जा संरक्षण गतिविधियों के लिए एनटीपीसी कोरबा द्वारा किए गए प्रयासों की कार्यशाला के प्रतिभागियों और क्रेडा ने सराहना की। क्रेडा टीम द्वारा छत्तीसगढ़ में विभिन्न उद्योगों द्वारा की गई विभिन्न गतिविधियों और अब तक की उपलब्धियों के संबंध में एक प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया था।

मुख्यमंत्री वृक्षारोपण योजना के तहत आनी के 21 एकड़ बंजर भूमि में छाई हरियाली

- **औषधीय पौधों की मातृवाटिका, फलोद्यान के साथ आक्सीजोन बन रहा वन प्रदर्शन क्षेत्र**

बैकुण्ठपुर /नवप्रदेश। – कोरिया जिले के मुख्यालय बैकुण्ठपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग 43 के निकट ग्राम पंचायत आनी में 21 एकड़ वन प्रदर्शन प्रक्षेत्र अब हरियाली को नई पहचान देकर दर्शनीय हो रहा है। यहां प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री भूपेष बघेल की मंशा के अनुरूप एक नई पहल करते हुए मुख्यमंत्री वृक्षारोपण योजना के तहत एक वर्ष पूर्व वन प्रदर्शन प्रक्षेत्र बनाया गया है। पहले पूरी तरह से बंजर पड़ी इस भूमि में घास का एक तिनका भी नहीं होता था वहां अब औषधीय महत्व के हजारों पौधों के साथ मिश्रित वन में होने वाले सभी वर्ग के पौधों की हरियाली से आक्सीजोन बन रहा है। आने वाले समय में यह एक दर्शनीय स्थल होगा। विदित हो कि एक वर्ष पूर्व जिले के प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू ने इस वन प्रदर्शन प्रक्षेत्र में पहला पौधा लगाकर इसका औपचारिक आरंभ किया था। तब ग्राम पंचायत आनी के 21 एकड़ बंजर क्षेत्र को मुख्यमंत्री वृक्षारोपण के लिए चयनित किया गया था। यहां कुल 21 एकड बंजर भूमि को प्रदेश के पहले वन प्रदर्शन प्रक्षेत्र के रूप में विकसित किया गया है। जिले के प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू के हाथों गत वर्ष 4 जुलाई को किया गया। इसमें फलदार पौधों की वाटिका के साथ इमारती और शोभनीय पौधों का विस्तारित वन क्षेत्र तैयार किया गया है साथ ही इसमें 20 हजार से ज्यादा की संख्या में औषधीय महत्व के पौधों का रोपण अंतवर्तीय तरीके से किया गया है।

इस संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए कलेक्टर कोरिया कुलदीप शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री जी की मंशानुरूप जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण योजना का बेहतर क्रियान्वयन हो सके इसके लिए एक मानक प्रदर्शन प्रक्षेत्र और मातृवाटिका (नर्सरी) बनाई गई है। महात्मा गांधी नरेगा, जिला खनिज न्यास मद सहित अन्य विभागीय योजनाओं के अभिसरण से ग्राम पंचायत आनी के एक बड़े क्षेत्रफल को वन प्रदर्शन प्रक्षेत्र का स्वरूप प्रदान किया गया है। इसमें पशुओं के आश्रय स्थल के साथ ही चारागाह का विकास भी किया गया है। इसके लिए 5 एकड़ भूमि आरक्षित की गई है। इसके साथ ही 10 एकड़ में फलोद्यान तैयार किया जा रहा है। इस फलोद्यान में अच्छी उपज देने वाले आम, नींबू, कटहल, सीताफल, जामुन, लीची, अमरूद आंवला आदि पौधों का क्षेत्रवार रोपण किया गया है। उन्नत फलोद्यान के साथ ही लगभग 20 अलग-अलग तरह के औषधीय महत्व के पौधों की मातृवाटिका तैयार की गई है। इन औषधीय पौधों की मातृवाटिका में वन अजवाइन, सतावर, वनतुलसी, जंगली प्याज, जंगली लहसुन, पत्थरचटा, पत्थरचूर्ण, स्टीविया, एलोवेरा जैसे विभिन्न खूबियों वाले लगभग 20 अलग-अलग तरह के पौधों की वाटिका तैयार की गई है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार अगले आने वाले प्रत्येक वर्ष में लगभग 80 हजार से लेकर 1 लाख तक औषधीय पौधे इस मातृवाटिका से प्राप्त किए जा सकेंगे। कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि कोरिया जिले में यह अपने आप में अलग तरह का प्रयास है जिससे जिले को एक अलग पहचान मिलेगी। साथ ही इस वन प्रदर्शन क्षेत्र में कोरिया जिले के वनों में मिलने वाले सभी प्रजाति के पौधों को तैयार किया गया है। यहां प्रदेश में मिलने वाली कुल 43 विभिन्न प्रजातियों के लगभग 10 हजार पौधे का रोपण किया गया है, इनमें मुख्य रूप से सागौन, षीषम, साल, बीजा, तिन्सा, बरगद पीपल हल्दू खम्हार, नीलगिरी जैसे सभी प्रजातियों को लगाया गया है।

बेहतर होगा कल, आज ही करें हम मिलकर पहल

- **पीएचसी रामभांठा में हुआ विश्व जनसंख्या दिवस का आयोजन**

रायगढ़/नवप्रदेश। महापौर जानकी काटजू के मुख्य आतिथ्य में जिला रायगढ़ के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामभांठा में विश्व जनसंख्या दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को परिवार नियोजन की अस्थायी विधि के बारे में जानकारी व निःशुल्क सेवा प्रदाय की गई। इस मौके पर महापौर ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस हर वर्ष 11 जुलाई को मनाया जाने वाला कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य जनसंख्या संबंधित समस्याओं पर वैश्विक चेतना जागृत करना है। उन्होंने कहा कि बेहतर होगा कल, जब आज ही हम सब इसे मिलकर करेंगे पहल। उन्होंने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस का उद्देश्य विभिन्न जनसंख्या मुद्दों पर लोगों की जागरूकता बढ़ाना है जैसे कि परिवार नियोजन, लिंग समानता, गरीबी, मातृ स्वास्थ्य और मानव अधिकारों का महत्व के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने योग्य दम्पत्तियों को सम्मानित कर उन्हें उपहार भेंट किए।

जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के अंतर्गत 27 जून से 10 जुलाई तक दम्पत्ति संपर्क पखवाड़ा मनाया गया। इस दौरान मितानिनों के सहयोग से हितग्राहियों को उनके व उनके परिवार की खुशहाली बनाये रखने के लिये उन गर्भवती माताओं को पहले बच्चे के प्रथम एएनसी जांच के दौरान उसी समय से परिवार नियोजन के बारे समझाईश व जानकारी के बारे में बतायी गई।

सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी और स्त्रीरोग चिकित्सक द्वारा अवगत कराया कि मालाएन, कॉपरटी-380, अंतरा इजेक्शन, छाया, ई-पिल्स जैसे अस्थायी साधन व स्थायी साधन में एलटीटी आपरेशन पश्चात महिला मरीज को 24 घंटे के लिए भर्ती किया जाता है। एनएसव्हीटी पुरूष नसबंदी है बिना चीरा टांका के साथ किया जाता है जिसमें आपरेशन पश्चात मरीज को उसी दिन डिस्चार्ज किया जाता हैं। एनएसव्हीटी सभी शासकीय संस्थानों में निःशुल्क प्रदाय किया जाता है। स्वास्थ्य विभाग के एएनएम, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन के सहयोग से आज सास बहू सम्मेलन का आयोजन कर पात्र जो अंतरा इंजेक्शन, कॉपरटी, मालाएन, छाया का उपयोग करने वाले हितग्राही को उपहार स्वरूप अस्थायी साधनों की जानकारी देते हुए प्रदाय किया गया तथा परिवार नियोजन की अस्थायी विधि के बारें में विस्तृत जानकारी स्त्रीरोग चिकित्सक डॉ.काकोली पटनायक द्वारा दी गई जिनके द्वारा जनसामान्य को परिवार नियोजन की इन विधियों के लाभ से सुरक्षित उपाय व सही जानकारी से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित डॉक्टरों ने बताया कि परिवार नियोजन की विधि अपनाने से हर परिवार सुखी बन सकता है और जो भी मिथ्या एवं भ्रांतियां व अफवाहें होती है उन पर ध्यान न देकर चिकित्सकीय परामर्श व सलाह लें। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी डॉ.एसएन टोप्पो, डॉ. राजेश मिश्रा, डॉ. राकेश वर्मा, मीडिया प्रभारी उमा महंत तथा अन्य अधिकारी /कर्मचारी उपस्थित हुए।

भाजयुमो व महिला मोर्चा ने नम आंखों से जांजगीर की बेटी को दी श्रद्धांजलि

सूरजपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता युवा मोर्चा और महिला मोर्चा द्वारा जांजगीर के अकलतरा में हुए जगन घटना की निंदा करते हुए श्रद्धांजलि सभा का कार्यक्रम किया गया। जिसमें भारतीय जनता युवा मोर्चा व महिला मोर्चा के संयुक्त नेतृत्व में सूरजपुर जिला मुख्यालय में भाजपा कार्यालय से कैंडल मार्च निकाल कर श्रद्धांजलि दी और प्रदेश की बहन, बेटी व महिलाओं के सम्मान में सरकार के विरुद्ध नारेबाजी किया। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के अकलतरा में एक महिला के साथ हुई जघन्य घटना के खिलाफ जिला भाजपा कार्यालय से कैंडल मार्च निकालकर शहर के सभी प्रमुख मार्गो से होते हुए अग्रसेन चौक में समाप्त कर वहां मृतिका महिला को श्रद्धांजलि दी और प्रदेश सरकार की कमियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए व्यंग कसा गया कि जब से उनकी सरकार छत्तीसगढ़ में आई है तब से छत्तीसगढ़ की बहन बेटी सुरक्षित नहीं है। इस कैंडल मार्च व श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान भाजयुमो प्रदेश महामंत्री रितेश गुप्ता, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रविंद्र भारती, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष लक्ष्मी राजवाड़े, भाजपा जिला महामंत्री राजेश महलवाला, भाजपा जिला मंत्री संदीप अग्रवाल, श्यामा पांडेय, जिला कोषांध्यक्ष थलेश्वर साहू, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष अजय अग्रवाल, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नितेश सोनी, मुकेश साहू (छोटू), मन्नी बग्गा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सूरज सेट्ठी, यशवंत सिंह, जिला मंत्री राजेश साहू, देव गुप्ता, सिद्धार्थ तिवारी, अभय तिवारी आदि शामिन थे।

कल से शुरू होगा ग्रीन कोरिया अभियान

- **वृहद स्तर पर होगा पौधरोपण और उनकी सुरक्षा भी की जाएगी सुनिश्चित'**
- **रोका-छेका अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश**

बंदोबस्त त्रुटि सुधार के लिए टीम का किया जाएगा गठन

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशों के अनुपालन में तिरंगा पट्टा अभिलेखीकरण तथा बंदोबस्त त्रुटि सुधार किया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर ने विशेष निर्देश देते हुए टीम गठन करने कहा। ऐसे ग्राम पंचायत जहां बंदोबस्त त्रुटि सुधार की आवश्यकता है, वहां आरआई और पटवारियों की टीम बनाकर निराकरण किया जाएगा

कोरिया/नवप्रदेश। कलेक्टर कुलदीप शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिले में ग्रीन कोरिया अभियान की कार्ययोजना पर चर्चा की और इसके प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। 14 जुलाई से जिले में सभी विकासखंडों में पौधरोपण शुरू किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि पौधरोपण के साथ ही उसकी सुरक्षा भी सुनिश्चित करें। इस अभियान के तहत जिले के हर विकासखंड में लगभग 14 साइट का चयन किया गया है। जहां पौधरोपण होगा। इसमें जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ नागरिकों को भी शामिल किया जाना है। सुपोषण बाड़ी तैयार करने के लिए मुनगा और पपीता के पौधे रोपण के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे।

कलेक्टर श्री शर्मा ने संबंधित विभागों को रोका-छेका अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौठान मवेशियों के लिए डे केअर सेंटर की तरह हैं। उन्हें गौठान में लाएं। कलेक्टर ने पशुधन विभाग को गौठानों में पशु चिकित्सा शिविर आयोजन की जानकारी ली।

मंत्री लखमा के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कांग्रेसियों ने भाजपा विधायक का फूंका पुतला

- **पूर्व मंत्री व भाजपा विधायक अजय चंद्राकर के बयान से मचा बवाल**

बीजापुर/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर द्वारा जिला मुख्यालय बीजापुर में भाजपा विधायक अजय चंद्राकर का पुतला दहन किया गया।

कुछ दिनों पूर्व में भाजपा विधायक ने प्रदेश के आबकारी मंत्री कवासी लखमा के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी जिसके विरोध में आज बीजापुर में भाजपा विधायक अजय चंद्राकर का पुतला दहन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन में बस्तर विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक विक्रम मण्डावी रहे मौजूद। विधायक विक्रम मण्डावी ने कहा कि भाजपा विधायक के द्वारा हमारे मंत्री कवासी लखमा के खिलाफ अभद्र टिप्पणी किया गया जिसके विरोध में पूरा बस्तर व पूरा छग में विरोध किया जा रहा है, इसलिए विरोध स्वरूप में आज पुतला दहन किया गया है।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग
राष्ट्रीय राजमार्ग मण्डल बिलासपुर (छ.ग.)

नि.आ.सू. क्रमांक : 02/सा./2022-23 — बिलासपुर, दिनांक 08.07.2022

निविदा आमंत्रण सूचना
(प्रथम आमंत्रण)

आनलाईन निविदाएं कार्यपालन अभियंता, लो.नि.वि. रा.रा. संभाग अंबिकापुर (छ.ग.) के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु दिनांक 18.07.2022 तक आमंत्रित की जाती है :-

स.क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (राशि लाख में)
1	2	3
01-	METAL SUPPLY AND MAINTENANCE WORK IN KM. 469.300 TO 531.250 PATHALGAON TO KUNKURI SECTION KATNI KUMLA ROAD N.H. 43.	रु. 25.00

निविदा प्रपत्र आनलाईन लोक निर्माण विभाग के वेबसाईट http://cgstate.gov.in से दिनांक 18.07.2022 तक क्रय की जा सकेगी। अन्य विवरण उपरोक्त वेबसाईट पर देखे जा सकते हैं।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग रा.रा. मण्डल बिलासपुर (छ.ग.)

जी-92880/4

प्रथम पृष्ठ का शेष

सीएम भूपेश हिमाचल के ...

सीनियर आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। टीएस सिंह देव और मिलिंद देवड़ा आब्जर्वर बनाए गए हैं। इन दोनों प्रदेशों में इस साल नवम्बर-दिसम्बर में विधानसभा के चुनाव होने हैं।

गुजरात में भाजपा का एकछत्र राज : गुजरात विधानसभा की 182 सीटों पर चुनाव प्रस्तावित है। पिछले चुनाव में यहां की 111 सीटों पर भाजपा ने कब्जा कर सरकार बनाई। वहीं 64 सीटों पर कांग्रेस का कब्जा है। 1990 में कांग्रेस यहां की सत्ता से बाहर हुई तो अब तक यहां भाजपा का एकछत्र राज्य है। कांग्रेस को यहां अभी भी खोई हुई जमीन की तलाश है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भरोसे भाजपा यहां जीत सुनिश्चित करने में कोई कसर छोड़ना नहीं चाहती।

हिमाचल प्रदेश...

आदमी पार्टी ने भी हिमाचल में ताकत झोंक रखी है। पड़ोसी पंजाब की सत्ता में होने से उनकी ताकत भी बढ़ी है।

शपथ लेने के अगले...

जिनका इस्तेमाल केंद्र सरकार की तरफसे किया जा रहा है ह्यउन्होंने कहा, 'मैं दूसरे पक्ष के चुने हुए प्रतिनिधियों से कहना चाहता हूं कि वे भी हालात पर विचार करें और जो सही है वह करहें। देश जिन हालात का सामना कर रहे हैं उन्हें देखते हुए राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव असामान्य स्थिति में हो रहे हैं। सांप्रदायिक तनाव है और कई राज्यों में चुनी हुई सरकारों को हटाने की कोशिश की जा रही है। हाल ही में ऐसा महाराष्ट्र और गोवा में देखा गया।'

शॉर्टकट की राजनीति...

हमारे देश के सामने एक ऐसी चुनौती आ खड़ी हुई है, जिसे हर देशवासी को जानना और समझना है. ये चुनौती है, शॉर्टकट की राजनीति की. बहुत आसान होता है लोक लुभावने वादे करके, शॉर्टकट अपनाकर लोगों से वोट बटोर लेना.

मोदी ने कहा कि आज हम एक कार्य संस्कृति, एक राजनीतिक संस्कृति और एक शासन मॉडल लाए हैं जिसमें हम हर उस चीज का उद्घाटन करते हैं जिसकी हम आधारशिला रखते हैं.मुझे हवाई अड्डे की आधारशिला रखने के लिए देवघर जाने का अवसर मिला और आज मैंने इसका उद्घाटन किया. पहले 2-3 सरकारों के बाद ही परियोजनाएं पूरी हो पाती थीं.

यूएन सुरक्षा परिषद...

मुताबिक 2050 में 1.668 अरब होगी, जो सदी के मध्य तक चीन की अनुमानित 1.317 अरब आबादी से बहुत आगे है। संयुक्त राष्ट्र के सामाजिक व आर्थिक मामलों के विभाग के जनसंख्या विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट में कहा गया कि वैश्विक जनसंख्या 15 नवंबर, 2022 को आठ अरब तक पहुंचने का अनुमान है। वैश्विक जनसंख्या 1950 के बाद से सबसे धीमी गति से बढ़ रही है। वर्ष 2020 में यह घटकर एक प्रतिशत से भी कम रह गई।

संयुक्त राष्ट्र के सामाजिक व आर्थिक मामलों के विभाग (डीईएसए) के जनसंख्या प्रखंड के निदेशक जॉन विल्मोथ ने कहा कि सबसे ज्यादा आबादी वाले देश के रूप में उभरने से भारत का 'कुछ चीजों पर दावा' हो सकता है। भारत के चीन से आगे निकलने के प्रभाव से जुड़े सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, दुनिया में सबसे बड़ी आबादी होने का क्या महत्व है? मुझे लगता है कि चीजों पर आपके कुछ दावे हैं। मुझे आश्चर्य है कि चारों ओर चर्चा के संदर्भ में क्या होगा। संयुक्त राष्ट्र में भूमिकाएं और सुरक्षा परिषद के स्थायी पांच सदस्यों की भूमिकाएं।

केरल में आरएसएस के ...

कार्यकर्ताओं पर भी हमले हुए हैं। यह स्वीकार्य नहीं है।वहीं, केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीशन को कन्नूर की अदालत ने आरएसएस की ओर से दर्ज कराए मामले में सोमवार को नोटिस जारी किया। संघ के विचारक एम एस गोलवलकर को लेकर सतीशन के कथित बयान के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था। एक मुंसिफअदालत ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता को नोटिस जारी कर 12 अगस्त को उसके समक्ष पेश होने का निर्देश दिया।

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, जांजगीर
मुख्या. चांपा, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

निम्नांकित निविदा सूचना में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :

स. क्र.	निविदा क्र./निविदा सिस्टम नं.	कार्य का नाम	Item	Previous issue	Amendment
1.	05/व.ले.लि./2022-23 दिनांक 31.05.22 एवं सिस्टम नं.100918 (प्रथम आमंत्रण) शुद्धिपत्र क्र.-2 विज्ञापन क्र. 92430 दिनांक 23.06.2022	सारागांव कम काजवे	Bid Due date & time Bid Open Start date & time	Date 04/07/22 (Time 17:30) Date 05/07/22 (Time 11:30)	Date 19/07/222 (Time 17:30) Date 20/07/22 (Time 11:30)
2.	06/व.ले.लि./2022-23 दिनांक 31.05.22 एवं सिस्टम नं.100922 (चतुर्थ आमंत्रण) शुद्धिपत्र क्र.-2 विज्ञापन क्र. 92430 दिनांक 23.06.2022	गुंजी व्यपवर्तन योजना	Bid Due date & time Bid Open Start date & time	Date 04/07/22 (Time 17:30) Date 05/07/22 (Time 11:30)	Date 19/07/22 (Time 17:30) Date (20/07/22 (Time 11:30)

निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग जांजगीर, मुख्या. चांपा
जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

जी-92890/6

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग-बलौदाबाजार
Office Phone No. 07727-296695 Email ID: ee-res.abhanpur@nic.in

// ई-निविदा आमंत्रण सूचना क्र.-15//
(द्वितीय बार)

क्रमांक/ 1897/निविदा/ग्रा.यां.से./2022-23 — बलौदाबाजार, दिनांक 08/07/2022

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा प्रतिशत दर पर दिनांक 18.07.2022 तक ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

सिस्टम टेंडर नं.	कार्य का विवरण	ठेके की अनुमानित लागत (लाख में)	ऑनलाईन निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि
1	2	3	4
104622	Zonal Tender-1 (Different Type of Work i.e. Road, Building Concrete Works etc. but each work not exceeding cost of Rs. 10.00 lakh Block-Simga, Dist. Balodabazar-Bhatapara (C.G.)	40.00	18.07.2022

2/ निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट- 2.10 एवं निविदा दस्तावेज परिशिष्ट- 2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 08.07.2022 से देखी जा सकती है।

(ए.के. देवांगन)
कार्यपालन अभियंता
ग्रा.यां. सेवा संभाग-बलौदाबाजार
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

जी-92885/5

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

देश भर में 199 करोड़ टीके लगे

नई दिल्ली (वार्ता)। देश भर में राष्ट्रीय कोविड टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 199 करोड़ से अधिक कोविड टीके लगाए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि आज सुबह सात बजे तक 199 करोड़ 59 हजार 536 टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के 13 हजार 615 नये मरीज सामने आयें हैं। इनके साथ ही देश में कोरोना रोगियों की संख्या एक लाख 31 हजार 43 हो गयी है। यह संक्रमित मामलों का 0.30 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 3.23 प्रतिशत हो गयी है। मंत्रालय ने बताया कि इसी अवधि में 13 हजार 265 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल चार करोड़ 29 लाख 96 हजार 427 रोगी कोविड से उबर चुके हैं। स्वस्थ होने की दर 98.50 प्रतिशत है। देश में पिछले 24 घंटे में 4 लाख 21 हजार 292 कोविड परीक्षण किए गये हैं। देश में कुल 86 करोड़ 73 लाख 10 हजार 272 कोविड परीक्षण किए हैं।

मोदी ने पारस को जन्मदिन की दी बधााई

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनकी दीर्घायु की कामना की है। मोदी ने आज ट्वीट कर कहा, ÷केंद्रीय मंत्री श्री पशुपति पारस जी को जन्मदिन की बधाई। वह किसानों के कल्याण के लिए और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए एक जीवंत खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की दिशा में उत्साह से काम कर रहे हैं। मैं स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करता हूं। पारस बिहार की हाजीपुर लोकसभा सीट से राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी और दलित सेना के सांसद है।

पहली वर्चुअल आई2यू2 शिखर बैठक में भाग लेंगे मोदी

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत इजरायल, अमेरिका एवं संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के गठबंधन आई2यू2 की 14 जुलाई को होने वाली पहली वर्चुअल बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शिरकत करेंगे। बैठक में अमेरिका के राष्ट्रपति जोसेफआर बिडेन, इजरायल के प्रधानमंत्री याइर लैपिड और यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन ज़ायेद अल नाह्यान भी भाग लेंगे। मुख्यतः आर्थिक विषयों पर सहयोग पर आधारित इस आई2यू2 गठजोड़ ने गत वर्ष 18 अक्टूबर को चारों देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में आकार लिया था। शेरपा स्तर पर चारों देशों के बीच सहयोग के संभावित क्षेत्रों में आदान प्रदान बढ़ाने को लेकर वार्तालाप होता रहा है। यह गठबंधन मुख्यतः छह क्षेत्रों - पानी, ऊर्जा, परिवहन, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य एवं खाद्य सुरक्षा में संयुक्त निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए बनाया गया है। इन क्षेत्रों में निजी पूंजी निवेश एवं ढांचागत क्षेत्रों में आधुनिकीकरण, उद्योगों के लिए न्यूनतम कार्बन उत्सर्जन वाले उपाय, सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार और नवीनतम एवं प्रदूषण रहित प्रौद्योगिकी के विकास के लिए काम किया जाएगा। इस बैठक में नेताओं के बीच आई2यू2 फ्रेमवर्क के अंतर्गत संभावित संयुक्त परियोजनाओं पर चर्चा होगी और इसके साथ ही व्यापार एवं निवेश को लेकर आर्थिक साझीदारी मजबूत बनाने के उपायों पर भी बात होगी।

रुस में मंकीपॉक्स का पहला पुष्ट मामला दर्ज

मॉस्को (वार्ता/शिन्हुआ)। रूस में मंकीपॉक्स का पहला पुष्ट मामला दर्ज किया गया है। यह जानकारी देश के उपभोक्ता अधिकार और मानव कल्याण प्रहरी ने मंगलवार को दी।रूस ने मंकी पॉक्स के पहले मामले की पुष्टि की है तथा कहा गया है कि यूरोपीय देशों की यात्रा के बाद रूस लौटे एक युवक में विशेष लक्षण पाये जाने पर उसका उपचार किया गया। युवक में इसके हल्के लक्षण पाये जाने पर चिकित्सकों की निगरानी में उसे आईसोलेट किया गया है। वह खतरे से बाहर है। उन्होंने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है और इसके और फैलने की संभावना को रोक दिया गया है।

सुप्रीम कोर्ट से राजपक्षे को भागने से रोकने का आग्रह

कोलंबो (वार्ता)। श्रीलंका के पूर्व प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे और पूर्व मंत्री बासिल राजपक्षे को सर्वोच्च अदालत की अनुमति के बिना देश छोड़ने से रोकने के लिए अंतरिम आदेश देने के लिए एक प्रस्ताव दायर किया गया है। डेली मिरर की रिपोर्ट के अनुसार प्रस्ताव में सेंट्रल बैंक के पूर्व गवर्नरों अजित निवार्ड कैबराल और डब्ल्यू डी लक्ष्मण तथा वित्त मंत्रालय के पूर्व सचिव

एस आर एटिगॉल के नाम भी शामिल हैं। यह प्रस्ताव श्रीलंका के तैराक और कोच जूलियन बोलिंग और सिलोन चैंबर ऑफकॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष चंद्र जयरत्ने की ओर से दायर किया गया। याचिकाकर्ता श्रीलंका की अर्थव्यवस्था के कुप्रबंधन और वित्तीय अनियमितताओं के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफकानूनी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

अमेरिका जेसीपीओए को पुनर्जीवित करना चाहता है

वाशिंगटन (वार्ता/स्पूतनिक)। अमेरिका का बाइडेन प्रशासन संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) को पुनर्जीवित करना चाहता है और इसको वह तेहरान को परमाणु हथियार प्राप्त करने से रोकने के लिए सफल प्रयास के रूप में देखता है। शस्त्र नियंत्रण और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा राज्य के अवर सचिव बोनी जेनकिंस ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा कि बाइडेन प्रशासन जेसीपीओए के क्रयान्वयन पर पूरी तरह से लौटने की मांग कर रहा है।

और हम इस प्रयास पर काम करना जारी रखे हुए है और इसे ईरान को परमाणु हथियार से रोकने को सफल उपलब्धि के रूप में देख रहे हैं। श्री जेनकिंस इस समय रूस, ईरान और चीन सहित कई मुद्दों पर चर्चा करने के लिए नाटो और यूरोपीय संघ के समकक्षों के साथ बैठक के लिए ब्रसेल्स में हैं।

सोनी इंडिया ने नए कॉम्पैक्ट बीमफॉर्मिंग शॉटगन माइक्रोफोन ECM-B10 की घोषणा की

नई दिल्ली। सोनी इंडिया ने एक नया बीमफॉर्मिंग शॉटगन माइक्रोफोन ECM-B10 मार्केट में पेश किया है। यह नया माइक्रोफोन Sony की इंडस्ट्री में अग्रणी शार्प डायरेक्टिविटी और डिजिटल सिग्नल प्रोसेसिंग के साथ आता है, जिसे ECM-BvM के लिए जाना जाता है, जो उल्लेखनीय रूप से कॉम्पैक्ट फॉर्म फैक्टर में है।

नया थ्री-इन-वन सुपर-डायरेक्शनल माइक्रोफोन

ECM-B10 माइक्रोफोन बीमफॉर्मिंग तकनीक का इस्तेमाल करके चार हाई परफारमेंस वाले माइक्रोफोन कैप्सूल द्वारा कलेक्ट किए गए साउंड पर डिजिटल सिग्नल प्रोसेसिंग करता है। यह यूजर को ऐसे ऑडियो कस्टमाइज करने में सक्षम बनाता है जिससे अलग-अलग दिशाओं से माइक्रोफोन की सेंसेटिविटी को बढ़ाकर ऑडियो रिकॉर्ड होता है। माइक्रोफोन एक ही प्रोडक्ट में तीन प्रकार की डायरेक्शन प्रदान करता है, जिससे यूजर आसानी से सुपर-डायरेक्शनल, यूनिडायरेक्शनल और ऑम्निडायरेक्शनल के बीच स्विच कर सकता है।

सुपर डायरेक्शनल - माइक्रोफोन सामने एक संकरे क्षेत्र से साउंड कलेक्शन करता है और अन्य दिशाओं से आने वाले साउंड को दबा देता है। सुपर डायरेक्टिविटी सेटिंग इंटरव्यू, सेल्फी और अन्य स्थितियों के लिए एक बढ़िया विकल्प है जहां साउंड कलेक्शन की लिमिट सामने की ओर एक संकरी सीमा तक ही है।

यूनिडायरेक्शनल - यह यूनिडायरेक्शनल सेंसिटिविटी भी प्रदान करता है जो सामने के एक विस्तृत क्षेत्र से साउंड कलेक्शन करते समय पीछे से साउंड को दबा देता है। यह विकल्प कई लोगों के बीच होने वाली बातचीत रिकॉर्ड करने के लिए एकदम सही है।

विगत पांच वर्षो से आईसार्क भारत सरकार का सहयोगी रहा-अहूजा

कृषि मंत्रालय और अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान के बीच हुआ एमओयू

नई दिल्ली (वार्ता)। कृषि मंत्रालय और अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (आईआरआरआई) ने दक्षिण एशियाई क्षेत्र में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए, आईआरआरआई-दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय केंद्र (आईसार्क) के द्वितीय चरण की गतिविधियां प्रारंभ करने के लिए मंगलवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

कृषि मंत्रालय की ओर से सचिव मनोज अहूजा तथा आईआरआरआई की ओर से महानिदेशक डॉ. जीन बेली, ने इस एमओयू पर कृषि भवन, नई दिल्ली में हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर श्री अहूजा ने आईआरआरआई, विशेष रूप से आईसार्क की प्रसंशा करते हुए कहा कि विगत पांच वर्षो से कृषि क्षेत्र से संबंधित मुद्दों के समाधान में आईसार्क भारत सरकार का सहयोगी रहा है। यह समझौता हमारे देश और अन्य दक्षिण एशियाई क्षेत्र में कृषि एवं खाद्य क्षेत्र में सुधार के लिए मिलकर काम करने के नए तरीकों को अपनाने की प्रतिबद्धता है। संयुक्त सचिव अश्वनी कुमार ने कहा कि हम कृषि क्षेत्र में सुधार के लिए और भी अधिक सहयोग की आशा करते हैं। आईआरआरआई के महानिदेशक श्री बेली ने सरकार के साथ नए सिरे से इस साझेदारी का स्वागत करते हुए कहा कि केंद्र सरकार चावल-आधारित कृषि एवं खाद्य क्षेत्र की दक्षता, स्थिरता और समानता में सुधार करने में हमारी मुख्य रणनीतिक सहयोगी रही है। खाद्य असुरक्षा, कुपोषण और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों का सामना और बेहतर समाधान प्रदान करने के लिए डॉ. बेली ने समेकित प्रयासों और प्रतिबद्धताओं की आवश्यकता पर बल दिया। आईसार्क निदेशक डॉ. सुधांशु सिंह ने आभार जताया।

द्वितीय चरण की गतिविधियां भारत और आईआरआरआई के बीच लंबे समय तक सहयोग करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने वाराणसी के राष्ट्रीय बीज अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र परिसर में आईसार्क स्थापना को 2017 में मंजूरी दी थी। पांच वर्षो से केंद्र ने क्षेत्र में खाद्य उत्पादन को बनाए रखने में प्रमुख भूमिका निभाई है। यह अपनी अत्याधुनिक प्रयोगशाला सुविधाओं के माध्यम से निजी व सार्वजनिक क्षेत्रों के साथ-साथ अनाज की गुणवत्ता, फसल उत्पादन एवं पोषण गुणवत्ता के लिए के लिए अनुसंधान कर रहा है। आईसार्क ने चावल आधारित कृषि खाद्य प्रणालियों पर लघु पाठ्यक्रमों के माध्यम से ज्ञान हस्तांतरण को भी सक्षम बनाया है। दिसंबर 2021 में, प्रधानमंत्री ने पौधे के विकास चक्र में तेजी लाने और सामान्य परिस्थितियों में चावल की केवल एक से दो फसलों के मुकाबले प्रति वर्ष लगभग पांच फसलों के लिए आईसार्क की नई स्पीड ब्रीडिंग सुविधा (स्पीडब्रीड) का उद्घाटन किया था। यह कम समय में लोकप्रिय भारतीय चावल की किस्मों में महत्वपूर्ण लक्षणों (जैसे, कम जीआई, जैविक व अजैविक तनाव के प्रति सहनशीलता) को स्थानांतरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आईसार्क ने चावल मूल्य संवर्धन में उत्कृष्टता केंद्र भी स्थापित किया है।

भागवत सत्य साईं यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह को करेंगे संबोधित

नई दिल्ली (वार्ता)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत बुधवार को कर्नाटक में श्री सत्य साई यूनिवर्सिटी फॉर ह्यूमन एक्सीलेंस के प्रथम दीक्षांत समारोह को संबोधित करेंगे।

यह विश्वविद्यालय आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि से आने वाले पहली पीढ़ी के ग्रामीण शिक्षार्थियों को पूर्णतया निःशुल्क शिक्षा प्रदान करता है। विश्वविद्यालय की ओर से, श्री भागवत 1974 और 1998 में भारत के शांतिपूर्ण परमाणु परीक्षणों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले परमाणु भौतिक विज्ञानी डॉ आर चिदंबरम, इसरो के पूर्व प्रमुख के कस्तूरीरंगन और क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी सुनील गावस्कर सहित छह प्रतिष्ठित नागरिकों को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु से लगभग 40 किलोमीटर दूर सत्य साई विश्वविद्यालय के मुद्दनहल्ली परिसर में मानद डॉक्टरेट प्रदान करेंगे।

विश्वविद्यालय के संस्थापक सद्गुरु मधुसूदन साई ने एक वक्तव्य में बताया कि 13 जुलाई को उनके परिसर में पहले दीक्षांत समारोह में डॉ भागवत का आतिथ्य करना लिए सम्मान की बात होगी। समारोह में वह विज्ञान, अंतरिक्ष, परमाणु प्रौद्योगिकी, संगीत, खेल और सामाजिक विकास के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले छह प्रतिष्ठित भारतीय नागरिकों को डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान करेंगे। सद्गुरु मधुसूदन साई के वक्तव्य में कहा गया है कि संघ प्रमुख वैदिक शिक्षा प्रदान करने वाले परिसर के एक विद्यालय- वेद गुरुकुलम् का भी अवलोकन करेंगे। विश्वविद्यालय ने प्रतिष्ठित भारतीय नागरिकों जैसे एक प्रख्यात परमाणु भौतिक विज्ञानी पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित डॉ चिदंबरम को सम्मानित करने के लिए चुना है। जियोसिंक्रोनस उपग्रह प्रक्षेपण के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अंतरिक्ष वैज्ञानिक और इसरो के पूर्व प्रमुख डॉ के कस्तूरीरंगन और विश्व स्तर पर संसार के शीर्ष क्रिकेटरों और कमेंटेटरों में से एक प्रख्यात क्रिकेट खिलाड़ी सुनील गावस्कर, प्रख्यात संगीतविद् और पद्म पुरस्कार से सम्मानित एम वेंकटेश कुमार को डॉक्टरेट से सम्मानित किया जाएगा।

मस्क और ट्रम्प के बीच जुबानी जंग तेज

वाशिंगटन (वार्ता)। टेस्ला इंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच जुबानी जंग तेज हो गयी है। ट्रंप और श्री मस्क के बीच विवाद की शुरुआत अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति के उस दावे से हुई जिसमें उन्होंने कहा था कि मस्क ने उन्हें वोट दिया है। श्री मस्क ने हालांकि इस दावे का खंडन करते हुए कहा कि यह 'सच नहीं है'। इसके बाद श्री ट्रंप ने श्री मस्क को ÷अनदर बुल्स*** आर्टिस्ट÷ लिखा। इसके जवाब में श्री मस्क ने कहा कि अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति को 2024 में राष्ट्रपति पद की दौड़ को भूल जाना चाहिए। यह बात 10 जुलाई को उस समय सामने आयी जब श्री मस्क ने ट्विटर सौदे से 44 अरब डॉलर के सौदे से अपने हाथ खींच लिए और सौदा समाप्त करने के बात कही। स्पूतनिक की रिपोर्ट के अनुसार पिछले हफ्ते श्री मस्क ने खरीद समझौते के कई उल्लंघनों के कारण अधिग्रहण सौदे को समाप्त करने की घोषणा की थी। जिसमें ट्विटर द्वारा स्पैम और नकली खातों के व्यापक विश्लेषण को पूरा करने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करने में कथित अक्षमता भी शामिल है। श्री ट्रम्प ने अलास्का में एक कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि ÷उसने (एलन मस्क) दूसरे दिन कहा कि मैंने कभी किसी रिपब्लिकन को वोट नहीं दिया। मैंने कहा, 'मुझे यह नहीं पता था कि वह मुझसे कह रहे हैं कि उसने मुझे वोट दिया है। वह एक मझा हुआ कलाकार है। उन्होंने कहा कि कौन जानता है कि क्या होने वाला है। मैंने उसके अनुबंध को देखा वह अनुबंध हमारे योग्य नहीं है इसके जवाब में श्री मस्क ने दो टूक शब्दों में टिप्पणी की यह 'सच नहीं' है।

द. कोरिया में कोरोना के 37360 नए मामले दर्ज

सोल (वार्ता/शिन्हुआ)। दक्षिण कोरिया में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमण के 37360 नए मामले सामने आने से संक्रमितों की संख्या बढ़कर 1,85,61,861 हो गयी है। स्वास्थ्य अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कोरिया रोग नियंत्रण और निवारण एजेंसी के अनुसार, पिछले दिन में दैनिक मामलों में 12693 तक की वृद्धि हुई थी और एक सप्ताह पहले कोरोना मामलों में 18136 उछाल आया था। एजेंसी के मुताबिक, पिछले एक हफ्ते में दैनिक मामलों की कुल संख्या 21,136 थी। कोरोना के नए मामलों में से 260 विदेश से आए संक्रमित यात्री हैं, जो कुल संख्या बढ़कर 37,615 हो गई है। दक्षिण कोरिया में अब कोरोना के 74 सक्रिय मामले हैं।

एमएक्स प्लेयर ने फिल्म आश्रम के लिए जीता 'दादासाहेब फाल्के एक्सीलेंस अवाड्र्स 2022'

नई दिल्ली (वार्ता)। एमएक्स प्लेयर ने हाल ही में आयोजित 'दादासाहेब फाल्के एक्सीलेंस अवाड्र्स 2022' में मंच और इसकी ऑरिजनल सीरीज, 'आश्रम' के लिए तीन पुरस्कार जीते हैं। इस साल दादासाहेब फाल्के की 151वीं वर्षगांठ का जश्न मनाते हुए, मुंबई में आयोजित पुरस्कार समारोह के 18 वें संस्करण में ओटीटी, टीवी और फिल्मों के प्रतिष्ठित निर्माता, निर्देशक, अभिनेता, लेखक, संगीतकार, तकनीशियन, वितरक, प्रदर्शक और स्टूडियो मालिक मौजूद रहे।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया, ÷एमएक्स प्लेयर को सर्वश्रेष्ठ ओटीटी प्लेटफॉर्म से सम्मानित किया गया, मंगलवार को प्रकाश झा को वेब-सीरीज आश्रम के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक और चंदन रॉय सान्याल को शो में भोपा स्वामी के रूप में उनके चित्रण के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार दिया गया। एमएक्स प्लेयर के चीफऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) निखिल गांधी ने कहा, एमएक्स प्लेयर में प्रासंगिक और मजबूत कथाएं एक ही समय में दर्शकों को सोचने और मनोरंजन करने की क्षमता रखती हैं। 'दादासाहेब फाल्के एक्सीलेंस अवाड्र्स 2022,' भारत और दुनिया भर में हमारे दर्शकों के लिए बेहद सराहनीय है। प्रकाश झा और चंदन रॉय सान्याल को भी उनकी जीत के लिए हमारी ओर से बधाई है। एमएक्स प्लेयर ने तीन जून को 'आश्रम' का तीसरा सीजन लॉन्च किया था। इस शो को रिलीज होने के 32 घंटे के अंदर ही 10 करोड़ व्यूज मिल चुके थे। प्रकाश झा द्वारा निर्देशित फिल्म आश्रम में अभिनेता बॉबी देओल, अभिनेत्री अदिति पोहनकर, चंदन रॉय सान्याल, दर्शन कुमार, ईशा गुप्ता, सचिन श्रॉफ अध्ययन सुमन, त्रिधा चौधरी, विक्रम कोचर, अनुरिता के झा, रुशाद राणा, तन्मय रंजन, सहित कलाकार शामिल हैं और प्रीति सूद, राजीव सिद्धार्थ, अनुप्रिया गोयंका और जया सील घोष मुख्य भूमिकाओं में हैं।

भीमा-कोरेगांव : वरवरा राव को 19 जुलाई तक राहत

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने भीमा-कोरेगांव एल्गार परिषद मामले के आरोपियों में शामिल 82 वर्षीय वरवरा राव को उनके खराब स्वास्थ्य के आधार पर मिली अंतरिम जमानत अवधि को अगली सुनवाई 19 जुलाई तक के लिए बढ़ा दी।

न्यायमूर्ति उदय उमेश ललित की अध्यक्षता में मंगलवार को तीन सदस्यीय खंडपीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि वह स्थाई जमानत की याचिका पर अगली सुनवाई 19 जुलाई को करेगी और तब तक याचिकाकर्ता की अंतरिम जमानत बरकरार रहेगी।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने राव की जमानत अवधि बढ़ाने का पीठ के आदेश का विरोध नहीं किया। इसके बाद पीठ ने अगली सुनवाई 19 जुलाई को मुकर्रर की तथा तब तक राव को अंतरिम राहत प्रदान की।

राव को खराब स्वास्थ्य के कारण बॉम्बे उच्च न्यायालय द्वारा दी गई पहली अस्थायी 'चिकित्सा जमानत' आज समाप्त होने वाली थी। इस वजह से उन्होंने (राव) शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

जाने-माने कवि एवं सामाजिक कार्यकर्ता राव ने अपने खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए चिकित्सा के आधार पर स्थाई जमानत की गुहार उच्च न्यायालय से लगाई थी, जिसे अस्वीकार कर दिया गया था। याचिकाकर्ता राव ने उच्च न्यायालय के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी है।

दो गुटों के बीच फायरिंग में दो की मौते, चार घायल

इस्लामाबाद(वार्ता/शिन्हुआ)। पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के मुजफ्फराबाद जिले में मंगलवार को दो गुटों के बीच हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गयी और अन्य चार घायल हो गये।

स्थानीय सूत्रों से मिली रिपोर्ट के अनुसार दो विरोधी गुटों में तकरार के बाद गोलियां चलायी गयीं। एक गुट ने आरोप लगाया कि दूसरा गुट पुलिस के लिए उनकी जासूसी करता है जिससे उनके परिवार के एक सदस्य को गिरफ्तार किया गया है। घायलों को निकट के अस्पताल ले जाया गया, जहां दो जख्मी लोगों की हालत गंभीर है। गोलीबारी की घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गयी और दोनों गुटों के आरोपियों की तलाश के लिए अभियान शुरू कर दिया गया है।

वी, परीक्षा के साथ साझेदारी में वी ऐप अपने यूजर्स के लिए लाया अग्निवीर पाठ्यक्रम सामग्री

मुंबई। इस साल भारतीय सैन्य बलों के लिए अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया की शुरूआत के साथ वोडाफ़ोन आइडिया लिमिटेड (वी) ने वी ऐप के वी जॉब्स एण्ड एजुकेशन प्लेटफॉर्म पर अग्निवीर पाठ्यक्रम सामग्री उपलब्ध कराने की घोषणा की है।

वी भारत के युवाओं को अग्निवीर सहित विभिन्न सरकारी परीक्षाओं की तैयारी में मदद करने के लिए तत्पर है, इसी के मद्देनज़र वी गहन अनुसंधान के बाद यह पाठ्यक्रम सामग्री लेकर आया है, जिसका उपयोग इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से कभी भी, कहीं भी किया जा सकता है।

वी ने हाल ही में परीक्षा के साथ साझेदारी में वी जॉब्स एण्ड एजुकेशन प्लेटफॉर्म का लॉन्च किया था, यह सभी सरकारी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अग्रणी प्लेटफॉर्म है, जो राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर युवाओं को सरकारी परीक्षाओं की तैयारी में मदद करता है।

अग्निवीर टेस्ट सीरीज़ को विशेष रूप से परीक्षा के विशेषज्ञों द्वारा कैडेट्स डीफेन्स एकेडमी, देहरादून के सहयोग से तैयार किया गया है।

वी ऐप पर अग्निवीर टेस्ट सीरीज़ में 5 टेस्ट सीरीज़ शामिल हैं, इसमें से हर सीरीज़ में 15 टेस्ट हैं जो अग्निवीर एयरफोर्स एक्स ग्रुप, अग्निवीर एयरफोर्स वाय ग्रुप, अगिनवीर एयरफोर्स एक्स एवं वाय ग्रुप, अग्निवीर नेवी एमआर और अग्निवीर नेवी एसएसआर के लिए हैं। यह आर्मी टेस्ट सीरीज़ इसी माह ऐप पर शामिल कर दी जाएगी।

कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने राज्य सरकार के इस कदम की सराहना की

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में आंध्र प्रदेश की वापसी

नई दिल्ली/विजयवाड़ा (वार्ता)। आंध्र प्रदेश ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से पुनः जुड़ने का निर्णय किया है । कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी से चर्चा के बाद राज्य सरकार ने महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री फ सल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) से पुनः जुड़ने का निर्णय लिया है। श्री तोमर ने राज्य सरकार के इस कदम की सराहना की है।

इस महत्वपूर्ण फैसले से राज्य के 40 लाख से अधिक किसानों की फसलों को प्राकृतिक आपदा की स्थिति में बीमा सुरक्षा कवच मिलेगा। तोमर ने कहा कि केंद्र सरकार ने राज्यों के सुझाव अनुसार पीएमएफ बीवाई को सरल और सुविधाजनक बनाया है। केंद्र सरकार राज्यों के साथ मिलकर किसानों की स्थिति सुधारते हुए उन्हें समृद्ध बनाने और कृषि को उन्नत खेती के रूप में बदलने के लिए निरंतर काम कर रही है। रेड्डी ने राज्य में पीएमएफबीवाई को फिर से लागू करने को लेकर केंद्र सरकार को धन्यवाद दिया है। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र से चर्चा के बाद राज्य सरकार ने प्रदेश के किसानों को पीएमएफबीवाई से जोड़ना तय किया है।आंध्र ने खरीफ2022 सीजन से पीएमएफबीवाई को लागू करने का निर्णय है। केंद्र सरकार आंध्र प्रदेश सहित देशभर के किसानों को उनकी आय- आजीविका सुरक्षित करके सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। आंध्र प्रदेश एवं अन्य राज्यों के सुझावों को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार द्वारा फरवरी-2020 में इस योजना को नया रूप देते हुए नई सुविधाओं, जैसे- सभी किसानों के लिए स्वैच्छिक नामांकन, उपज अनुमान में प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग, जोखिम कवरेज चुनने के लिए राज्यों को विकल्प एवं प्रचलित जोखिम प्रोफ इल के अनुसार बीमा राशि का भुगतान, प्रशासनिक खर्चों के लिए तीन प्रतिशत का प्रावधान किया गया। गत सात जुलाई को केंद्रीय कृषि सचिव मनोज अहूजा की अध्यक्षता में एक टीम ने मुख्यमंत्री के समक्ष योजना को लेकर एक प्रेजेंटेशन भी दिया था। आंध्र प्रदेश में पीएमएफबीवाई और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना (आर डब्ल्यू बी सी आई एस) का खरीफ2016 से खरीफ2019 तक सफलतापूर्वक कार्यान्वयन हुआ है। आज की बैठक में आंध्र की विशेष मुख्य सचिव पूनम मालकोंडइया, केंद्रीय कृषि मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव अभिलक्ष लिखी ने भी संबोधित किया। योजना के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं संयुक्त सचिव रितेश चौहान ने स्वागत भाषण और प्रेजेंटेशन दिया।

जापान में लोगों ने आबे को दी अश्रुपूर्ण विदाई

टोक्यो (वार्ता)। जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे का मंगलवार को टोक्यो में अंतिम संस्कार कर दिया गया। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार श्री आबे की आत्मा की शांति के लिए टोक्यो के ज़ोजोजी मंदिर में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कांटो क्षेत्र में स्थित ज़ोजोजी मंदिर 600 साल से भी पहले स्थापित एक ऐतिहासिक स्थल है। इस दौरान दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि देने के लिए सभी क्षेत्रों के हजारों लोग मंदिर के पास सड़कों पर उमड़ पड़े। प्रार्थना के बाद श्री आबे के पार्थिव शरीर को फ्यूनरल हॉल ले जाया गया। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक इस बीच हजार लोगों ने जापान के नारा में श्री आबे की हत्या वाली स्थल पर पुष्पांजली अर्पित कर शोक संवेदनाएं व्यक्त की।

गोधन न्याय योजना से गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्ति को लाभान्वित करने की जरूरत : कलेक्टर

- **सभी गौठान रहें सक्रिय, नियमित होनी चाहिए गोबर खरीदी**
- **मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना के तहत ग्राम पंचायतों में पौधरोपण के दिए निर्देश**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर डोमन सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सुराजी गांव योजना एवं गोधन न्याय योजना की गहन समीक्षा की। इस दौरान सभी जनपद सीईओ एवं सीएमओ वीसी के माध्यम से जुड़े रहे। कलेक्टर ने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में शत प्रतिशत गौठान स्वीकृत होने चाहिए। इसके साथ ही सभी गौठानों में गोबर खरीदी का कार्य करना है। उन्होंने कहा कि गोधन न्याय योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है। इसके लिए यह जरूरी है कि गौठान सक्रिय रहें और जरूरतमंद व्यक्ति इससे लाभान्वित हो सकें। गोबर खरीदी के बाद गोबर को सुरक्षित रखें तथा गौठानों में नियमित गोबर खरीदी जारी रहना चाहिए। ऐसे ग्राम पंचायत जहां गौठान के लिए अतिक्रमण की स्थिति हो वहां ग्राम स्तर पर निराकरण का प्रयास करें। वन विभाग के गौठानों के लिए भी कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना के तहत ग्राम पंचायतों में पौधरोपण किया जाना है। उन्होंने कहा कि गौठानों में समूह की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए आजीविका गतिविधि को बढ़ाना है। गौठानों में फैसिंग कराने के साथ सब्जी बाड़ी, मुर्गी शेड, मछलीपालन, मशरूम उत्पादन सहित विभिन्न गतिविधियां होनी चाहिए। उन्होंने गौठान की गतिविधियों के लिए अनिवार्य रूप से प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। गौठानों में समूह की महिलाओं को हल्दी, मिर्च, मसाला पीसने की मशीन भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन के कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए एक कंट्रोल रूम बनाएं जहां सुराजी गांव योजना एवं गोधन न्याय योजना से संबंधित कार्यों की मॉनिटरिंग की जा सके।

कलेक्टर ने कहा कि सभी गौठानों में चारागाह विकसित किया जाना है। जिसके लिए नेपियर घास एवं मक्का के खेती की तैयारी रखे। उन्होंने समीक्षा के दौरान सभी जनपद सीईओ को नेपियर घास लगाने के लिए विशेष तौर पर कहा। बारिश के मद्देनजर पौधरोपण करते हुए ट्री गार्ड लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार जितनी गोबर खरीदी हुई है उसी अनुपात में वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण होना चाहिए। इसके साथ ही इस बात का विशेष ध्यान रखें कि जिस दिन गोबर खरीदी हो उसकी एन्ट्री उसी दिन कराएं। उन्होंने रोका-छेका अभियान के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि गांव की फसलों को सुरक्षित रखने के लिए शासन के मंशानुरूप यह पारंपरिक अभियान चलाया गया है। 10 जुलाई से 20 जुलाई तक यह अभियान रहेगा। इसके लिए तैयारी रखते हुए चरवाहे की नियुक्ति करें। गांव में मवेशियों को खुले में न छोड़कर गौठान में रखा जाए, इसके लिए गांव के लोगों से चर्चा करते हुए कार्य योजना बनाएं। राज्य शासन के निर्देशानुसार कृषि में गौमूत्र के उपयोग हेतु गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गौमूत्र के उत्पाद बनाए जाएंगे। जिसके लिए गौमूत्र संग्रहण का कार्य प्रारंभ किया जाना है। इसके लिए गौठानों का चिन्हांकन कर लें। उन्होंने नगरीय निकायों में गोबर खरीदी के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे गौठान जहां डबरी निर्माण किया जा सकता है, वहां डबरी निर्माण करते हुए मत्स्य पालन को प्रोत्साहन दें जहां डबरी निर्माण नहीं हो पा रहा है वहां बॉयोफ्लॉक कल्चर के माध्यम से मत्स्य पालन करें। उन्होंने कहा कि सभी जनपद सीईओ प्रति मंगलवार दोपहर 1.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक जन चौपाल लेंगे। कोविड टीकाकरण के कार्य को गति देना है। इसके लिए गांव में विशेष रूप से मुनादी एवं प्रचार-प्रसार कराएं। राजीव युवा मितान क्लब के कार्यों में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि खुले में बोर नहीं होना चाहिए। इसका निरीक्षण करें और इसके लिए प्रमाण पत्र भेज दें। उन्होंने मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना, आयुष्मान कार्ड एवं अन्य योजनाओं के लिए समन्वय करते हुए कार्य करने के लिए कहा। गौठानों में मुर्गी शेड, वर्मी टांका, मछलीपालन, गौठान में रोपे गए पौधों की संख्या, मत्स्य पालन के लिए तालाब, अमृत सरोवर, वृक्षारोपण कार्यक्रम, नरवा के कार्य, चारागाह एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम, जैविक खाद उत्पादन एवं विक्रय की प्रगति, गोबर क्रय, गौठानों में सिलाई मशीन की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली।

जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने कहा कि गोबर खरीदी के अनुपात में ही वर्मी टांका होना चाहिए। मत्स्य पालन के लिए तालाब निर्माण किया जाना है। चारागाह विकसित करने के लिए अभी सही समय है इसके लिए कार्य करें।

उन्होंने कहा कि रोका-छेका अभियान के अंतर्गत फसलों की सुरक्षा के लिए सभी को कार्य करना है। सभी गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट के अलावा 3 तरह की गतिविधियां होनी चाहिए। उन्होंने कार्यों में गति लाने के लिए कहा। इस अवसर पर उप संचालक कृषि जीएस धुर्वे, उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ. राजीव देवरस, उप संचालक हाथकरघा इंद्राज सिंह, सहायक संचालक मत्स्य पालन गीतांजलि गजभिये, जनपद सीईओ रोशनी भगत, जिला पंचायत के अधिकारी एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

8 मिलर्स से कस्टम मिलिंग की अधिक भुगतान राशि की हुई वसूली

- **दो मिलर्स से वसूली की कार्यवाही जारी**

रायगढ़/नवप्रदेश। 10 राईस मिलर्स को कस्टम मिलिंग का दोहरा भुगतान के संबंध में खबरे प्रकाशित हुयी थी। जिसके संबंध में जिला विपणन अधिकारी शंभू गुप्ता ने बताया कि कस्टम मिलिंग बिल का भुगतान मुख्यालय के ऑनलाईन मॉड्यूल के आधार पर ही किया जाता है। चूंकि खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 का कस्टम मिलिंग भुगतान हेतु मुख्य बिल के उपरांत एनआईसी द्वारा पूरक बिल बनाने हेतु प्रावधान किया गया था। ऑनलाईन मॉड्यूल में कुल 127 पूरक देयक तैयार किया गया। जिसमें 10 राईस मिलर्स को कस्टम मिलिंग बिल मॉड्यूल के तकनीकी त्रुटिवश अधिक भुगतान होना पाया गया। साथ ही इस प्रकार की आधिक्य भुगतान राज्य के अन्य चार जिलों में भी पाया गया। अधिक भुगतान के संबंध में मुख्यालय को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया तथा सभी 10 मिलर्स को वसूली के संबंध में आदेश जारी किया गया। जिसमें से आज दिनांक तक 8 मिलर्स द्वारा चेक/आरटीजीएस के माध्यम से राशि वापस जमा कर दिया गया है। शेष दो मिलर्स द्वारा भी 2-3 कार्य दिवस में राशि जमा करने हेतु समय मांगी गयी है। उक्त सभी मिलर्स 2020-21 एवं 2021-22 में भी पंजीकृत है, जिसकी कस्टम मिलिंग की राशि भुगतान किया जाना शेष है। यदि मिलर्स द्वारा राशि जमा नहीं किया जाता है तो, इस स्थिति में आगामी वर्ष 2020-21 के कस्टम मिलिंग बिल से कटौती किया जा सकता था। चूंकि कस्टम मिलिंग ऑनलाईन बिल मॉड्यूल के आधार पर कस्टम मिलर्स को मुख्यालय द्वारा भुगतान किया जाता है। श्री बालाजी राईस मिल, बरमकेला के पूरक बिल निरस्त करने के संबंध में मुख्यालय को पत्र के माध्यम से अवगत करा दिया गया था, जिसके पश्चात सभी मिलर्स के बिलों को पुनः चेक करने पर उक्त 10 राईस मिलर्स के बिल में आधिक्य भुगतान की जानकारी हुई तथा इस संबंध में उक्तानुसार 8 मिलर्स से अधिक भुगतान की राशि वसूली हो चुकी है एवं शेष दो मिलर्स की वसूली दो-तीन कार्य दिवस में हो जाएगी।

इन मिलर्स से हुई वसूली

जिन 10 राईस मिलर्स को कस्टम मिलिंग बिल मॉड्यूल के तकनीकी त्रुटिवश अधिक भुगतान हुआ और उनमें से 8 राइस मिलर्स से वसूली हो चुकी है। इनमें रायगढ़ जिले के अनुराग ट्रेडर्स, गोपाल राईस मिल, गौरीशंकर राईस मिल, जगदीश राईस मिल प्राइवेट लिमिटेड, जय हनुमान राईस मिल, जगदीश राईस मिल प्रा.लि, मां अन्नपूर्णा राईस मिल, श्री राधा कृष्ण फेरो एलॉय प्राइवेट लिमिटेड राइसमिल शामिल है। शेष 2 राइस मिलर्स श्री बालाजी राईस मिल एवं श्री श्याम राईस मिल से वसूली की कार्यवाही जारी है।

भारत सरकार के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज का आज से 4 दिवसीय कोरबा दौरा

- **जिले में केन्द्र सरकार की योजनाओं की करेंगे समीक्षा, विकास कार्यो का भी लेंगे जायजा**

कोरबा/नवप्रदेश। भारत सरकार के अंतर्गत ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह 13 से 16 जुलाई तक कोरबा प्रवास पर रहेंगे। श्री सिंह का 13 जुलाई को कोरबा आगमन होगा। केन्द्रीय मंत्री 14 जुलाई को सुबह 10 बजे भूमि संसाधन विभाग, भारत सरकार द्वारा प्लेनरी हॉल विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित नेशनल वाटर शेड कॉन्फ्रेंस में जिला पंचायत कार्यालय कोरबा से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से शामिल होंगे। इसके पश्चात जिला प्रशासन के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। साथ ही जिला पंचायत सभा कक्ष में भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के साथ वार्तालाप करेंगे। श्री सिंह रात्रि आठ बजे घंटाघर चौक में स्थानीय मीडिया चैनल के साथ साक्षात्कार कार्यक्रम में शामिल होंगे।

केंद्रीय मंत्री श्री सिंह 15 जुलाई को सुबह साढ़े आठ बजे से विकास कार्य स्थलों का दौरा करेंगे। दोपहर 12 बजे रजकम्मा गांव में दौरा कर वार्तालाप में शामिल होंगे। दोपहर तीन बजे कोरकोमा गांव में दौरा कर वार्तालाप में शामिल होंगे। इसके पश्चात शाम साढ़े चार बजे प्रेस क्लब तिलक भवन में प्रेस कान्फ्रेंस कार्यक्रम में मीडिया कर्मियों से वार्ता करेंगे। 16 जुलाई को केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह रायपुर होते हुए दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

जल जीवन मिशन के तहत 469 गांवों में शुरू होगी समूह जल प्रदाय योजना

- **राज्य जल संसाधन उपयोग समिति ने दी मंजूरी**
- **पांच उद्योगों को भी मिलेगा पानी**

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य के 469 गांवों में जल जीवन मिशन के तहत समूह जल प्रदाय योजना के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। साथ ही पांच उद्योगों पॉवर संयंत्रों को भी जरूरत का पानी उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय जल संसाधन उपयोग समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया है।

बिलासपुर के विकासखण्ड कोटा के 21 ग्रामों की चपोरा-बाराडीह-बानाबेल समूह जल प्रदाय योजना के लिए चांपी जलाशय योजना की मुख्य नहर से पानी दिया जाएगा। महासमुंद जिले के विकासखण्ड महासमुंद में 48 ग्रामों की समोदा-अछोला समूह जल प्रदाय योजना के लिए महानदी पर निर्मित समोदा बैराज से पानी दिया जाएगा। मुंगेली जिले के विकासखण्ड पथरिया के 34 गांवों की सांवा-बिरबिरा समूह जल प्रदाय योजना के लिए शिवनाथ नदी पर निर्मित मदकू एनीकट से पानी दिया जाएगा। जिला कोण्डागांव के विकासखण्ड कोण्डागांव में 23 ग्रामों के घोड़ागांव-जोबा समूह जल प्रदाय योजना के लिए कोसारटेडा जलाशय से पानी दिया जाएगा। मुंगेली जिले के लोरमी, मुंगेली पथरिया विकासखण्ड के 206 गांवों की खुड़िया समूह जल प्रदाय योजना के लिए मनियारी नदी/मनियारी जलाशय (खुड़िया बांध) से पानी की आपूर्ति की जाएगी। बेमेतरा जिले के बेरला विकासखण्ड के 61 ग्रामों की मोतिमपुर समूह जल प्रदाय योजना के लिए शिवनाथ नदी की मोतिमपुर विरोड़ा एनीकट से पानी उपलब्ध कराया जाएगा। सूरजपुर जिले के भैयाथान विकासखण्ड के पहाड़अमोरन में 33 गांवों की सारासोर समूह जल प्रदाय योजना के लिए महानदी से पानी दिया जाएगा। भैयाथान विकासखण्ड के ग्राम पासल में 43 गांवों की झिलमिली समूह जल प्रदाय योजना के लिए रेड़ नदी से पानी दिया जाएगा।

सीवायएफ ने मुख्यमंत्री भूपेश का किया सम्मान

- **सीवायएफ के कार्यों की मुख्यमंत्री ने की सराहना**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सोमवार को यहां उनके निवास कार्यालय में क्रिश्चियन यूथ फैलोशिप 96 बैच के पदाधिकारियों व सदस्यों ने सौजन्य मुलाकात की। सीवाएफ ने जांजगीर-चांपा के पिहरिद गांव के राहुल साहू की जिंदगी बचाने में मुख्यमंत्री बघेल के प्रयासों की प्रशंसा कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

सीवाएफ ने सामाजिक विषयों पर चर्चा की। उन्होंने बैच द्वारा पूर्व में किए व वर्तमान के कार्यों की जानकारी मुख्यमंत्री को दी। मुख्यमंत्री ने टीम के समाज सेवा के कार्यों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने सिविल सर्विसेस की महिला हॉकी टीम कप्तान डॉ. अंजुम रहमान व टीम को भी शुभकामनाएं दीं, जिसने राष्ट्रीय स्तर पर टॉप थ्री में जगह बना कर ट्राफी जीती। मुख्यमंत्री बघेल से मुलाकात के दौरान सीवाएफ के जॉन राजेश पॉल, राजेश लाल, सुदेश दास, रचना काल्टन, रूचि धर्मराज, मंजूल राशि जॉन, सुहैल अहसान, कुलदीप सिंह, विनोद लाल, शोमरोन केजू, जेनिस दयाल, रीना अहसान, सालेम सिंग, दीपक गिडियन, मनीष दयाल, फ्रेंकी मैनुएल और प्रमोद लाल भी मौजूद थे।

शतरंज ओलंपियाड टॉर्च रिले के 16 जुलाई को रायपुर आगमन की तैयारियां प्रारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। शतरंज ओलंपियाड टॉर्च रिले के छत्तीसगढ़ आगमन पर भव्य स्वागत की तैयारियां जोर-शोर से प्रारंभ कर दी गई हैं। शतरंज ओलंपियाड टॉर्च रिले 16 जुलाई को सुबह 8.40 बजे राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पहुंचेगी। जहां से यह ओलंपियाड मशाल रायपुर शहर का भ्रमण करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम स्थल पहुंचेगी। इस दौरान टॉर्च रिले का तेलीबांधा चौक व नगर घड़ी चौक पर भव्य स्वागत होगा। टॉर्च रिले शहर के भ्रमण के बाद पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम पहुंचेगी, जहां अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गौरतलब है कि शतरंज ओलंपियाड के 95 साल के इतिहास में भारत को पहली बार 44वें शतरंज ओलंपियाड की मेजबानी मिली है। यह भारत में आयोजित होने वाला अब तक का सबसे बड़ा खेल आयोजन होगा।

प्रतिपूर्ति राशि गबन करने वालो पर होगी समय सीमा के भीतर कार्यवाही

- **डीपीआई ने जेडी को बनाया जांच अधिकारी**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शिक्षा का अधिकार कानून के अंतर्गत प्रायवेट विद्यालयों में गरीब बच्चों को पढ़ाने के लिए सरकार प्रायवेट विद्यालयों को प्रतिवर्ष प्रतिपूर्ति राशि देती है। इस राशि की भुगतान को लेकर विगत कुछ वर्षो से गड़बड़ी की लगातार शिकायतें हो रही है, लेकिन जिला स्तर पर जिम्मेदार अधिकारियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया, तो शिकायतकर्त्ता ने संचालक के समक्ष लिखित शिकायत कर प्रतिपूर्ति राशि गबन करने वालों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की, तो संचालक ने संयुक्त संचालक, दुर्ग को बनाया जांच अधिकारी और प्रकरण को टीएल में रखा गया है। यानि डीपीआई ने मामले को बहुत गंभीरता से लिया है और एक सप्ताह में जांच कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है।

शिकायतकर्त्ता 22 जून को नवपदस्थ सचिव डॉ. एस. भारती दासन के समक्ष उपस्थित होकर जब दस्तावेजी साक्ष्य के साथ रविन्द्रनाथ टैगोर स्कूल, विकासखंड छुईखदान की लिखित शिकायत कर एफआईआर मांग की गई तो सचिव महोदय ने प्रकरण को समय सीमा के भीतर जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया था, जिसके बाद दिनांक 30 जून को लोक शिक्षण संचालनालय ने संयुक्त संचालक दुर्ग को जांच अधिकारी बना कर समय-सीमा के भीतर यानि एक सप्ताह के भीतर जांच कर कार्यवाही कर डीपीआई को सूचित करने का निर्देश दिया है।

बीते दिनों गौतम टेकनो, विकासखंड मोहला को एक लाख सैंतालिस हजार प्रतिपूर्ति राशि ट्रांसफर करने की भी शिकायत हुई थी, क्योंकि शिकायतकर्त्ता का कहना था कि इस स्कूल का नाम आरटीई वेबपोर्टल में पंजीकृत ही नहीं है और बताया गया है कि इस स्कूल में आरटीई के 21 बच्चे पढ़ रहे है, जबकि यह स्कूल के संचालकगण स्कूल बंद कर वर्ष 2019 से फरार है।

आठ बिन्दुओं पर हुई शिकायत

1. रविन्द्रनाथ टैगोर स्कूल वर्ष 2019 के बाद खुला ही नहीं, लेकिन इस स्कूल को कागजों में संचालित कर लाखों रुपए प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान किया गया।
2. इस स्कूल को कागजों में संचालित कर 120 बच्चों को प्रवेश दिलाने का दावा किया गया।
3. इस स्कूल में अध्ययनरत आरटीई के बच्चे आज कहां है, इसकी जानकारी नोडल और डीईओ के पास नहीं है।
4. इस स्कूल के दस्तावेजों को जप्त कर पालकों का बयान दर्ज हो।
5. इस स्कूल को मान्यता देकर आरटीई वेबपोर्टल में पंजीकृत कैसे कराया गया, जबकि यह स्कूल विगत तीन वर्षो से बंद है।
6. इस स्कूल के नाम से दो और स्कूल संचालित है उनकी भी जांच की जावे।
7. इस संगठित अपराध में प्राचार्य, नोडल, डिलिंग क्लर्क और जिला शिक्षा अधिकारी की संलिपतता की जांच की जावे।
8. इस जांच में जिला स्तर के अधिकारी को शामिल ना किया जावे।

अज्ञात वाहन की ठोकर से एक युवक की मौत

खरोरा/नवप्रदेश। तिल्दा विकासखंड में एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। तिल्दा विकासखंड के ग्राम भरूवाडीह कला निवासी नीलकंठ साहू पिता सालिक राम साहू उम्र 45 वर्ष का छडिया पचरी मार्ग में एक अज्ञात वाहन की ठोकर से दर्दनाक मौत हो गई, बताया जा रहा है कि मृतक युवक नीलकंठ साहू ग्राम बरडीह के बाड़ी के काम से निवृत्त होकर वापसी गृह निवास भरुवाडीह कला बाईक क्रमांक 22 यू 5251 से जा रहा था इसी दरमियान ग्राम छडिया पचरी मार्ग पर चीर घर के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, मृतक युवक सिर पर हेलमेट पहना हुआ था, सड़क हादसा के इस मामले पर खरोरा पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 304 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।